खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम : 12°C

देहरादून, रविवार 23 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 106 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# आईएसआई कनेक्शन वाला हथियार तस्करी नेटवर्क पकड़ा

## पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये मंगाते थे हथियार, लॉरेंस-गोगी जैसे गैंगस्टरों को करते थे सप्लाई

## पुलिस ने गिरोह से जुड़े चार तस्करों को किया गिरफ्तार, तुर्की व चीन में बने 10 पिस्टल बरामद

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पुलिस ने 92 जिंदा कारतूस बरामद किए

■ गिरफ्तार मनदीप, अजय, दलविंदर और रोहन पंजाब और यूपी के रहने वाले

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को आईएसआई कनेक्शन वाले एक बड़े इंटरनेशनल हथियार तस्करी नेटवर्क का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जो पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये हाईटेक हथियार मंगवाकर लॉरेंस, गोगी जैसे गैंगस्टरों को सप्लाई करते थे। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, उन्हें इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर दिल्ली में हथियार सप्लाई करने वाले हैं।

इसके बाद रोहिणी एरिया में ट्रैप बिछाकर आरोपियों को पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से तुर्की और चीन में बने 10 हाई-टेक पिस्टल और 92 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस का कहना है कि बरामद किए गए हथियार बहुत आधुनिक हैं और इनके पीछे बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था। इससे लग रहा है कि यह तस्करी का संगठित और हाई-फंडेड मॉड्यूल था। पुलिस के मुताबिक यह रैकेट पाकिस्तान से ऑपरेट हो रहा था। हथियार पहले तुर्किये और चीन से पाकिस्तान पहुंचाए जाते, फिर वहां से ड्रोन के जरिये पंजाब में गिराए जाते थे। इसके बाद इन्हें यूपी और पंजाब के तस्करों की मदद से दिल्ली और आसपास के राज्यों तक भेजा जाता था और इसे लॉरेंस, बंबिहा, गोगी और हिमांशु भाऊ गैंग को पहुंचाया जाता था। नेटवर्क हवाला के जरिये पाकिस्तान पैसा भेजता था। गिरफ्तार आरोपी पंजाब और यूपी के रहने वाले हैं। इनका नाम मनदीप, अजय, दलविंदर और रोहन है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि अब तक कितनी खेप भारत में भेजी जा चुकी है और किन गैंग्स तक हथियार पहुंचे। क्राइम ब्रांच मोबाइल लोकेशन, बैंक रिकॉर्ड और सोशल मीडिया लिंक के जरिये पूरे नेटवर्क और उसके विदेशी कनेक्शन की जांच कर रही है। 10 नवम्बर को लाल किला मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पास शाम 6:52 बजे हुए कार ब्लास्ट में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है और 20 से ज्यादा घायल हैं। इस आतंकी साजिश में अब तक 6 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। दरअसल 10 नवम्बर को दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट के बाद देशभर में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। राजधानी दिल्ली से लेकर सीमावर्ती राज्यों तक बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जा रहा है। कश्मीर में आतंकियों के मददगारों पर लगातार छापेमारी हो रही है, इसी क्रम में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ये नेटवर्क पकड़ा। हालांकि इसका लिंक अभी आतंकियों से सामने नहीं आया है, लेकिन गैंगस्टरों के साथ मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली ब्लास्ट: आतंकी डाक्टर्स की अलग-अलग हैंडलर को रिपोर्टिंग थी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट मामले में इंटेलिजेंस एजेंसियों ने एक बड़े अंतर्राज्यीय आतंकी नेटवर्क, हैंडलर्स की चेन और कई को-ऑर्डिनेटेड हमलों की तैयारी का खुलासा किया है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया मॉड्यूल का हर आरोपी एक अलग हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। मुजम्मिल का हैंडलर अलग था, जबकि ब्लास्ट करने वाला उमर दूसरे हैंडलर को रिपोर्ट कर रहा था। दो खास हैंडलर मंसूर और हाशिम एक सीनियर हैंडलर इब्राहिम के अंडर काम कर रहे थे, जो मॉड्यूल की पूरी एक्टिविटीज को सुपरवाइज कर रहा था। ये सभी हैंडलर लेयर्स में काम कर रहे थे।

### बर्फ से ढंका बद्रीनाथ धाम, उत्तराखंड में जमने लगी झील

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ धाम में गुरुवार को नवम्बर की पहली बर्फबारी हुई थी। इसके बाद पूरा मंदिर परिसर बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया। यहां का तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। चमोली जिले की ही शेषनेत्र झील भी जम गई है। वहीं 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पिथौरागढ़ का आदि कैलाश इलाके में भी बर्फबारी हुई है। इससे इलाके की सभी झीलें जम गई हैं। इलाके की सुंदरता को देखने पर्यटक भी पहुंच रहे हैं। इधर, राजस्थान में सप्ताह भर बाद सर्दी से राहत मिली है।

# दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप के नियम और कड़े हुए

शाह टाइम्स ब्यूरो



प्रदूषण से निपटने की कवायद तेज, वर्क फ्रॉम होम पर सरकार करेगी फैसला

नई दिल्ली। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के उपायों और उनकी निगरानी के लिए बने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रैप) के नियमों को और कड़ा कर दिया है, जिसके बाद मौजूदा परिस्थितियों में राज्य सरकारों को सरकारी और निजी कार्यालयों में आधे कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने पर फैसला करना होगा। ग्रैप के तहत चार चरणों के प्रावधान हैं।

जैसे-जैसे प्रदूषण का स्तर बढ़ता है क्रमशः चरण-1, 2, 3 और 4 लागू होता है। आयोग के आदेश से 11 नवम्बर से दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप का तीसरा चरण लागू है। आयोग ने शुक्रवार को नियमों में जो बदलाव किए हैं उसके तहत स्टेज-4 के कुछ प्रावधान अब स्टेज-3 का हिस्सा बन गए हैं। एनसीआर और राष्ट्रीय राजधानी टेरिटरी प्रशासन के अधीनस्थ सरकारों को सरकारी, स्थानीय निकायों के और निजी कार्यालयों के 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति -**शेष पृष्ठ दो पर**

# यूपी में अवैध घुसपैठियों के लिए बनेंगे अस्थायी डिटेंशन सेंटर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने दिए जिलाधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जनपद में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं। इन केंद्रों में विदेशी नागरिकता के अवैध व्यक्तियों को रखा जाएगा और आवश्यक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी होने तक वहीं आवास सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिटेंशन सेंटर में रखे गए अवैध घुसपैठियों को तय प्रक्रिया के तहत उनके मूल देश भेजा जाएगा।

### बिजनौर डीएम के खिलाफ जमानती वारंट जारी

**लखनऊ।** उप्र में प्रयागराज उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने नोटिस रिसीव होने के बावजूद मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय से संपर्क कर अपना जवाब न दाखिल करने पर कड़ा रुख अपनाते हुए बिजनौर जिले की जिलाधिकारी जसजीत कौर के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। अदालत की ओर से आदेश की प्रति शनिवार को दी गई है। अदालत ने बिजनौर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को आदेश दिया है कि वारंट को तामील कराकर अगली सुनवाई पर जिलाधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। न्यायमूर्ति मनीष कुमार की एकल पीठ ने यह आदेश विक्रम सिंह द्वारा दाखिल अवमानना याचिका पर दिया है।

# परमाणु क्षेत्र में निजी कंपनियों के प्रवेश का खुलेगा रास्ता



■ संसद में सरकार लाएगी 10 नए बिल, बिलों में सबसे महत्वपूर्ण है परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू होने जा रहा है और सरकार इस बार 10 नए विधेयक (बिल) पेश करने की तैयारी में है।

इनमें सबसे महत्वपूर्ण है परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025, जो देश के नागरिक परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का रास्ता बनाएगा। अब तक यह क्षेत्र पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहा है। सरकार का कहना है कि यह नया कानून परमाणु ऊर्जा के उपयोग और उसके नियमन से जुड़े ढांचे को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे देश में ऊर्जा उत्पादन और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है। सत्र के एजेंडे में हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ इंडिया बिल भी शामिल है। लोकसभा के बुलेटिन के मुताबिक यह बिल ऐसे आयोग की स्थापना करेगा, जो विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों को अधिक स्वायत्तता दे, उन्हें स्वतंत्र और स्वयं-शासित संस्थान बनने में मदद करे और मान्यता की प्रक्रिया को पारदर्शी और मजबूत बनाए। यह प्रस्ताव काफी समय से सरकार की योजना में रहा है और अब इसे आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकार कुछ पुराने कानूनों को भी आसान और आधुनिक बनाने की दिशा में कदम उठाने जा रही है। इसमें कई अहम बिल शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### 2027 में पुन: बनेगी भाजपा की सरकार: अपर्णा यादव

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शनिवार को कहा है कि 2027 के विधानसभा चुनावों में प्रदेश में पुन: भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। श्रीमती यादव ने अमेठी के रामलीला मैदान में आज मीडिया से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा साल के 365 दिन आम नागरिकों के हितों को लेकर कार्य करने में जुटी रहती है। उन्होंने बिहार चुनाव में भाजपा की जीत को लेकर कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने विकास का रास्ता चुना है। सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास इसी मूल मंत्र के साथ हम लोगों ने बिहार में विधानसभा चुनाव में ऐतिहा. सिक जीत हासिल किया है।

### रक्षा सचिव ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल वीरेंद्र वत्स ने शनिवार को यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर एनसीसी की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि एनसीसी रविवार को अपना 78वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है, जिसके उपलक्ष्य में देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की शुरुआत करते हुए आज राष्ट्रीय युद्ध स्मारक एक भव्य पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया जिसमें एनसीसी की ओर से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तीनों सेनाओं की तीन एनसीसी बालिका कैडेटों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के वीरों के सम्मान के लिए वरिष्ठ नेतृत्व के साथ शामिल हुईं।

# कॉरपोरेट पुनर्गठन को स्टांप ड्यूटी के दायरे से बाहर लाएंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कैबिनेट प्रस्ताव तैयार जल्द मिलेगी मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार कॉरपोरेट पुनर्गठन (मर्जर-डीमर्जर) को स्टांप ड्यूटी के दायरे में लाने की तैयारी में है। इसके लिए स्टांप एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव लगभग अंतिम चरण में पहुंच गया है और माना जा रहा है कि इसे जल्द ही मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा जाएगा।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों के अनुसार नई नीति से राज्य को सालाना लगभग 2,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो सकती है। अधिकारियों ने बताया कि योगी आदित्यनाथ सरकार इस बार निर्णायक कदम बढ़ाने को तैयार है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद संशोधन विधेयक विधानसभा की शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। स्टांप एवं पंजीकरण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कॉरपोरेट पुनर्गठन को स्टांप ड्यूटी के दायरे में लाने के लिए कैबिनेट नोट तैयार कर लिया गया है। इसे एक सप्ताह के भीतर सरकार को भेजा जाएगा। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कंपनियों के कॉरपोरेट पुनर्गठन के दौरान संपत्ति, शेयर, नकद अथवा अन्य परिसंपत्तियों के हस्तांतरण पर कोई स्टांप ड्यूटी लागू नहीं होती है।

# बिहार जीत के बाद यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही यूपी बीजेपी के नए अध्यक्ष के नाम का कर सकता है ऐलान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में एक बार फिर नए प्रदेश अध्यक्ष और संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है।

भाजपा सूत्रों की मानें तो बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली शानदार सफलता के बाद अब केंद्रीय नेतृत्व जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष के नाम का एलान कर सकता है। बिहार में राजग की सरकार बनने के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी बड़े संगठनात्मक बदलावों का दौर शुरू होगा। भाजपा आलाकमान दिसम्बर तक प्रदेश को नया अध्यक्ष दे सकता है और इसके साथ ही योगी 2-0 मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार भी किया जाएगा। भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में भाजपा को पिछले लगभग 11 महीने से नए प्रदेश अध्यक्ष का इंतजार है। यह नियुक्ति कभी महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में उपचुनाव, तो कभी हालिया बिहार चुनाव के चलते अटकी हुई थी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार चुनाव के नतीजों के बाद ही उत्तर प्रदेश में बदलाव करने का फैसला टाल रखा था। अब आलाकमान बिना किसी ज्यादा देरी के दिसम्बर तक सरकार और संगठन में जरूरी बदलाव कर देगा। सूत्रों की मानें तो प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जिन नामों पर मंथन चल रहा है उनमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह, धर्मपाल सिंह, का नाम तेजी से चल रहा है। ब्राह्मण चेहरे के तौर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी इस कतार में शामिल हैं। हालांकि चुनावों को देखते हुए संगठन की तरफ से अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) पर दाव लगाने की संभावना ज्यादा है। इस लिहाजा से स्वतंत्रदेव सिंह या केशव मौर्य के नाम पर पार्टी दाव लगा सकती है। बिहार में संपन्न हुए चुनाव में भाजपा आलाकमान ने केशव प्रसाद मौर्य को पहले सह प्रभारी नियुक्त किया फिर केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिया। भाजपा के इस कदम की वजह से उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में चर्चा है कि श्री मौर्य को प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इधर, प्रदेश अध्यक्ष के अलावा उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार की भी अटकलें तेज से लगाई जा रही हैं। सूत्रों की माने तो पहले संगठन नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति करना चाहता है जिसके लिए संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार किया जाएगा। भाजपा सूत्रों की मानें तो अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव और उसके बाद 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार होना है। अभी उत्तर प्रदेश में नियम के अनुसार छह और मंत्री बनाए जा सकते हैं। केंद्रीय नेतृत्व अगड़ा, पिछड़ा और दलित समीकरण बैठाने की तैयारी में जुटा है। पूर्व पंचायतीराज मंत्री भूपेंद्र चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने और पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के केंद्र सरकार में मंत्री बनने के कारण कैबिनेट मंत्री के पद रिक्त हैं। वर्तमान में, मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों सहित कुल 54 मंत्री हैं, जबकि अधिकतम 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इसका मतलब है कि मंत्रिमंडल के लिए छह पद खाली हैं।

## यूपी-एनसीआर में प्रदूषण से राहत दिलाने के लिए उठाया कदम

# डीजल ऑटो रिक्शा के संचालन पर रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो



**योगी सरकार की बड़ी पहल 31 दिसंबर 2025 तक पूरी तरह से बंद होगा संचालन**

■ गौतमबुद्ध नगर , गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़ , शामली बुलंदशहर और मुजफ्फरनगर में भी लगेगी रोक

**लखनऊ ।** यूपी-एनसीआर में आम नागरिक को प्रदूषण से राहत प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग की ओर से डीजल ऑटो-रिक्शा पर पाबंदी लगाई जा रही है। गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में डीजल ऑटो-रिक्शा का संचालन पूरी तरह बंद कर किया जाएगा।

इसके अलावा जनपद बागपत में डीजल ऑटो-रिक्शा का संचालन 31 दिसंबर 2025 तक पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया गया है। मेरठ क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण ने प्रतिबंधित वाहनों के लिए नए परमिट जारी करने और परमिट के नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। आगामी 31 दिसंबर, 2026 तक मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर और शामली जिलों में भी आटो-रिक्शा संचालन को चरणबद्ध तरीके बंद किया जाएगा।

एनसीआर के उत्तर प्रदेश वाले हिस्से में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए योगी सरकार ने एक व्यापक और परिणामकारी कार्य योजना तैयार की है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क की धूल को प्रदूषण का सबसे बड़ा कारण मानते हुए एक्शन प्लान तैयार किया गया है। मुख्य रूप से एक्शन प्लान, सड़क खंडों के पुनर्विकास, धूल नियंत्रण और साफ-सफाई को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उत्तर प्रदेश सरकार ने इस विस्तृत अभियान के लिए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के प्रमुख सचिव को मुख्य नोडल अधिक. ारी नियुक्त किया है। राज्य स्तर पर एक परियोजना निगरानी इकाई (पीएमयू) भी बनाई गई है, जिसकी अध्यक्षता इसी विभाग के सचिव करेंगे। इस इकाई में शहरी विकास, लोक निर्माण, आवास एवं शहरी नियोजन तथा औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास विभाग के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, ताकि योजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सड़क पर धूल कम करने के लिए एंटी-स्मॉग गन, स्प्रिंकलर और यांत्रिक सफाई से जुड़े अन्य उपाय भी अपना रहे हैं। यह कार्य एनसीआर-यूपी में वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मुख्यमंत्री योगी ने किया माघ मेला सफल होने के लिए गंगा पूजन

**प्रयागराज।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज पहुंचकर मेला क्षेत्र में स्टीमर से माघ मेले की तैयारियों को जायजा लिया और साथ ही साइबेरियन पक्षियों को दाना खिलाया। योगी ने 11 ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार के बीच संगम नोज पर गंगा पूजन किया। मां गंगा को दूध अर्पित किया। मुख्यमंत्री ने सबसे पहले योगी सिविल लाइंस के होटल कान्हा-श्याम पहुंचे। यहां उच्च न्यायालय के सीनियर न्यायाधीश एमसी त्रिपाठी की बेटी के शादी कार्यक्रम में शामिल हुए। योगी ने दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद दिया। करीब 30 मिनट तक कार्यक्रम में रुकने के बाद भाजपा विधायक हर्षवर्धन बाजपेई के घर पहुंचे। यहां हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। यहां से सीधे मुख्यमंत्री माघ मेला क्षेत्र पहुंचे।

# दो वाहनों की भिड़ंत में तीन युवकों की जान गई

अमेठी, वार्ता




उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में थौरा गांव के पास देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार वाहन और मोटरसाइकिल में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे युवक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार को प्राप्त जानक. ारी के अनुसार कल देर रात महाराजपुर निवासी शेरा लाल कोरी पुत्र स्वर्गीय राम समुझ कोरी के घर से बारात पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर गांव गई थी। इसी बारात में शामिल होने महाराजपुर निवासी टिकू सिंह(32), बजरंग सिंह (25)और बृजेश सिंह (29) हारीपुर गांव गए हुए थे। देर रात तीनों युवक मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहे थे। जब वे थौरा गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम वाहन ने मोटरसाइकिल पर जोरदार टक्कर मार दी। अमेठी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों शवों को कब्जे में लिया और पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना की सूचना जैसे ही मृतकों के गांव पहुंची। घरों में मातम छा गया और परिजन रो-रोकर बेहाल हो गए।



सेंसेक्स 84673.02
निफ्टी 25910.05



सोना रु. 124120
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 160900
प्रति किलो



# एयर इंडिया ने एयर कनाडा से कोडशेयर समझौता बहाल किया

नई दिल्ली, वार्ता



टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने कनाडा की एयरलाइंस एयर कनाडा के साथ कोडशेयर समझौता दोबारा बहाल किया है जिससे यात्रियों को दोनों देशों के बीच यात्रा के ज्यादा विकल्प मिल सकेंगे।

एयर इंडिया ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह समझौता 02 दिसम्बर से प्रभावी होगा। इससे उसके यात्री वैंकूवर और लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे के जरिए कनाडा के छह शहरों तक एयर इंडिया की वेबसाइट से एआई कोड के साथ टिकट बुक करा सकेंगे। वैंकूवर के रास्ते एयर इंडिया के यात्री एयर कनाडा की उड़ान से कैलगरी, एडमॉन्टन, विनिपेग, मॉन्ट्रियल और हेलीफैक्स जा सकेंगे जबकि लंदन हीथ्रो के जरिए वैंकूवर और कैलगरी जाने के विकल्प उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार एयर कनाडा के ग्राहकों को दिल्ली के रास्ते अमृतसर, अहमदाबाद, मुंबई, हैदराबाद और कोच्चि तथा लंदन हीथ्रो के रास्ते दिल्ली और मुंबई जाने का विकल्प मिल सकेगा।

एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि हर साल कनाडा और भारत के बीच 20 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं। लोग अपने परिवार के मिलने के लिए, व्यापार के उद्देश्य से और पढ़ाई के लिए यात्रा करते हैं। एयर कनाडा के साथ समझौता दोबारा बहाल करने से इन लोगों को काफी आसानी होगी। कोडशेयर समझौते के कारण यात्रियों को कनेक्टिग उड़ानों के लिए एक ही टिकट बुक करानी होगी। उन्हें संयुक्त बैगेज अलाएंस का भी लाभ मिलेगा। महाराजा क्लब के सदस्यों को एयर कनाडा की उड़ानों के लिए भी सभी लाभ मिलते रहेंगे। कोडशेयर उड़ानों पर बुकिग सभी नियामकीय मंजूरियां मिलने के बाद शुरू होगी।

# तीसरे दिन कम हुई गोल्ड की चमक, चांदी भी पड़ी धुंधली

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के भाव में लगातार दबाव बना हुआ है। गोल्ड के भाव आज लगातार तीसरे दिन कम हुए हैं, तो चांदी की चमक भी लगातार तीसरे दिन फीकी पड़ी है। राजधानी दिल्ली में शनिवार को 24 कैरेट गोल्ड प्रति दस ग्राम 10 और 22 कैरट गोल्ड भी 10 सस्ता हुआ है। तीन दिनों में 24 कैरट गोल्ड के भाव प्रति दस ग्राम 890 और 22 कैरट गोल्ड के भाव 810 नीचे गिरे हैं। एक किलो चांदी दिल्ली में लगातार तीसरे दिन सस्ती हुई है। एक दिन में 6000 की उछाल के बाद तीन दिनों में एक किलो चांदी 710 नरम हुई है।

देश के महारनगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 124,120 रुपये प्रति 10 ग्राम है, तो मुंबई में 1,23,970, कोलकाता में1,23,970, चेन्नई में 1,25,010, बेंगलुरु में 1,23,970, हैदराबाद में 1,23,970, लखनऊ में 1,24,120, पटना में 1,24,020 और जयपुर में 1,24,120 रुपये प्रति 10 ग्राम है। लगातार तीन दिनों में दिल्ली में चांदी का भाव प्रति किग्रा 710 कम हुए हैं। इससे पहले एक दिन चांदी महंगी हुई थी और उस दिन इसके भाव प्रति किग्रा 6000 बढ़ थे और उससे भी पहले लगातार दो दिनों में इसके भाव प्रति किग्रा 7000 गिरे थे। शनिवार को को दिल्ली में चांदी 1,60,900 प्रति किलोग्राम में बिक रही है। आज इसके भाव प्रति किग्रा 100 गिरे हैं। मुंबई और कोलकाता में भी यह इसी भाव पर बिक रही है और आमतौर पर इन तीनों महानगरों की तुलना में अधिक भाव पर मिलने वाले शहर चेन्नई में भी यह आज इसी भाव पर है। इससे पहले तीन दिन दोनों कीमती धातुओं की कीमत बढ़ी हुई थी, जो आज रुक सी गई है। इसे लेकर निवेशक पशोपेस में हैं।

# थोक जिंस बाजार में चावल, गेहूं नरम, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़



**नई दिल्ली।** दिल्ली थोक जिंस बाजार में आवक बढ़ने से शनिवार को चावल के भाव उतर गए। गेहूं में भी नरमी रही, जबकि चीनी के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही स्थिर रहे। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 40 रुपये प्रति क्विंटल घट गया। गेहूं भी 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ।

आटे की कीमत में पांच रुपये कमी आई। उड़द दाल की औसत कीमत 14 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी, जबकि अन्य दालें सस्ती हुईं। मसूर दाल 43 रुपये और तुअर दाल 38 रुपये प्रति क्विंटल गई। मूंग दाल की कीमत 11 रुपये और चना दाल की 13 रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल के भाव 36 रुपये और पाम ऑयल के 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। सूरजमुखी तेल की कीमत कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रही। मूंगफली तेल 157 रुपये और वनस्पति आठ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आवक अध्क्तिक रहने से आज गुड़ 17 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। चीनी के भाव लगभग पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहे। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन : दाल चना 7858.64 रुपये, मसूर काली 8113. 10 रुपये, मूंग दाल 10087.75 रुपये, उड़द दाल 10380.68 रुपये, तूअर दाल 10544.11 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.14 रुपये और चावल 3819.66 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3301.38 प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4319.72 रुपये और गुड़ 4976.91 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17721.16 रुपये, मूंगफली तेल 17549.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15681.71 रुपये, सोया तेल 13808.75 रुपये, पाम ऑयल 12488.94 रुपये और वनस्पति 14468.37 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# इजरायल के कृषि मंत्री से मिले गोयल

## दोनों देश खेती-बाड़ी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अपने इजरायल दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को यहूदी राष्ट्र के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री एवी डिचर से मुलाकात की जिसमें दोनों देश खेती-बाड़ी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए।

गोयल और डिचर की बैठक के दौरान कृषि क्षेत्र में आपसी सहयोग की स्थित और उसके भविष्य पर विस्तार से चर्चा की गई। डिचर ने इजरायल के 25 साल के खाद्य सुरक्षा रोडमैप, आधुनिक बीज-वर्धन रणनीति और कृषि के लिए पानी के पुन: उपयोग की प्रौद्योगिकी में देश की अग्रणी स्थिति के बारे में जानकारी दी। गोयल पेरेस सेंटर फॉर पीस एंड इनोवेशन भी गए, जहां उन्हें इजरायल के अग्रणी प्रौद्योगिकी पारिस्थि तिकी के बारे में बताया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**दिल्ली-एनसीआर...** देने पर फैसला करना होगा। केंद्र सरकार भी अपने कार्यालयों में कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दे सकती है। स्टेज-4 के कुछ प्रावधानों को अब स्टेज-3 में शामिल किया गया है। इनमें राष्ट्रीय राजधानी टेरिटरी में सरकारों के लिए अपने कार्यालयों की टाइमिंग में अलग-अलग स्लॉट तैयार करना होता है। इसमें दिल्ली के साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर शामिल हैं। एनसीआर के अन्य इलाकों के लिए भी यह नीति लागू करना संबंधित राज्य सरकारों के लिए वैकल्पिक होता है। केंद्र सरकार भी दिल्ली-एनसीआर में अपने कार्यालयों के लिए इसी तरह का फैसला ले सकती है। अब ग्रैप के पहले चरण में ही बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी, ताकि डीजी सेट तथा अन्य वैकल्पिक साधनों के इस्तेमाल को हतोत्साहित किया जा सके। यातायात को सुगम बनाना होगा। टेलीविजन, रेडियो और समाचार माध्यमों से लोगों को सुझाव दिया जाएगा और मेट्रो तथा बसों के फेरे बढ़ाकर सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करना होगा। अब तक ये सभी प्रावधान स्टेज-2 में शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सीएक्यूएम ने 17 नवम्बर को उच्चतम न्यायालय में एक मामले की सुनवाई के दौरान नियमों में इन बदलावों का प्रस्ताव रखा था। अगली सुनवाई में 19 नवम्बर को शीर्ष अदालत ने कहा था कि आयोग को इन प्रस्तावों को लागू कर सकता है। दिल्ली में शुक्रवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 364 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' की श्रेणी में आता है।

# अब यूपी में जमीन का झगड़ा होगा खत्म

## आपके मोबाइल पर दिखेगा खेत-घर का नक्शा

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने यूपी में भूमि विवादों को खत्म करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश के गांवों के राजस्व नक्शे पूरी तरह ऑनलाइन होंगे। लोग एक क्लिक में अपने खेत, मकान या गाटे का हाई-रेजोल्यूशन सैटेलाइट नक्शा देख सकेंगे। आगामी 3-4 महीनों में यह सुविधा मोबाइल ऐप के जरिए उपलब्ध होगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी।

योगी सरकार प्रदेश के सवा लाख से अधिक राजस्व गांवों के नक्शे पूरी तरह ऑनलाइन करने जा रही है। सैटेलाइट इमेजरी से तैयार होने वाले इन हाई-रेजोल्यूशन मैप्स में 15-30 सेंटीमीटर तक की सटीकता होगी। यानी मोबाइल पर जूम करके यह भी देखा जा सकेगा कि आपके खेत की मेढ़ बिल्कुल कहां तक जाती है। राजस्व परिषद ने इस बड़े प्रोजेक्ट पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। जल्द ही इसके लिए एक खास मोबाइल ऐप भी जारी किया जाएगा। इस ऐप में लोग केवल अपना गाटा नंबर, खसरा नंबर या घर का नंबर दर्ज करेंगे और तुरंत उनकी जमीन की सैटेलाइट इमेज, पूरा नक्शा, रकबा और सीमाएं स्क्रीन पर दिखाई देंगी। राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार का कहना है कि इस व्यवस्था से जमीन से जुड़े विवादों में बड़ी कमी आएगी और लोगों को तहसील के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। अनिल कुमार ने बताया कि आने वाले 3-4 महीनों में यह सुविधा आम नागरिकों के लिए शुरू कर दी जाएगी। इसे देश का अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल लैंड रिकॉर्ड प्रोजेक्ट माना जा रहा है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और आपसी झगड़े भी खत्म होंगे। चाहे दो भाइयों के बीच सीमा विवाद हो या पड़ोसी के साथ मेढ़ को लेकर बहस। अब ऐसे मामलों से छुटकारा मिलेगा, पहले लेखपाल के पास रखे पुराने कागजी नक्शे ही सबूत होते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सैटेलाइट से ली गई ताज़ा इमेज को अंतिम सबूत माना जाएगा। कोई बहस नहीं, कोई विवाद नहीं। इसके तहत हर घर, हर कुएं और यहां तक कि हर पेड़ को भी टैग किया जाएगा। कर्नाटक में इस तरह की सुविधा आंशिक तौर पर उपलब्ध है, लेकिन यूपी में इसे बड़े स्तर पर लागू किया जा रहा है। प्रदेश में कुल 1.07 लाख से अधिक राजस्व गांव और 57,694 ग्राम पंचायतें हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## मुख्यमंत्री ने आईएएस अधिकारियों को दी साफ हिदायत

# फाइलों में देरी न हो, लक्ष्य आधारित हों निर्णयःसीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आज मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की एक अनौपचारिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य के मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन सहित सभी वरिष्ठ एवं युवा आईएएस अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक वर्तमान में चल रहे प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन के संदर्भ में थी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह किसी औपचारिक संबोधन का अवसर नहीं है, बल्कि उनकी प्रशासन के लिए संवेदनशील और आत्मीय भावनाओं को साझा करने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने अपनी 25 वर्ष की यात्रा में अनेक चुनौतियों का सामना किया है और इन उपलब्धियों के पीछे राज्य के



प्रशासनिक तंत्र की कड़ी मेहनत, निष्ठा और दूरदर्शिता का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "आप सभी ने कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और संवेदनशील प्रशासन का परिचय दिया है। इसके लिए मैं आप सभी को हृदय से साधुवाद देता हूँ।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय अधिक गति, अधिक दृढ़ता और अधिक संकल्प के साथ काम करने का है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्द "ये दशक उत्तराखंड का दशक है" का उल्लेख करते हुए कहा कि इस संकल्प को साकार करना उत्तराखंड के प्रशासन का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि आने वाले पाँच वर्ष उत्तराखंड के लिए निर्णायक होंगे और हमें राज्य को ऐसे मोड़ पर लेकर जाना है, जहाँ हर नागरिक यह महसूस करे कि राज्य निर्णायक और सकारात्मक परिवर्तन से गुजर रहा है।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा

**■ सीएम धामी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास पर आईएएस अधिकारियों की अनौपचारिक बैठक आयोजित, जनता के विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की जरूरत :सीएम**

कि प्रशासन को तेजी और पारदर्शिता के साथ काम करना होगा। हर योजना और निर्णय लक्ष्य-आधारित और जन-केंद्रित होना चाहिए। व्यवस्था ऐसी बने कि फाइलों का निस्तारण समयबद्ध हो। योजनाओं का प्रभाव जमीनी स्तर पर तुरंत दिखाई दे और हर प्रक्रिया में जवाबदेही स्पष्ट हो।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासनिक इतिहास में सूर्यप्रताप सिंह, टी. एन. शेषन, नृपेंद्र मिश्र जैसे अनेक अधिकारी ऐसे रहे हैं, जिन्होंने अपनी ईमानदारी, संकल्प और जनसेवा के माध्यम से समाज में स्थायी छाप छोड़ी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि "पद की प्रतिष्ठा आपके कार्यकाल तक है, लेकिन आपके कार्यों का सम्मान आजीवन रहता है।" उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने पद को केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज सेवा का पवित्र अवसर समझें।कार्यक्रम में मुख्य सचिव ने वर्तमान में चल रहे प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन के अनुभव साँझा किये

### कहा - ये केवल नौकरी नहीं, समाज सेवा का है दायित्व

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उनकी मूल भावना का स्मरण कराते हुए कहा कि उन्होंने यह सेवा धन, पद या सुरक्षा के लिए नहीं चुनी होगी, बल्कि राष्ट्र एवं समाज के लिए कुछ करने की भावना से चुनी होगी। उन्होंने कहा कि: "आपके निर्णय सीधे लाखों लोगों को प्रभावित करते हैं। इसलिए संवेदनशीलता, दूरदृष्टि और तथ्यपरक सोच अत्यंत आवश्यक है।"मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी-कभी जनता की शिकायतें प्रशासन की छवि को आहत करती हैं। लालफीताशाही, शिकायत न सुने जाने और फाइलों में अनावश्यक देरी जैसी बातें व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

### सीएम की दो टूक, उदासीनता की कोई जगह नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के 'नए भारत' में उदासीन कार्यशैली बर्दाश्त नहीं की जाती। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।निर्णय तेजी और सूझबूझ से लिए जाएं। सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता और समयबद्धता से पहुँचे।कहा कि अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में मासिक समीक्षा, निरंतर मॉनिटरिंग, और साइट निरीक्षण को सुनिश्चित करना चाहिए।

# वीरपुर खुर्द में कॉमन सर्विस सेंटर सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऋषिकेश।** प्रशासन की टीम ने वीरपुर खुर्द में संचालित एक कॉमन सर्विस सेंटर में छापा मारा। शक के आधार पर टीम ने मौके से आधार, आयुष्मान समेत 26 कार्ड जब्त कर लिए। जबकि, पांच बैंक शाखाओं की पासबुक सेंटर से टीम को मिली। इन दस्तावेजों को कब्जे में लेकर दुरूपयोग के शक में सेंटर को सील कर दिया गया है। चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए एसडीएम ने डीएम को रिपोर्ट भी भेजी।

शनिवार दोपहर एसडीएम योगेश सिंह मेहरा टीम के साथ वीरपुरखुर्द क्षेत्र में एक कॉमन सर्विस सेंटर का औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्हें सेंटर के बोर्ड पर संचालक का नाम विभा नामदेव अंकित मिला। जबकि, सेंटर की आईडी मनीषा नामदेव के नाम पर संचालित होती मिली। पूछताछ में पता चला कि मनीषा विभा की पुत्री है, जोकि विवाह के बाद अब हरिपुरकलां में रहती है। सेंटर से वितरित प्रमाण-पत्रों का भी कोई रिकॉर्ड रजिस्ट्रर में अंकित नहीं पाया गया। कई लोगों के मूल दस्तावेजों आधार कार्ड, राशन काड्र, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड आदि भी मिले। दस्तावेजों के दुरूपयोग की आशंका के मद्देनजर उन्हें जब्त कर लिया गया। छापे में सेंटर से वर्ष 2002 के बीपीएल सर्वेक्षण के खाली कार्ड भी मिले।

अनियमितताओं पर एसडीएम ने सेंटर के संचालन पर अग्रिम आदेश तक रोक लगाते हुए उसे सील कर दिया। बताया कि सेंटर को लेकर काफी समय से शिकायत मिली थी। संचालक के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की संस्तुति कर रिपोर्ट डीएम देहरादून को भेज दी गई है। सेंटर से नौ आधार कार्ड, तीन ई-श्रम काड्र, एक आयुष्मान काड्र, दो राशन कार्ड और एक बीपीएल कार्ड, दस मतदाता पहचान-पत्र, पांच बैंक शाखाओं की पासबुक भी मिली हैं। वहीं, टीम में नायब तहस. ीलदार जाहिद हसन आदि शामिल थे।

# निर्माण कार्यों में लापरवाही पर दो अभियंता निलंबित

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** निर्माण और मरम्मत कार्यों के पुनरीक्षण में गंभीर लाप. रवाही सामने आने पर उत्तराखंड शासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अभियंताओं को निलंबित कर दिया है, साथ ही लोक निर्माण विभाग अब संबंधित मार्गों के कार्यों की दोबारा समीक्षा करेगा, ताकि निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

उल्लेखनीय है कि रानीखेत निर्माण खंड में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और निरीक्षण को लेकर सामने आई गंभीर अनियमितताओं के चलते उत्तराखंड शासन ने प्रभारी अधिशासी अभियंता विजेंद्र सिंह मेहरा और सहायक अभियंता केके पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शासन को प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पंतगांव-चमडखान-सिमलधार-सैलापानी जिसकी लंबाई 9.45

**■ विभाग संबंधित मार्गों के कार्यों की दोबारा समीक्षा करेगाः पांडे, बिना उचित परीक्षण और सत्यापन के निरीक्षण रिपोर्ट भेजी थी**

किलोमीटर है, इसके अलावा 32.50 किलोमीटर वाले भिकियासैंण-बैल्टी-विनायक मोटर मार्ग और दूसरे सड़क मार्गों पर किए जा रहे निर्माण और मरम्मत कार्यों के पुनरीक्षण में गंभीर लाप. रवाही बरती गई। यह पाया गया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के बजाय निरीक्षण रिपोर्ट बिना उचित परीक्षण और सत्यापन के प्रस्तुत कर दी गई। विभागीय स्तर पर हुई तथ्य-जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि निर्माण योजनाओं की प्रगति और तकनीकी पहलुओं की समीक्षा में अनियमितताएं थी, जिनसे निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती थी।

अनियमित्ता को गंभीर मानते हुए शासन ने तत्काल निलंबन की कार्रवाई लागू की है, निलंबन अवधि के दौरान दोनों अधिकारी किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार या निजी कार्य में संलग्न नहीं रह सकेंगे। उनकी सेवाएं अब मुख्य अभियंता कार्यालय से संबद्ध रहेंगी और आगे की विभागीय जांच वहीं से संचालित की जाएगी।

लोक निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पांडे ने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# जीईओ लाइन टैंकों की गुणवत्ता पर जांच के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय जनपद भ्रमण (चमोली, पौड़ी गढ़वाल) से लौटने के फौरन बाद शनिवार को देहरादून स्थित कैंप कार्यालय में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कृषि मंत्री जोशी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत विभिन्न जनपदों में निर्मित हो रहे जीईओ लाइन टैंकों की गुणवत्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देशित किया कि जहाँ-जहाँ गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई है, वहां संबंधित निजी कंपनी की कार्यप्रणाली की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। जोशी ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने समीक्षा के

**■ कृषि मंत्री जोशी ने की विभागीय समीक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में लौटे प्रवासियों के लिए स्वरोजगार कार्ययोजना बनाने पर जोर**



दौरान कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में लौटे प्रवासियों को कृषि और बाग. वानी आधारित आजीविका साधनों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दिशा में शीघ्र एक ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वावलंबी बन सकें। मंत्री जोशी ने जनपद ऊधम सिंह नगर में उर्वरक (फर्टिलाइजर) की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन समय पर उपलब्ध कराना विभाग की जिम्मेदारी है।कृषि मंत्री ने जैविक खेती को बढ़ावा देने, घेरबाड़, प्रदेश में आपदा से प्रभावित कृषि क्षेत्र का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार करने तथा प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना की दूसरी किस्त रिलीज कराने के लिए आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र भारत सरकार को भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड स्तर पर निगरानी मजबूत करने, लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुँचाने पर विशेष जोर देने को कहा। इस अवसर पर निदेशक कृषि परमाराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### 6727 किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया

बैठक के दौरान विभागीय मंत्री जोशी ने प्राकृतिक खेती की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्ष 2022 से अब तक प्रदेश, जनपद एवं ग्राम स्तर पर आयोजित 29 प्रशिक्षण कार्यक्रम व कार्यशालाओं के माध्यम से 6727 किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया है। वर्ष 2023-24 से मुख्यमंत्री राज्य कृषि विकास योजना के तहत गंगा के 5 किमी. कॉरिडोर में 39 नए क्लस्टरों (1950 हे.) में नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कॉरिडोर योजना राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन की गाइडलाइन के अनुरूप संचालित की जा रही है। देशी गाय उपलब्ध न होने पर पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की योजनाओं से कंवर्जेन्स के माध्यम से किसानों को देशी गाय उपलब्ध कराई जाएगी।

### क्लस्टर स्तर पर संचालित हो रही कई गतिविधियां

क्लस्टर स्तर पर चौम्पियन किसान एवं कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन (सीआरपी) का चयन, प्रशिक्षण, एक्सपोजर भ्रमण, फार्मर फील्ड स्कूल, ऑन फार्म निवेश, मृदा परीक्षण, पंजीकरण, प्रमाणीकरण एवं विपणन जैसी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2024-25 से केंद्र पोषित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत 11 जनपदों पौड़ी, देहरादून, हरिद्वार, उत्तरकाशी, चमोली, नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा एवं उधम सिंह नगर के 10,000 है. क्षेत्र को शामिल किया गया है।

# शहर काजी मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी का इंतकाल

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की इल्मी व रूहानी विरासत को अपने अस्तित्व से रोशन करने वाले शहर काजी व जमीअत उलमा-ए-हिन्द उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष और प्रदेश के महान विद्वानों में शुमार मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी का शनिवार देर शाम 75 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया।

मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जनपद बिजनौर जा रहे थे कि चिड़ियापुर के पास अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनकी सेहत बिगड़ गई। साथ चल रहे उनके बेटे जलीस उन्हें तुरंत नजीबाबाद अस्पताल लेकर पहुँचे, मगर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी के निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई, जमीअत सहित तमाम समाजिक संगठनों,

**■ बुझ गया इल्म-ओ-अमन का एक उजला चराग सामाजिक व धार्मिक ताने-बाने को संवारने में गुजारी तमाम उम्र**

सियासी दलों से जुड़े लोगों ने मौलाना मोहम्मद अहमद कासमी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। जमीअत के प्रदेश मीडिया प्रभारी मौहम्मद शाह नजर ने जानकारी देते हुए बताया कि मौलाना कासमी पिछले चार दशकों से शहर काजी और देहरादून की ऐतिहासिक जामा मस्जिद पलटन बाजार में बतौर इमाम अपनी खिद्मत अंजाम देते आ रहे थे। काफी लंबे समय से उन्का स्वास्थ्य खराब चल रहा था, शनिवार को मौलाना बिजनौर जा रहे थे कि



चिड़ियापुर के पास अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया है। वह अपने पीछे दो बेटे और चार बेटिया छोड़ गये है।

शहर काजी के रूप में उन्होंने न सिर्फ समस्आयों को सुलझाने में अहम किरदार निभाया, बल्कि आम मुसलमानों की सामाजिक सुधार, शिक्षिक जागरूकता और एकता-ए-उम्मत के लिए कई बड़े आंदोलन भी चलाए। उनकी कोशिशों से शहर में कई जरूरी सुधार हुए और कई बार नाजुक हालात भी उनकी दूर. अंदेशी से काबू में आए। उनका इस दुनिया से जाना मुस्लिम समाज के लिये बड़ा नुकसान है। रविवार को देहरादून के चंदर नगर कब्रिस्तान में शहर काजी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।शहर काजी के निधन पर जमीअत के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना हुसैन अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष मुफ्ति रईस अहमद कासमी, प्रदेश महासि. चव मौलाना शराफत अली कासमी, जिला अध्यक्ष मौलाना अब्दुल मन्नान कासमी, मास्टर अब्दुल सत्तार, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी, उपाध्यक्ष आकिब कुरैशी, दायित्व फाउंडेशन के अध्यक्ष मौहम्मद युसूफ, मौलाना मासूम कासमी, मुफ्ति ताहिर कासमी आदि ने गहरा दुख प्रकट किया है। एक ऐसी शख्सियत, जिसकी कमी लंबे वक्त तक महसूस की जाएगी

### 40 साल की खिदिमत से बदला दून का मिजाज

मौलाना कासमी ने अपने इल्म, आवाज, और नसीहतों से शहर के सामाजिक व धार्मिक ताने-बाने को संवारने में एक बुनियादी किरदार अदा किया। मौलाना हमेशा अमन, इंसानियत और भाईचारे की आवाज रहे। उनका पूरा जीवन इस बात का गवाह है कि मजहब का मकसद समाज को जोड़ना है, तोड़ना नहीं। उन्होंने न सिर्फ जमीअत उलमा-ए-हिन्द में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं, बल्कि मजलिस तहफ्फुज खत्मे नुबुव्वत और मुस्लिम सेवा संगठन जैसे मंचों पर भी सक्रिय रहे।शहर काजी मुसलमानों के मसाइल को लेकर हमेशा फिक्रमंद रहते, शासन-प्रशासन के साथ संवाद बनाए रखते और समाधान की राह निकालते। उनके पास आने वाला हर व्यक्ति यह महसूस करता कि उसके मसले को समझने और हल करने वाला एक सच्चा रहनुमा मौजूद है।

# ड्रीमर्स एडु हब की ऐतिहासिक उड़ान, एक ही बैच से चार छात्रों का एसएसबी में चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।**रक्षा सेवाओं की तैयारी कराने वाले प्रमुख संस्थान ड्रीमर्स एडु हब ने गुरुवार को एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। संस्थान के एक ही बैच के चार छात्रों ने सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) में सफलता प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। 29 सितंबर 2025 को शुरू हुए प्रशिक्षण बैच के छात्र वंश ने गुरुवार को 5 एएफएसबी गुवाहाटी से चयन सुनिश्चित कर संस्थान को यह सौगात दी।इससे पूर्व इसी बैच की छात्रा जिनीशा ने गांधीनगर, स्नेहा ने वाराणसी और छात्र हरकरन ने देहरादून बोर्ड से सफलता हासिल की थी।

अलग-अलग बोर्ड से एक ही बैच के चार छात्रों का चयन होना संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण शैली को दर्शाता है।संस्थान के संस्थापक हरिओम चौधरी ने इस सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि सही मार्गदर्शन और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारे छात्रों ने न केवल एसएसबी पास किया है, बल्कि अपनी लगन से संस्थान का मान बढ़ाया है। वहीं, सह-संस्थापिका अंकिता तनेजा ने इसे छात्रों के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व निर्माण की जीत बताया। उन्होंने कहा कि संस्थान का लक्ष्य केवल चयन कराना नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित व्यक्तित्व गढ़ना है। संस्थान ने सभी चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ई-केवाईसी नहीं हुई, तब भी मिलेगा राशन : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अंगूठे के निशान स्कैन ना होने या फिर आंखों का रेटिना स्कैन ना होने के कारण अगर आपकी ई केवाईसी अभी तक नहीं हो पाई है तब भी चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। आपका राशन मिलता रहेगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या के निर्देश पर विभाग ने शनिवार को इससे संबंधित आदेश सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को दिया है।

प्रदेश के सभी जनपदों में राशन कार्ड धारकों की ई केवाईसी करने का काम चल रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार ने 30 नवंबर को अंतिम तारीख घोषित किया है, लेकिन प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में अभी बड़ी संख्या में ई केवाईसी नहीं हो पाई है।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि जन मिलन के कार्यक्रमों में उन्हें



कई बार इसकी शिकायत मिली कि अंगूठा स्कैन ना होने के कारण या रेटिना स्कैन ना होने के कारण या फिर घर के मुखिया के रोजगार के चलते बाहर होने के कारण उनकी ई केवाईसी अभी तक नहीं हो पाई है। कुछ अत्यंत बुजुर्ग और असाध्याय रोगों से पीड़ित लोगों की भी केवाईसी नहीं हो पाई है। ऐसे राशन कार्ड धारकों को यह चिंता थी कि

**■ बायोमेट्रिक केवाईसी के अभाव में राशन वितरण न रोकने के निर्देश**

नवंबर के बाद उन्हें राशन मिल पाएगा या नहीं।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों को इन कारणों के चलते ई केवाईसी न हो पाने पर राशन वितरण व्यवस्था में शिथिलता बरतने के निर्देश दिए थे। इसके बाद खाद्य आयुक्त की ओर से शनिवार को सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसे मामलों में राशन वितरण नहीं रोका जाएगा। ऐसे परिवारों की ई केवाईसी करने के लिए उन्हें अतिरिक्त समय दिया जाएगा।इसके साथ ही राशन विक्रेताओं के बकाया लाभांश का भुगतान 3 दिन के भीतर करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# सीएम ने वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर जताई चिंता

**■ कहा - भालुओं तथा अन्य वन्यजीवों के हमलों में घायल व्यक्तियों के उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी, मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव वन के साथ की बैठक**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिव वन के साथ बैठक कर वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि भालुओं तथा अन्य वन्यजीवों के हमलों में घायल व्यक्तियों के उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक घायल को समय पर तथा समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि उपचार में किसी भी प्रकार की देरी न हो और आवश्यक संसाधन तत्काल उपलब्ध कराए जाएँ।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा वन्यजीव हमलों में मृतकों के परिजनों को प्रदत्त मुआवजा राशि 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि घायलों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा एवं जागरूकता उपायों को भी सुदृढ़ किया जाए।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिला उपनल संविदा कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उपनल कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से मुलाकात की है। जिसमें भट्ट ने विश्वास दिलाया कि सरकार और पार्टी कर्मचारी हितों को लेकर पूर्णतया कटिबद्ध है, लिहाजा शीघ्र ही सभी समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा।

उत्तराखंड उपनल संविदा कर्मचारी संघ पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई यह मुलाकात यमुना कॉलोनी स्थित प्रदेश अध्यक्ष के आवास पर हुई। इस दौरान उपनल प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों और उसके समाधान के बिंदुओं की विस्तार से भट्ट के साथ चर्चा की। प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके मुद्दों को लेकर वार्ता करने का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि सभी मुद्दों का समाधान संवाद से ही संभव है। इसलिए सरकार और उपनल संविदा कर्मचारी संघ दोनों



**■ भट्ट ने दिया मदद का भरोसा, कर्मचारी हमारे परिवार के सदस्य, सरकार एवं संगठन उनके हितों के लिए प्रतिबद्ध, मुलाकात में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने सीएम से शीघ्र वार्ता का दिया भरोसा**

को वार्ता की प्रक्रिया लगातार आगे बढ़नी चाहिए। सभी हमारे ही परिवार के सदस्य हैं।

लिहाजा पार्टी उनके हितों को लेकर पूरी तरह सजग है। उनकी मांगों और सुझावों को संगठन की तरफ से सरकार के समक्ष रखा जाएगा। पार्टी कर्मियों के हितों को प्राथमिकता देने वाले सकारात्मक समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगी। अभी तक की बातचीत और मुख्यमंत्री की गंभीरता बताती है कि बहुत शीघ्र आप सबकी समस्या का पूर्णतया समाधान हो जायेगा।

# स्कूली बच्चों के साथ वन विभाग टीम रहेगी मौजूद: डॉ. रावत

■ कैबिनेट मंत्री कोटी पहुंचकर प्रभावित परिवार से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड खिर्सू के ग्राम पंचायत कोटी में बीते दिनों गुलदार के हमले में 60 वर्षी यगिन्नी देवी की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। शनिवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गाँव पहुँचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि जब तक गुलदार को पकड़ा या नष्ट नहीं कर दिया जाता, तब तक स्कूली बच्चों के साथ वन विभाग की टीम लगातार मौजूद रहेगी और गाँव में निरंतर गश्त जारी रहेगी। सरकार इस कठिन घड़ी में गाँव के हर व्यक्ति के साथ पूरी तन्मयता से खड़ी है।



**श्रीनगर।** डीएफओं पौड़ी अभिमन्यु सिंह ने बताया कि वन विभाग ने दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव शासन को भेजे हैं। जिसमें पहला श्रीनगर में इंटीग्रेटेड फॉरेस्ट चौकी बनाने का। जहाँ रेस्क्यू उपकरण व वनकर्मी दिन रात उपलब्ध रह सकें। ताकि किसी भी वन्यजीव हमले पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। दूसरा नागदेव में एनिमल ट्रीटमेंट सेंटर जहां घायल पशुओं के उपचार हेतु आवश्यक सुविधा स्थापित होगी। मंत्री डॉ. रावत ने दोनों प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृत करने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गुलदार को पकड़ने और आवश्यकता पड़ने पर समाप्त करने का शासनादेश जारी किया जा चुका है, जिसके बाद अभियान तेज कर दिया गया है। इस दौरान डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने बताया कि प्रभावित परिवार को एक लाख 20 हजार रुपये की तात्कालिक सहायता प्रदान कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आते ही शेष सहायता राशि 4 लाख 80 हजार भी उपलब्ध करा दी जाएगी। मौके पर ब्लॉक प्रमुख खिर्सू अनिल भंडारी, श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, जिला महामंत्री गणेश भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# श्रमिकों को सर्दी से राहत, टूल किट के साथ मिली सुरक्षा की मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** श्रमिकों के हितों को केंद्र में रखते हुए श्रम विभाग की ओर से जाखणीधार ब्लॉक की धारमंडल पट्टी के विभिन्न गांवों के पंजीकृत श्रमिकों के लिए मदननेगी उप तहसील परिसर में सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पंजीकृत श्रमिकों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल तथा उनके दैनिक कार्यों में उपयोगी टूल किट सामग्री वितरित की गई, जिससे श्रमिक वर्ग को आर्थिक रूप से राहत और प्रोत्साहन दोनों मिल सके। आयोजन का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला ने किया। उन्होंने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रम विभाग द्वारा गरीब, वंचित और श्रमिक परिवारों के उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभ उठाना चाहिए। मान सिंह रौतेला ने कहा कि श्रमिक वर्ग समाज की रीढ़ है।

लेकिन अक्सर सुविधाओं और सूचनाओं के अभाव में वे सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में विभागीय स्तर पर आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल आर्थिक सहयोग देते हैं, बल्कि योजनाओं की जानकारी भी सीधे श्रमिकों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए ब्लॉकवार शिविरों का नियमित आयोजन किया जाए, ताकि दूरस्थ गांवों के श्रमिकों को भी तहसील या जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी आइशा ने बताया कि मदननेगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के करीब 500 पंजीकृत श्रमिकों को कंबल और टूल किट सामग्री वितरित की गई। उन्होंने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि श्रम विभाग की योजनाओं के तहत पंजीकृत श्रमिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, दुर्घटना सहायता, सामाजिक सुरक्षा और अन्य विभिन्न मदों में लाभ दिया जाता है। उन्होंने उपस्थित श्रमिकों से आग्रह किया कि जो मजदूर अभी तक पंजीकृत नहीं हैं, वे भी शीघ्र अपना पंजीकरण करवाएं, ताकि विभाग की योजनाओं का लाभ उन्हें भी मिल सके।

## राहत जागरूकता अभियान प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**कोटद्वार ।** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी के एन. एस. एस. व स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों का दल स्काउट गाइड देहरादून के भोपालपानी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सात दिवसीय आपदा राहत जागरुकता अभियान प्रशिक्षण प्राप्त कर विवि लौट आया है।आयोजित कार्यक्रम में स्काउट प्रभारी व संयोजक शैलेश चमोली ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सेवकों को एन. एस. एस. व स्काउट का ध्येय, समाज में भूमिका, आपदाग्रस्त व्यक्तियों को तुरन्त राहत पहुंचाना, मेडिकल व बचाव की जानकारी, मलवे में फंसे लोगों का उपचार, राहत सामग्री की आपूर्ति आदि पर जानकारी दी गयी।

# गुलदार ने सात दिन में बकरियों व बछड़े को बनाया निवाला

■ मथलाऊ गांव में चार परिवारों के पशुओं पर हमला, ग्रामीणों में दहशत का माहौल, वन विभाग से मुआवजा और पिंजरा लगाने की मांग तेज, रेंज अधिकारी ने दी आश्वस्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जौनपुर विकासखंड की दसज्यूला पट्टी के मथलाऊ गांव में पिछले एक सप्ताह से गुलदार के आतंक ने ग्रामीणों को भयभीत कर दिया है।

बीते दिनों जंगली क्षेत्र में मवेशियों को चराने गए गांव के चार परिवारों के



छह बकरियों और एक गाय के बछड़े पर गुलदार ने हमला कर उन्हें अपना शिकार बना लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। लगातार हो रहे इन हमलों से ग्रामीणों में गुस्सा और चिंता दोनों व्याप्त हैं, क्योंकि गुलदार आबादी वाले क्षेत्रों के बेहद करीब पहुंच चुका है।

मथलाऊ गांव के विक्रम सिंह रावत, प्रेम सिंह रावत, सरोपी देवी और प्रताप सिंह रावत ने बताया कि बीते शुक्रवार को वे अपने मवेशियों को जंगल में चुगाने ले गए थे। इसी दौरान घनी झाड़ियों में छिपे गुलदार ने अचानक हमला करते हुए उनकी एक बकरी को वहीं दबोच लिया। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में गुलदार चार परिवारों की छह बकरियां और एक बछड़े को निवाला बना चुका है। उन्होंने बताया कि कई अन्य बकरियों पर भी गुलदार की नजर थी, लेकिन मौके पर मौजूद अन्य ग्रामीणों ने शोर मचाकर जानवरों को बचा लिया, जिससे बड़ा नुकसान होने से टल गया।

ग्राम प्रधान पूलम सिंह रावत ने वन विभाग से मांग की है कि प्रभावित परिवारों को मानक के अनुसार तत्काल मुआवजा दिया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि बढ़ते हमलों को देखते हुए क्षेत्र में पिंजरा लगाए जाने की आवश्यकता है, जिससे गुलदार को पकड़ा जा सके और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह-शाम खेतों और जंगल की ओर जाना भी अब जोखिम भरा हो गया है, इसलिए वन विभाग को जल्द ही प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

इस मामले में जौनपुर रेंज की रेंज अधिकारी लतिका उनियाल ने कहा कि विभाग को पीड़ित परिवारों से 24 घंटे के भीतर सूचना मिलते ही मानक के अनुसार मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

उन्होंने आश्वासन दिया कि वन विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यकतानुसार क्षेत्र में सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए जाएंगे। गांव में जारी इस वन्यजीव आतंक से निपटने के लिए ग्रामीण वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## एक नजर ....

### बलगर पलटने से एक घंटे यातायात बाधित

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमधार के पास एक बलगर दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क पर पलट गया। घटना में चालक सुरक्षित है। बलगर पलटने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। करीब एक घंटे बाद यातायात को सुचारू किया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को देवलगढ़-छातिखाल मोटरमार्ग के लिए डाइवर्ट किया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि चमधार के पास हुई घटना में किसी भी प्रकार की कोई हताहत नहीं हुई है। बलगर में केवल चालक सवार था। बताया कि जाम कि स्थिति पैदा न हो इसके लिए छोटे वाहनों को देवलगढ़-छातिखाल मोटरमार्ग के लिए डाइवर्ट कर दिया था। बताया कि हाईवे पर करीब एक घंटे बाद यातायात को सुचारू किया गया।

### छात्रों ने लगाया डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के बीएससी बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के डॉक्टरों पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। इस संदर्भ में उन्होने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को भेजे ज्ञापन में छात्र आकाश, श्रीकांत, गोविंद, नितिन, अमन, अंकित ने कहा कि बीते 28 अगस्त को गढ़वाल विवि के बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के छात्र आकाश बोहरा ने कहा कि हॉस्टल में खेलते समय पैर में लोहे का सरिया लग गया था। जिसके चलते वह बेस चिकित्सालय इंजेक्शन लगाने पहुंचे थे। जिसके एक सप्ताह बाद आकाश को पूरे शरीर पर रैशेज, भयंकर सूजन और असहनीय दर्द होना शुरू हुआ। डॉक्टरों ने तीन सप्ताह तक केवल दवाइयाँ देकर मामला टाल दिया। जब दिल्ली एम्स में जांच हुई तो पता चला कि गलत इंजेक्शन के कारण आकाश के बाएं कंधे में पोस्टीरियर लेब्रल सिस्ट बन गया है। जिससे हड्डियाँ पूरी तरह से कमजोर हो रही हैं और तत्काल 2 लाख रुपये की सर्जरी की जानी है। उन्होने गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही की तत्काल उच्च स्तरीय जांच किए जाने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने, आकाश का पूरा इलाज सर्जरी सहित पीड़ित छात्र को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

### काव्य-पाठ कर गुरु तेग बहादुर के संघर्ष को किया याद

**श्रीनगर।** ऐंजल हेवन स्कूल में गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस बड़े ही श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस मौके पर छात्रों को गुरु तेग बहादुर के महान और प्रेरणादायी जीवन परिचय के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गुरु तेग बहादुर की स्मृति में शबद कीर्तन प्रस्तुत किया। जिससे पूरे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके साथ ही काव्य-पाठ का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्रों ने गुरु तेग बहादुर पर आधारित कविता और पंक्तियाँ बड़े उत्साह और भावनाओं के साथ पढ़ा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक आरपी भट्ट, मुख्य अध्यापिका विभा भट्ट, विवेक, शशिकला, गीता, सुभाष सहित आदि मौजूद थे।

### लौह पुरुष की जंयती पर श्रीनगर में निकाला यूनिटी मार्च




**श्रीनगर।** लौह पुरुष, स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को सरदार/150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। जिसमें कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत सहित गढ़वाल विवि के छात्र-छात्राओं, भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। एकता मार्च एनआईटी से होते हुए मुख्य बाजार से गोला बाजार तक राष्ट्र एकता के गीत गाते आगे बढ़े। गोला बाजार में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अद्भुत व्यक्तित्व, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प से भारत को एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। यह एकता मार्च उनकी राष्ट्र निष्ठा और आदर्शों को नमन करने के साथ ही देश की मजबूत राष्ट्रीय एकता को समर्पित है। युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर गढ़वाल विवि एकता मार्च के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश नेगी, जिला महामंत्री गणेश भट्ट, ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी, दिनेश पटवाल, पंकज सती, रेनू सुंदरियल, आशा उपाध्याय सहित आदि मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री नेगी ने गुलदार के हमले में घायल महिला का जाना हालचाल

**कोटद्वार।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह नेगी ने शनिवार को राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल पोखड़ा निवासी प्रभा देवी का हालचाल जाना। बतातें चलें कि 15 नवम्बर को ग्राम घण्डियाल, पट्टी तलाई, विकासखंड पोखड़ा निवासी प्रभा देवी, पत्नी नरेंद्र सिंह पर गुलदार ने अचानक हमला कर दिया था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गई थी। फिलहाल उनका उपचार वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. सतीश कुमार की निगरानी में किया जा रहा है और उनकी हालत में लगातार सुधार हो रहा है। इस दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को रोगी के पूर्ण स्वस्थ होने पर ही डिस्चार्ज करने के निर्देश दिए।

# दावा न की गई पूंजी लौटाने की मुहिम तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद में दावा न की गई वित्तीय संपत्तियों को उनके वास्तविक हकदारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला अग्रणी बैंक की ओर से जिला मुख्यालय में आपकी पूंजी, आपका अधिकार अभियान के तहत एक विस्तृत वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 21 लाभार्थियों को 29.86 लाख रुपये की राशि के चेक वितरित किए गए, जिससे लंबे समय से लंबित दावों का निपटारा संभव हो सका और लोगों को उनकी पूंजी वापस मिलने की उम्मीद और मजबूत हुई। जिले में इस समय 94 हजार अनक्लेम्ड खाते मौजूद हैं, जिनमें लगभग 25.83 करोड़ रुपये की राशि जमा है। बैंकिंग संस्थानों ने अब तक 166 खातों का निस्तारण करते हुए 79.70 लाख रुपये वापस लौटाने की पूरी प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिसे आगे जल्द ही हकदारों तक पहुंचा दिया जाएगा।वित्त मंत्रालय भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशों के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष मोहन सिंह रावत और एडीएम अवधेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। एडीएम, डीडीओ मोहम्मद असलम, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक विकास भारती और आरबीआई के प्रतिनिधि भरत राज ने लाभार्थियों को उनके दावों के अनुसार चेक प्रदान किए।

## पेंशनभोगियों को बड़ी राहत

**नई टिहरी।** चंबा में पेंशनभोगियों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग की ओर से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) 4.0 अभियान के तहत एक विशेष शिविर आयोजित किया गया। डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह राष्ट्रव्यापी अभियान इस वर्ष एक नवंबर से प्रारंभ हुआ है और पूरे माह अर्थात तीस नवंबर तक चलेगा। देशभर के दो हजार से अधिक शहरों और कस्बों को कवर करने वाला यह अभियान लाखों पेंशनभोगियों को अपने जीवन प्रमाण पत्र डिजिटल माध्यमों से सरलता और सुगमता के साथ जमा करने की सुविधा प्रदान कर रहा है।

# ब्लॉक स्तरीय बाल विज्ञान मेले में छात्रों ने दिखाई वैज्ञानिक सोच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय नंदन नगर पालिका का जूनियर हाई स्कूल श्रीनगर में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में विकासखंड खिर्सू की तीन न्याय पंचायतों के संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

प्रोजेक्ट कार्य पर आधारित बाल मेले का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी रावत ने कहा कि बाल मेले का उद्देश्य किसी विषय या समस्या पर स्वाध्याय, जानकारी एकत्रित करना, उसका विश्लेषण करना और निष्कर्ष निकलना है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सीखने की



प्रक्रिया को व्यवहारिक, रचनात्मक और अनुभव आधारित बनता है। बताया कि बाल मेले के अंतर्गत विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषयों पर छात्र-छात्राओं एवं मार्गदर्शन शिक्षक द्वारा प्रोजेक्ट कार्य का निर्माण किया गया है। प्रतियोगिता में विज्ञान विषय में राउप्रावि कमेड़ा के छात्र शौर्य और कुणाल, गणित विषय में राइंका चौरीखाल के अंशुमान, सामाजिक विज्ञान विषय में राजूहाई स्कूल कमेड़ा की साक्षी और मंयक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मौके पर बाल मेले में कार्यक्रम प्रभारी मुकेश काला, जयदयाल चौहान, नवीन धारीवाल, सर्वेश्वर गौड़, मुकेश बहुगुणा, सन्दीप कोहली सहित आदि मौजूद थे।

# गूंज संस्था ने पौंटी गांव में चलाया स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** ग्राम पंचायत पौंटी में गूंज संस्था के सहयोग से पौटी पुल तक पैदल मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इस कार्य में ग्रामवासियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। गूंज संस्था के साथ मिलकर ग्राम पंचायत में मुख्य रास्तों का पुनर्निर्माण, जल स्रोतों एवं विद्यालय परिसरों की सफाई तथा पूरे गांव में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें गांव के अधिकांश परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहयोग दिया।

इस दौरान ग्राम प्रधान रविना रौटा ने सभी ग्रामीणों का सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में ऐसी भागीदारी गांव के विकास का आधार है।



■ गांव में कचरा फैलाते पाए जाने पर होगा जुर्माना : रविना रौटा

ग्राम प्रधान ने सभी दुकानदारों एवं ग्राम सभा के नागरिकों से अपील की है कि दुकान का कचरा कूड़ेदान में ही डालें, सड़क अथवा सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें।

उन्होंने कहा कि कचरा फैलाते पाए जाने पर जुर्माना लगाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की स्वयं होगी।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हीरा लाल रौटा एवं गूंज संस्था के स्टाफ राजपाल सिंह गुसाईं, शिवप्रसाद एवं सप्तम सिंह पंवार , वार्ड सदस्य हरिमोहन सिंह भंडारी, सुनील रौटा, पूनम भंडारी, हेली देवी असवाल, कृष्णा देवी रौटा, सरिता रौटा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे है।

# कोटद्वार की वंशिका नागालैंड में दागेगी गोल , हुआ राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** श्री सिद्धब्ली क्लब कोटद्वार की फुटबॉल खिलाडी वंशिका चौहान का चयन प्रदेश की जुनियर फुटबॉल टीम में हुआ है । वार्ड नंबर 27 दुर्गापुरी निवासी सुरेन्द्र चौहान और पत्नी मीणा चौहान की सुपुत्री आरपी स्कूल तेलीपाड़ा की 9वीं कक्षा की छात्रा वंशिका चौहान शशिधर भट्ट स्पोर्ट्स स्टेडियम गाडीघाट कोटद्वार में फुटबॉल का प्रशिक्षण लेती हैं । वंशिका के फुटबॉल कोच महेन्द्र रावत ने बताया कि वंशिका पांच नवंबर को रुद्रपुर ट्रायल में चयनित हुई थी ओर दो सप्ताह के कैंप के पश्चात उनकी टीम आज रवाना हो गयी है । फुटबॉल संघ के सह सचिव सिद्धार्थ रावत ने अधिक जानकारी देते हुए बताया की नागालैंड के डॉ तालीमेरेन आओ जो कि स्वतंत्र भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के पहले कप्तान थे और पेशे से चिकित्सक भी थे, उन्होंने 1948 के लंदन ओलंपिक में भारत का नेतृत्व भी किया था । ऐसी महान विभूति की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर चौंपियनशिप उनके ग्रह राज्य नागालैंड में खेली जानी है जिसमें उत्तराखंड अपना पहला मुकबाला २२ नवंबर को हॉस्ट टीम नागालेंड के खिलाफ, २४ नवंबर को पंजाब के खिलाफ और अंतिम लीग मुकाबला २६ नवंबर को अंडमान ओर निकोबार के साथ खेलेगा ।

# नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत ने पदभार संभाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत ने पदभार संभाला लिया है।

शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में नव नियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप रावत ने विधिवत पदभार ग्रहण कर कार्यकताओं को आगामी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया है। उन्होंने कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। उन्होंने धराली आपदा पर सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि सरकार ने आपदा पीड़ितों को केवल कोरे आश्वासन दिये है। लापता लोगों का अभी तक कोई खोज नहीं किया जा रहा लोग अपनों की तलाश में सरकार पर टकटकी लगाए बैठे हैं लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है।उन्होंने कहा कि आज आपदा पीड़ित कराह रहें हैं लेकिन सरकार पुनर्वास की कोई पहल नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि गंगोत्री -यमुनोत्री के बुरे हाल लेकिन डबल इंजन की सर कार ने गढ्ढे भरकर इतिश्री कर ली है। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी जिले में लगातार भालू के हमले हो रहे लेकिन सरकार कुंभकर्ण नींद में सोई है। उन्होंने कहा कि अभी तक जंगली जानवरों से बचाव के लिए शासन प्रशासन ने कोई इंतजाम नहीं किए जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

## अंचल बैठक में संगठन विस्तार

**नई टिहरी।** अंचल टिहरी की समिति और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक शिशु मंदिर बोराड़ी में ओम के उच्चारण और हनुमान चालीसा के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रारंभ हुई। बैठक में संगठन की गतिविधियों, विस्तार, प्रवास कार्यक्रमों तथा ग्राम स्तर तक सक्रियता बढ़ाने को लेकर गहन चर्चा की गई। भारत लोक शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री राजीव अग्रवाल और परिषद के महिला विभाग की राष्ट्रीय उप प्रधान माधुरी अग्रवाल ने संगठन से जुड़े समस्त विषयों पर व्यापक प्रकाश डालते हुए समिति के भावी स्वरूप, जवाबदेही और कार्य प्रणाली की विस्तृत रूपरेखा सामने रखी।

# उत्तरकाशी: लोकगीतों की थाप से सजी मंगसीर बग्वाल की शाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी जनपद अपनी बहुरंगी संस्कृति की धन है। यहां मेला, त्योहार मनाने की अपनी अलग परंपरा है।

जिला मुख्यालय में बिगत कई वर्षों से सांस्कृतिक धरोहर मंगसीर बग्वाल दीपावली के ठीक एक महिने बाद मनाई जाती है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बाल कलाकारों के नाम रहा। बाल बग्वाल के अवसर पर बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जय भारत सिंह,पुलिस उपाधीक्षक जनक पंवार , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस



रावत ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक संध्या को लोक कलाकार सुन्दर प्रेमी ने अपने गीतों से सब को थिरकने के लिए मजबुर कर दिया। इस अवसर पर राघवेंद्र उनियाल, अजय पुरी, रवीन्द्र सिंह नेगी, रमा डोभाल,सुभाष सिंह कुमाई,उत्तम सिंह गुसांई, रजनी चौहान, कन्हैया प्रसाद सेमवाल, शैलेंद्र मटुड़ा,हेमराज बलूनी, प्रताप बिष्ट " संघर्ष ", शैलेंद्र नौटियाल इत्यादि मौजूद रहे।

# वन्यजीव हमलों से बचाव में प्रधानों से समन्वय का दिया सुझाव

■ भट्ट ने कहा – घायलों के इलाज में आर्थिक मदद की वृद्धि का सीएम से करेंगे अनुरोध



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने भालू गुलदार के बढ़ते हमलों में बचाव को लेकर वन विभाग से प्रधानों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय का सुझाव दिया है। वहीं उन्होंने हमले में घायलों के इलाज सम्बंधित आर्थिक मदद में वृद्धि की जरूरत को मुख्यमंत्री के सामने रखने बात कही हैं।

राज्य में, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों से सामने आ रही भालू, गुलदार के हमलों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर आज प्रदेशाध्यक्ष ने प्रमुख वन संरक्षक से स्थिति की विस्तृत जानकारी ली है। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को वन एवं प्रशासनिक अधिकारियों से सावधानी के तमाम उपाय करने और हिंसक घटना या उसकी संभावना की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्यवाही का आग्रह किया है। उन्होंने ऐसी कठिन परिस्थिति में सभी नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों एवं अन्य स्थानीय क्षेत्र जन प्रतिनिधियों से लगातार संपर्क कर, जन जागरूकता फैलाने और समन्वय बनाने का भी सुझाव दिया हैं। उन्होंने वन्य जीव संघर्ष में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिजनों को अभिलंब आर्थिक एवं सभी जरूरी मदद पहुंचाने की बात कही है।इस दौरान उन्होंने कहा कि एक महत्वपूर्ण तथ्य सामने आया है कि भालू या गुलदार से घायल व्यक्ति के पूर्णतया इलाज में अनुमन्य राशि 2 लाख से भी कही बड़ी धनराशि प्रभावित परिवार की खर्च हो जाती है। उन्होंने बताया कि गंभीरता और परिस्थितियों के मद्देनजर घायलों की आर्थिक मदद अधिक व्यवहारिक हो, इस संबंध में वह मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी से शीघ्र आग्रह करेंगे।

# सीएचसी सेंटरों में प्रशासन की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** फर्जी तरीके से बाहरी लोगों का प्रमाणपत्र बनाने का मामला उजागर होने के बाद अल्मोड़ा में प्रशासन अलर्ट मोड पर हैं। एसडीएम सदर संजय कुमार की अगुआई में प्रशासन की टीम ने मुख्यालय स्थित आठ से अधिक सीएचसी सेंटरों में छापेमारी की। इस दौरान सेंटरों पर कई अनियमित्ताएं पाई गई। जिस पर एसडीएम ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर दिए हैं। शनिवार को एसडीएम सदर ने माल रोड समेत मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर सीएचसी सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकांश सेंटरों पर रेट लिस्ट चस्पा नहीं किए गए थे। जबकि एक दो संच. ालक को लाइसेंस तक नहीं दिखा सके। कई संचालकों ने रेट लिस्ट दुकान के अंदर चस्पा की थी।

## कोर्ट की रोक के बावजूद देर रात तक बजा डीजे

**काशीपुर।** गिरीताल क्षेत्र मे एक गार्डन में देर रात तक गूँजता डीजे सिर्फ शांति भंग नहीं कर रहा, बल्कि हाई कोर्ट के स्पष्ट आदेशों की खुली अवहेलना भी कर रहा है। कोर्ट ने साफ-साफ कहा है कि रात 10 बजे के बाद कोई भी तेज आवाज वाला डीजे, साउंड सिस्टम या बैंड बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित है, फिर भी यहाँ नियमों को ऐसे रौंदा जा रहा है, जैसे कानून किसी की बपौती हो। स्थानीय लोग पूरी रात कानों में गूंजते बेस और साउंड ब्लास्ट से परेशान, और प्रशासन की चुप्पी ने हालात और भी गरम कर दिए हैं। सवाल ये है कि जब कोर्ट की अवमानना इतनी बेखौफ तरीके से हो रही है, तो फिर नियम किसके लिए बने हैं?

## एक नजर

### बदला मौसम, प्रशासन ने जलवाए अलाव

**बागेश्वर।** जिले में सर्दी का सीजन शुरू हो गया है। बढ़ते ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने शुक्रवार की शाम से जिले के अलग अलग स्थानों पर अलाव जलाने शुरू कर दिए हैं। शुक्रवार को जिल प्रशासन ने जिला मुख्यालय के कांडा स्टेशन तिराहा, एवं कपकोट नगर पंचायत के अंतर्गत अलाव जलाए गए। बता दें कि सुबह नौ बजे तक पद रहे कोहरे के कारण तापमान गिरता जा रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पाला गिरने से किसानों की फसल व सब्जियों को नुकसान होने लगा है। शनिवार को जिला मुख्यालय में अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस पर रहा। जिला मुख्यालय के चौरासी क्षेत्र में भी स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से रात शाम के समय अलाव जलाने की मांग की है।

### सीडीओ ने ड्रैगन फ्रूट पौधों का जायजा लिया

**बागेश्वर।** मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने शनिवार को राजकीय पौधालय का निरीक्षण कर उद्यान विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगाए गए उच्च गुणवत्ता वाले ड्रैगन फ्रूट पौधों का जायजा लिया। सीडीओ ने ड्रैगन फ्रूट ट्रायल के प्रारंभिक परिणामों की जानकारी लेते हुए उद्यान विभाग को जनपद में ड्रैगन फ्रूट फार्मिंग की संभावनाओं का विस्तृत आंकलन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट उत्साहजनक है और भविष्य में किसानों की आय वृद्धि के लिए ड्रैगन फ्रूट उत्पादन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही आम किसानों को धीरे-धीरे इसके प्रति जागरूक करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कृषकों की मांगों को ध्यान में रखते हुए पौधालय में ही सब्जी बीज एवं सब्जी पौध उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधालय की विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया और नर्सरी में तैयार प्याज की पौध को निर्धारित समय पर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पौधालय प्रभारी प्रमोद सिंह राणा एवं कुंदन सिंह दानू उपस्थित रहे।

### संस्कृत छात्र प्रतियोगिता कल से

**बागेश्वर।** पीएम श्री विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कालेज बागेश्वर में आगामी 24 और 25 नवंबर को जनपद स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कनिष्ठ वर्ग की समस्त छह प्रतियोगिताएं-संस्कृत नृत्य, संस्कृत नाटक, संस्कृत समूह गान, संस्कृत आशु भाषण, संस्कृत श्लोक उच्चारण और संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता 24 नवंबर को आयोजित की जाएंगी। वरिष्ठ वर्ग की समस्त छह प्रतियोगिताएं 25 नवंबर को होंगी। जनपद सह संयोजक पंकज प्रसाद भट्ट ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को संस्कृत भाषा के प्रति रुचि और ज्ञान को बढ़ाने का अवसर मिलेगा। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम के कुल 64 छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी, जो आगामी 3 और 4 दिसंबर को हरिद्वार में संपन्न होगी। जनपद स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को 37,800 रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

### जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का समापन

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता के तहत अलग-अलग वर्गों में कुल 12 प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें नाटक में आर्य कन्या इंटर कालेज अल्मोड़ा और संस्कार भारती संस्कृत विद्यालय झीपा सल्ट ने बाजी मारी। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से एडम्स गर्ल्स इंटर कालेज के सभागार में प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें 11 विकासखंड के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कनिष्ठ वर्ग में नृत्य व आशुभाषण में गोविंद मैमोरियल स्प्रिंग फिल्ड हाईस्कूल रानीखेत, नाटक में संस्कार भारती संस्कृत विद्यालय झीपा, श्लोकोच्चारण में विजडम कॉन्वेंट हाईस्कूल चौखुटिया ने बाजी मारी। वरिष्ठ वर्ग में नाटक में आर्य कन्या इंटर कालेज अल्मोड़ा, समूहगान में कल्याणिका वेद वेदांग विद्यालय कनरा डोल, संस्कृत वाद विवाद व आशुभाषण में संस्कार भारती संस्कृत विद्यालय झीपा, श्लोकोच्चारण में संस्कृत विद्यालय मानिला प्रथम रहे। यहां विधायक मनोज तिवारी, जिला संयोजक डा. दीपा गुप्ता, सह संयोजक डा. ललित मोहन तिवारी, गोविंद रावत, दीप पांडे, आनंद बल्लभ पांडेय, सुशील तिवारी, उमेश शर्मा, कैलाश नयाल, नारायण दत्त भट्ट आदि मौजूद रहे।

### जिले के नौ केंद्रों में हुई डीएलएड प्रवेश परीक्षा

**अल्मोड़ा।** जिले के विभिन्न केंद्रों में शनिवार को डीएलएड प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। सभी केंद्रों में कुल 1877 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। वहीं, 316 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे। शनिवार को डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए अल्मोड़ा नगर में छह और रानीखेत में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिले भर में कुल 2193 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 1877 अभ्यर्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे। राबाइंका अल्मोड़ा में 243 में से 212, अटल उत्कृष्ट जीआईसी में 320 में से 267, अल्मोड़ा इंटर कालेज में 280 में से 248, आर्य कन्या इंटर कालेज में 280 में से 254, एडम्स में 256 में से 226, रैमजे में 260 में से 277 ने परीक्षा दी। वहीं, रानीखेत में मिशन इंटर कालेज में 174 में से 135, नेशनल इंटर कालेज में 220 में से 178, राबाइंका रानीखेत में 160 में से 130 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित रही। मुख्य शिक्षा अधिकारी अत्रेश सयाना ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### मुख्य सचिव के कार्रवाई के आदेश

**काशीपुर।** आई लव मौहम्मद मार्च प्रकरण के बाद मौहल्ला अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र में उत्पीड़न एवं मानवाधिकार हनन तथा मूल अधिकार हनन की शिकायत पर मुख्य सचिव ने कार्यवाही के आदेश दिये हैं। मुख्य सचिव कार्यालय से उत्तराखंड शासन के गृह विभाग को अग्रेतर कार्यवाही हेतु शिकायत प्राप्त होने पर गृह विभाग ने पत्र संख्या 1577 दिनांक 29 अक्टूबर 2025 से इस पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से संबंधित शिकायतकर्ताओं को अवगत कराने के निर्देश के साथ उत्तराखंड के पुलिस महा. निदेशक (डीजीपी) को भेजा हैं।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल

पत्रांकः 826/सम्पत्ति कर/भवनकर–2025/2025–26/न0पा0प0/नरेन्द्र नगर    दिनांक 22 नवम्बर, 2025

## सम्पत्ति/भवन कर उपविधि–2025

### नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर सम्पत्ति/भवन कर उपविधि

नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल के सीमान्तर्गत उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत्त) की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पालिका अधिनियम –1916 की धारा 128 के अनुसार उत्तराखण्ड शासन विद्यायी एवं संसदीय कार्य विभाग की अधिसूचना संख्या–127/XXXVI/(3)/2021/27(1)/2021 देहरादून दिनांक 12 अप्रैल, 2021 के द्वारा उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 (अनुकूलन एवं उपांतरण आदेश 2002)) में उत्तराखण्ड राज्य के परिपेक्ष में अग्रेतर संशोधन के द्वारा उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 (अनुकूलन एवं उपांतरण आदेश 2002)) जिसे इसके आगे मूल अधिनियम कहा गया है, कि धारा–140 निम्नलिखित रूप से प्रतिस्थापित की गयी है, के अन्तर्गत भवनों या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर भवन/सम्पत्ति कर आरोपित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल द्वारा "सम्पत्ति/भवन कर उपविधि–2025" बनाई गयी है, जो नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–301 (1) के अन्तर्गत जनसामान्य एवं जिन पर इस उपविधि का प्रभाव पडने वाला है, उनसे आपत्ति एवं सुझाव हेतु प्रकाशित की जा रही है।

अतः सामाचार पत्र में उपविधि के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित सुझाव एवं आपत्तियाँ अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल को प्रेषित की जा सकेगी। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### सम्पत्ति/भवन कर उपविधि, 2025

1. **संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारम्भ–**
   (क) यह उपविधि नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल सम्पत्ति/भवनकर उपविधि, 2025 कहलायेगी।
   (ख) यह उपविधि नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल की सीमा में प्रवृत्त होगी।
   (ग) यह उपविधि नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढ़वाल द्वारा प्रख्यापित अथवा शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी।
2. **परिभाषाएँ–** किसी विषय या प्रंसग से कोई बात प्रतीकूल न होने पर इस उपविधि में–
   (क) **"नगर पालिका परिषद"** से तात्पर्य नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल से है।
   (ख) **"अधिशासी अधिकारी"** से तात्पर्य अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल से है।
   (ग) **"अध्यक्ष"** से तात्पर्य नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल के निर्वाचित अध्यक्ष से है।
   (घ) **"प्रशासक"** से तात्पर्य उत्तराखण्ड शांसन द्वारा नियुक्त प्रशासक नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल से है।
   (ड) **"बोर्ड"** से तात्पर्य नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर, टिहरी गढवाल के निर्वाचित अध्यक्ष/सदस्य से है।
   (च) **"अधिनियम"** से तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 (उत्तराखण्ड में यथाप्रवृत्त) से है।
   (छ) **"वार्षिक मूल्यांकन"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–140 व धारा–141 के अन्तर्गत वार्षिक मूल्य से है।
   (ज) **"सम्पत्ति/भवन कर"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–128 के अन्तर्गत भवनों या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर से है।
   (झ) **"समिति"** का तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–104 के अन्तर्गत गठित समिति से है।
   (प) **"भवन एवं भूमि"** का तात्पर्य नगर पालिका की सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि से है।
   (फ) **"स्वामी"** का तात्पर्य भवन एवं भूमि के स्वामी से है।
   (ब) **"अध्यासी"** का तात्पर्य नगर पालिका सीमान्तर्गत निर्मित भवन एवं भूमि से है।
   (छ) **"आच्छादित क्षेत्रफल"** का तात्पर्य भवन/भूमि द्वारा आच्छादित क्षेत्रफल से है,व बहुमंजिला भवन की दशा में भवन के प्रत्येक तल द्वारा आच्छादित क्षेत्रफल को जोड़ने पर प्राप्त कुल क्षेत्रफल से है।
3. नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर की सीमा के अन्दर स्थित सभी भवनों पर सम्पत्ति कर का वार्षिक मूल्यांकन भवन के आच्छादित क्षेत्रफल के आधार पर सर्किल रेट जो कि भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजनार्थ कलैक्टर द्वारा निर्धारित प्रचलन में हो, के अनुसार नियत किया जायेगा, परंतु इसमें निम्नलिखित अपवाद होंगेः'–
   1– मन्दिर, गुरूद्वारा, मस्जिद अथवा दूसरे धार्मिक संस्थाएं जो सार्वजनिक तथा रजिस्टर्ड ट्रस्ट या संस्था के अधीन हो, परन्तु जो स्थान अथवा स्थानों के भाग रहने अथवा किराये पर या अन्य प्रकार से आय अर्जित की जाती है, तो उन पर कर की छूट का नियम लागू नही होगें।
   2– अनाथालय, स्कूल, छात्रावास, चिकित्सालय, धर्मशालाएँ तथा इस प्रकार से अन्य भवन तथा भूमि जो इस प्रकार की दान की संस्थाओं की सम्पत्तियों और उन्ही संस्था द्वारा ऐसे कार्य करती हो।
   3– ऐसी सभी भूमि व इमारतें जो सरकारी सम्पत्ति हैं और किराये के लिये नहीं हैं अर्थात जिन्हें किराये पर साधारणतया नहीं दिया जा सकता हो।
4. **भवनकर /सम्पत्ति कर का निर्धारण –** सम्पत्ति कर का निर्धारण निम्नानुसार किया जायेगा–

   **सम्पत्ति कर = वार्षिक मूल्यांकन × सम्पत्ति कर दर/गुणक (0.01 प्रतिशत से 1 प्रतिशत)**

   जहाँ वार्षिक मूल्यांकन = {भवन का आच्छादित क्षेत्रफल (कारपेट क्षेत्रफल) + खाली भूमि का क्षेत्रफल} × सर्किल रेट

   1– साधारण हाउस टैक्स–0.04 प्रतिशत
   2– होम स्टे/छोटे होटल/रेस्टोरेन्ट–0.1 प्रतिशत
   3– वाणिज्यिक (3 स्टार होटल, रेस्टोरेन्ट, सोसाईटी, वेलनेस सेन्टर एवं अन्य)–0.50 प्रतिशत
   4– वाणिज्यिक (5 स्टार होटल, रेस्टोरेन्ट, सोसाईटी वेलनेस सेन्टर एवं अन्य)–0.65 प्रतिशत

   वार्षिक मूल्यांकन हेतु आच्छादित क्षेत्रफल की गणना निम्नलिखित रूप से की जायेगी–
   (क) कक्ष–आन्तारिक आयाम की पूर्ण माप।
   (ख) आच्छादित बरामदा– आन्तारिक आयाम की पूर्ण माप।
   (ग) बालकनी, गलियारा, रसोईघर और भण्डार गृह– आन्तरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप
   (घ) गैराज–आन्तरिक आयाम की एक चौथाई माप।
   (ड) स्नानागार, शौचालय, द्वारमण्डक और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल, कारपेट क्षेत्रफल का अंग नहीं होगा।
   (च) वाणिज्यिक आवसीय, वाणिज्यिक आनावासीय व गैर आवासीय भवनों एवं भारत एवं राज्य सरकार वाणिज्यिक उपक्रम की भवन एवं भूमि अथवा सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन हेतु आच्छादित क्षेत्रफल की गणना भवन या भूमि के कुल क्षेत्रफल के रूप में की जा सकेगी।

   **सम्पत्ति कर = वार्षिक मूल्यांकन × सम्पत्ति कर दर/गुणक (0.01 प्रतिशत से 1 प्रतिशत)**

   जहां वार्षिक मूल्यांकन = {भवन का आच्छादित क्षेत्रफल (कारपेट क्षेत्रफल) + खाली भूमि का क्षेत्रफल} × वाणिज्यिक सर्किल रेट
5. **कर निर्धारण के प्रयोजन –**
   (क) सम्पत्ति कर की दरों का निर्धारण प्रत्येक पांच वर्ष में 01 बार किया जायेगा। पांच वर्षों के बीच यदि किसी वर्ष सम्पत्ति के क्षेत्रफल/प्रयोजन में परिवर्तन होता है तो उस सम्पत्ति का पुनः मूल्यांकन किया जायेगा।
   (ख) सम्पत्ति कर का निर्धारण फील्ड सर्वे अथवा स्व–मूल्यांकन प्रपत्र के माध्यम से किया जायेगा। यदि किसी भवन कर दाता/अध्यासी द्वारा सर्वे में गलत सूचना दी जाती है तो शास्ति के रूप में अधिकतम 01 वर्ष के वास्तविक सम्पत्तिकर के समान धनराशि आरोपित की जायेगी।
   (ग) अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी द्वारा कर निर्धारण सूची को अंतिम रूप से अधिप्रमाणित किया जायेगा।
   (घ) सम्पत्ति कर निर्धारण के संबंध में प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई एवं निस्तारण बोर्ड अथवा समिति (अधिशासी अधिकारी तथा अध्यक्ष/प्रशासक/प्रभारी अधिकारी सम्मिलित) के स्तर से किया जायेगा।
   (ड) सम्पत्ति कर प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक बार लिया जायेगा। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में सम्पत्ति कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च होगी। 31 मार्च के पश्चात अवशेष सम्पत्ति कर में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत अतिरिक्त अधिभार वसूल किया जायेगा।
6. **कर में छूट के प्रावधान –**
   (क) नगर पालिका अधिनियम, 1916( यथा प्रवृत्त उत्तराखण्ड) की धारा 157 के अधीन आरोपित कर या कर के किसी अंश का भुगतान किये जाने से अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/बोर्ड द्वारा पुष्ट किये गये विशेष संकल्प द्वारा या निर्धनता के आधार पर, जो उनकी राय में निर्धनता के कारण भुगतान करने मे असमर्थ हो, एक वर्ष से अनधिक की अवधि के लिए छूट दे सकता है और ऐसी छूट जितनी बार वह आवश्यक समझे पुनः दे सकता है।
   (ख) बोर्ड/अध्यक्ष/प्रशासक द्वारा वर्ष की किसी नियत तिथि से पूर्व कर जमा करने पर उस वर्ष सम्पत्ति कर में छूट का प्रावधान किया जा सकेगा।
7. **कर निर्धारण की सूचियों का प्रकाशन –** भूमि एवं भवन के वार्षिक मूल्यांकन पर सम्पत्ति/भवन कर निर्धारण हेतु नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–141 के अधीन तैयार की गयी सूचीयों का प्रकाशन जनसामान्य के अवलोकनार्थ एवं निरीक्षण के लिए कार्यालय अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, द्वारा किया जायेगा तथा समाचार पत्र में इस आशय की सूचना प्रकाशित करते हुए अपील करनी होगी कि पंचवर्षीय गृहकर का निर्धारण किया जा चुका है, जिस किसी व्यक्ति अथवा भवन स्वामी या अध्यासी को निर्धारण सूची में आपत्ति दर्ज करनी है, वह 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करेगा एवं कर निर्धारण सूचीयों में प्राप्त आपत्तियों को मोहल्ले/वार्ड वार क्रम संख्या देते हुए आपत्ति एवं निस्तारण पंजिका में अंकित किया जायेगा।
8. **आपत्तियों का निस्तारण –** भूमि एवं भवन का वार्षिक मूल्यांकन अथवा कर निर्धारण, प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई एवं निस्तारण नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–104 के अन्तर्गत गठित समिति अथवा गठित न होने के फलस्वरूप अधिशासी अधिकारी द्वारा निम्न प्रकार से किया जायेगा–
   (क) प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई हेतु तिथि एवं समय नियत करते हुए आपत्तिकर्ता को लिखित सूचना प्रेषित करनी होगी।
   (ख) आपत्तियों के निस्तारण की स्थिति एवं निर्णय सम्बन्धित पत्रावली एवं आपत्ति निस्तारण पंजिका में जस्टिफिकेशन के साथ दर्ज करनी होगी।
9. **कर निर्धारण सूचियों का अभिप्रमाणीकरण और अभिरक्षा –**
   (क) अधिशासी अधिकारी या इस निमित प्राधिकृत अधिकारी, यथास्थिति, नगर पालिका परिषद, नरेन्द्र नगर (उत्तराखण्ड) क्षेत्र या उसके किसी भाग के क्षेत्रवार किराया दरों और निर्धारण सूची को अपने हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करेगा।
   (ख) इस प्रकार से अभिप्रमाणित सूची को नगर पालिका परिषद कार्यालय में जमा किया जायेगा।
   (ग) सम्पूर्ण नगर क्षेत्र की सूची जमा करने के उपरान्त ही निरीक्षण हेतु खुले होने की सार्वजनिक सूचना द्वारा घोषणा की जायेगी।
   (घ) कर निर्धारण सूचीयों में उपरोक्तानुसार सम्पूर्ण कार्यवाही होने के उपरान्त सम्पत्ति/भवन कर की मांग एवं वसूली पंजिका में अन्तिम रूप से सूची दर्ज करते हुए नगर पालिका अधिनियम–1916 की धारा–166 के अन्तर्गत दावों की निस्तारण हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही शासन द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशानुसार करनी होगी।
10. ऐसे भवन जो किराये पर दिये गये हों (आवास अथवा दुकानार्थ) उनका वार्षिक मूल्यांकन शहर की प्रचलित बाजार दर अथवा भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजनार्थ कलैक्टर द्वारा निर्धारित प्रचलित सर्किल रेट, जो भी अधिकतम हो, के अनुसार मासिक किराये के 12 गुना पर निर्धारित किया जायेगा।
11. शासकीय भूमि एवं अन्य प्रकार की भूमि पर निर्मित भवनों पर लगे भवन कर को मालिकाना हक का आधार नहीं माना जायेगा एवं व किसी भी रूप में भवनकर रसीद मालिकाना हक के अधिकार के रूप में स्वीकार नहीं होगा।
12. **कर निर्धारण सूची में नामांतरण (म्यूटेशन) –**
   (क) सम्पत्ति कर के निर्धारण सूची में परिवर्तन के लिये नामान्तरण शुल्क का निर्धारण निम्नानुसार किया जायेगा–

| क्र0सं0 | नामान्तरण का आधार | शुल्क (रूपयों में) |
|---|---|---|
| 1 | उत्तराधिकार/विरासतन/वसीयत | 1500 |
| 2 | परिवारिक रजिस्टर्ड दाननामा | 1500 |
| 3 | पंजीकरण विलेख/रजिस्ट्री बैनामा/गैर पारिवारिक दाननामा के आधार पर | विक्रय विलेख पर अंकित कुल मूल्य का 2.5 प्रतिशत |

   (ख) कर निर्धारण सूची में नामांतरण आदेश जारी करने का अधिकार प्रभारी अधिकारी/अध्यक्ष में निहित होगा।
   (ग) हर ऐसा व्यक्ति जिसको जायदाद हस्तान्तरित की गयी हो, अधिशासी अधिकारी के मांगने पर दस्तावेज (अगर लिखी गयी हैं) या उसकी एक प्रतिलिपि जो इंडियन रजिस्ट्रेशन एक्ट–1877 ई0 के अनुसार ली गयी हो, पेश करेगा।
   (घ) नामांतरण की प्रक्रिया हेतु उत्तरजीवी प्रमाण पत्र/पंजीकृत विक्रय पत्र/पंजीकृत इकरारनामा/पंजीकृत दानपत्र/पंजीकृत वसीयतनामा/बंटवारानामा या अन्य प्रकार से अधिकृत काबिज होने का लिखित साक्ष्य, अन्य हितधारकों का अनापत्ति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, शपथ पत्र, आवेदन पत्र के साथ जमा करने होंगे। अभिलेखों से संतुष्ट होने के उपरान्त नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित नामान्तरण की सूचना एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित करायी जायेगी, जिसका व्यय आवेदक को अदा करना होगा।
   (ड) नामान्तरण की सार्वजनिक सूचना संबंधित संपत्ति अथवा ऐसे स्थान जो नगर पालिका को उचित प्रतीत हो, पर चस्पा की जायेगी।
   (च) सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में कर निर्धारण सूची में आवेदक के नामांतरण को पूर्ण माना जाएगा।

**शास्ति**

नगर पालिका अधिनियम,1916 (यथाप्रवत्त उत्तराखण्ड) की धारा 299(1) के अधीन यह निर्देशित किया जाता है कि उपर्युक्त उपविधि के उल्लंघन का अर्थदण्ड निर्धारित धनराशि का 5 से 25 प्रतिशत तक हो सकता है, उल्लंघन निरंतर जारी रहने पर प्रथम दोष सिद्धि के दिनांक से दण्ड में 500 रूपये प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त जुर्माना नियत किया जायेगा।

(एलम सिंह रावत)
प्रशासक
नगर पालिका परिषद
नरेन्द्रनगर (टि0ग0)

(आशीष चन्द घिड़ियाल)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
नरेन्द्रनगर (टि0ग0)

# परिवहन विभाग की औचक छापेमारी पर व्यापारियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** परिवहन विभाग द्वारा दुकानों पर छापेमारी के विरोध में प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। अवधूत व्यापार मंडल के समर्थन में उतरे प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा।

प्रतिबंधित ऑटो पार्ट्स हॉर्न आदि को लेकर दुकानों पर छापेमारी और व्यापारियों का सामान जब्त करना परिवहन विभाग की एकतरफा कार्रवाई है। परिवहन विभाग को छापेमारी से पूर्व प्रतिबंधित पार्टस को लेकर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए था व कार्रवाई से पहले व्यापारियों से बात करनी चाहिए थी तथा व्यापारियों को समय देना चाहिए था। इसके बावजूद अगर कोई व्यापारी प्रतिबंध उत्पाद बेचता मिलता तो कार्यवाही अमल में लानी चाहिए थी। डा. विशाल गर्ग ने कहा कि सामान जब्त करने के दौरान सामान की लिस्टिंग भी होनी चाहिए थी जो नहीं की गयी। ऑनलाइन खरीदारी के कारण व्यापारी पहले से ही मंदी का सामना कर रहा है।

उन्होंने राज्य एवं केंद्र सरकार से मांग की कि ऑनलाइन खरीदारी पर भी नियंत्रण लगाना चाहिए। शहर अध्यक्ष प्रवीण शर्मा एवं तहसील अध्यक्ष आदेश मारवाड़ी ने कहा कि छापेमारी से पूर्व व्यापारियों को विश्वास में लेना चाहिए था। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा जल्दबाजी में छापेमारी अभियान चलाया गया। परिवहन विभाग की कार्रवाई से व्यापारियों में रोष की स्थिति है। प्रदर्शन करने वालों में धरेंद्र गुप्ता, राजेंद्र बिष्ट, सतीशचंद्र शर्मा, रवि जैन, रविकांत शर्मा, मनी सेठी, राजेंद्र सिंह आदि व्यापारी शामिल रहे। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व परिवहन विभाग ने अवधूत मंडल आश्रम के पास वाहनों के अवैध उपकरण बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी कर सामान जब्त किया था।



# एक निजी अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रानीपुर मोड़ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई तत्पश्चात परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। परिजनों का आरोप था कि डॉक्टरों ने इलाज में लापरवाही बरती। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। बाद में परिजन बिना औपचारिक शिकायत किए शव को साथ ले गए। शनिवार को ज्वालापुर निवासी 53 वर्षीय रजनीश देवी को परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों के अनुसार, अस्पताल में कुछ ही देर उपचार के बाद महिला की स्थिति बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिवार के लोग भड़क गए और का आरोप लगाया।

# मानसिक तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** एस.एम.जे.एन महाविद्यालय में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश में आतंरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा मानसिक तनाव प्रबंधन तथा परीक्षा पे चर्चा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महन्त रविन्द्रपुरी, अध्यक्ष, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने कहा कि आज विश्व भर में एक अरब से अधिक लोग, मानसिक स्वास्थ्य अवस्था में अपना जीवन गुजार रहे हैं। जिसका व्यक्तियों, परिवारों और अर्थव्यवस्थाओं पर गहरा असर हो रहा है। महन्त ने कहा कि आजकल जिंदगी काफी व्यस्त और तेज रफ्तार वाली हो गयी हैं। पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का असर, अत्यधिक सोशल मीडिया तथा डिजिटल साधनो के प्रयोग से युवाओं की सेहत और कॉन्फिडेंस पर भी बुरा असर देखने के साथ साथ युवा जेनरेशन मानसिक तनाव की समस्या से घिरे हुए हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुनील बत्रा ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि एक संतुलित भावनात्मक, शारीरिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्थिति है। उन्होंने सकारात्मक सोच, भावनात्मक संतुलन, आत्म-जागरूकता और सामाजिक जुड़ाव को मानसिक स्वास्थ्य के प्रमुख स्तंभ बताया। उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर समस्या है खुला संवाद गंभीर समस्याओं की रोकथाम में मदद करता है। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ संजय कुमार माहेश्वरी ने कहा कि यह कार्यशाला मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को समाज की वास्तविक समस्याओं के साथ जोड़ना आवश्यक है ताकि उपचार और देखभाल व्यापक स्तर पर प्रभावी हो सके। डॉ माहेश्वरी ने छात्र छात्राओं को कहा कि हमें अपने माता पिता से खुलकर बात करनी चाहिए क्योकि बचने का इससे बेहतर उपाय नहीं हैं। इस अवसर पर परीक्षा सम्बन्धी अवसाद को लेकर स्ट्रेस कॉउंसलर चारु सहगल ने कहा कि पढ़ाई मुश्किल नहीं होती हैं अपितु हमारी अनियंत्रित जीवन शैली के कारण हमें कठिन लगती हैं। उन्होंने छात्रों को स्क्रीन से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के चिकित्सक डॉ प्रदीप त्यागी ने मानसिक तनाव के लक्षणों तथा उनसे बचने के उपायों विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम संचालन प्रोफेसर विनय थपलियाल, डॉ मीनाक्षी शर्मा तथा डॉ पल्लवी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ शिवकुमार चौहान, वैभव बत्रा, दिव्यांश शर्मा, विनीत सक्सेना, पंकज भट्ट, सहित अनेक छात्र छात्राये मौजूद रहे।

# नशा तस्कर, चोर व ढोंगियों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नशा मुक्ति अभियान के दिशा निर्देश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर के नेतृत्व में दिनाँक 22 नवंबर की रात्रि को कोतवाली नगर पुलिस द्वारा शराब के धंधे में संलिप्त एक आरोपी जोनी पुत्र रामचंद को मय अवैध देशी शराब के साथ पकडा गया। आरोपी से 22 टैट्रा पैक अवैध देशी शराब मार्का माल्टा बरामद हुई।

ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 के दृष्टिगत अवैध शराब,स्मैक,चरस,गांजा तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्रभारी थानाध्यक्ष कनखल के कुशल नेतृत्व में शराब तस्करों की धर पकड हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा बैरागी जंगल मातृ सदन के पास से एक आरोपी को मय अबैध शराब के साथ पकडा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कनखल पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई। आरोपी से 28 पाउच पैट्रा माल्टा मार्का अवैध देशी शराब बरामद।

दिनांक 12 नवंबर को वादिया आगनबाड़ी कार्यकर्ता जमालपुर कला द्वारा थाना कनखल पर सूचना दी कि दिनांक 8 नवंबर को आंगनबाडी केन्द्र व जन सुविधा केन्द्र जमालपुर कला से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ताला तोडकर गैस सलैण्डर व अन्य वर्तनों का सामान चोरी कर लिया गया है उक्त की तहरीर के आधार पर थाना कनखल पर अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के सफल अनावरण हेतु थानाध्यक्ष कनखल के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के इलेक्ट्रानिक व मेनुअली माध्यम से अवलोकन करते हुये दिनांक 21 नवंबर को खोखरा तिराह से एक आरोपी अंकित पुत्र कौशल निवासी शिवपुरी कालौनी जगजीतपुर, कनखल को मय चोरी के सामान के साथ पकडा गया। आरोपी विकास नशे का आदि है। पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी अंकित से इण्डियन गैस सर्विस के तीन सलैण्डर, दो प्रैसर कुकर पाँच लीटर के व 550 रुपये नगदी बरामद की।

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित ऑपरेशन कालनेमी अभियान के अंतर्गत हरिद्वार में एक विशेष अभियान चल रहा है। दौराने अभियान दिनांक 22 नवंबर को कोतवाली क्षेत्र में चौकिंग के दौरान ज्वालापुर पुलिस टीम द्वारा पंद्रह बेहरूपी जो बाबा व फकीर के भेष में चिन्हित हुए सभी बेहरूपी बाबा व फकीर का भेष धारण कर तंत्र-मंत्र, जादू-टोना, चमत्कारी करतब आदि दिखाकर स्थानीय लोगों एवं यात्रियों को आकर्षित कर रहे थे। उनकी गतिविधियों के कारण आसपास भीड़-भाड़ बढ़ रही थी तथा स्थानीय लोगों एवं यात्रियों में उत्तेजना/आक्रोश उत्पन्न होने की संभावना थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस टीम द्वारा पुल जटवाड़ा क्षेत्र से सभी भेषधारियों को हिरासत में लिया। पकड़े गए कालनेमियों के विरुद्ध नियमानुसार पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सैन्य अभ्यास रैम प्रहार का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय सेना की खड्ग कोर के अंतर्गत आने वाली रैम डिविजन ने एक्सरसाइज 'रैम प्रहार' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, जीओसीख्रइनख्रसी, पश्चिमी कमांड ने हरिद्वार में 22 नवम्बर को अभ्यास के समापन पर सैन्य अभ्यास का निरीक्षण और मान्यकरण किया। यह एक प्रमुख एकीकृत सशस्त्र सेना एवं सेवाओं का युद्धाभ्यास था, जो भारतीय सेना के आधुनिक, अनुकूलनशील, तेजी और तकनीक-सक्षमता की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इस अभ्यास ने सेना की परिचालनिक तेजी, बहु-क्षेत्रीय क्षमताओं तथा भूमि, वायु और साइबर सभी क्षेत्रों में वास्तविक समय में निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि की है। वर्तमान संवेदनशील क्षेत्रीय सुरक्षा परिस्थितियों को देखते हुए यह सैन्य तैयारी, प्रतिरोधक और रणनीतिक दृढ़ शक्ति को रेखांकित करता है। अभ्यास से पहले रैम डिविजन ने विभिन्न युद्धाभ्यास ड्रिल्स और टैक्टिक्स, टेक्नीक एवं प्रोसीजर का सत्यापन किया। अभ्यास के दौरान क्वचित सेना, पैदल सेना, इंजीनियर तथा आर्मी एविएशन के द्वारा गतिशील युद्धक्षेत्र में समन्वय के साथ अभियान संचालित किया गया। अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग, इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस एकीकरण, - आधारित निर्णय सहायता तंत्र तथा नेटवर्क-सक्षम कमांड एवं कंट्रोल सिस्टम के प्रयोग ने यह दर्शाया कि भारतीय सेना जटिल और तकनीक-प्रधान युद्धक्षेत्रों में विजय प्राप्त करने की सेना की क्षमता रखती है। एक्सरसाइज रैम प्रहार भारतीय सेना की उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है जिसके माध्यम से वह समन्वय, नवाचार और जनता के साथ अपने मजबूत संबंधों से शक्ति प्राप्त करते हुए फुर्तीला, लचीला और भविष्य के लिए तैयार बने रहने का संकल्प रखती है। यह अभ्यास भारत की उस दृढ़ क्षमता का सूक्ष्म, किंतु सशक्त संकेत भी है जिसके बल पर राष्ट्र अपने हितों की रक्षा करने और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने में समर्थ है।



# स्पेल बी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भाषा के प्रति रुचि जागृत करना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** धूम सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्लास 3-5 एवं 6-8 के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भाषा के प्रति रुचि जागृत करना, उनकी स्पेलिंग क्षमता को मजबूत करना और शब्दावली को समृद्ध बनाना था। विद्यालय के निदेशक मुकुल चौहान ने कहा कि स्पेल बी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में भाषा दक्षता बढ़ाने, शब्दावली के विकास और आत्मविश्वास को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम हैं। यह न केवल उनकी पब्लिक स्पीकिंग स्किल्स को निखारती हैं बल्कि क्रिटिकल थिंकिंग और समस्या समाधान जैसी क्षमताओं को विकसित करने में भी सहायक होती हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों की सही वर्तनी, शब्दार्थ की समझ और वाक्यों में शब्दों का प्रयोग करने की क्षमता का मूल्यांकन किया गया। छात्रों ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 3-5 के विजेता अभिरथ चौहान व कक्षा 6-8 के विजेता केसर पटेल रहे। प्रधानाचार्य साधना भाटिया ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मेहनत और अनुशासन से ही सफलता मिलती है।



# खिलाड़ियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करना होगा

## युवा कल्याण विभाग की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी हरिद्वार ने प्रमोद चन्द्र पाण्डेय ने अवगत कराया है कि प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण उत्तराखण्ड शासन एवं मुख्यमंत्री के निर्देशो पर प्रतियोगिता का स्वरूप खेल महाकुम्भ प्रतियोगिता जो युवा कल्याण, खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में न्याय पंचायत, विकासखण्ड, जनपद एवं राज्य स्तर पर संचालित की जा रही है जिसमें जनप्रतिनिधि स्तर, विधायक स्तर, सांसद स्तर एवं मुख्यमंत्री ट्रॉफी के रूप में आयोजित कि जायेगी। प्रतियोगिता 14 एवं 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों हेतु निर्धारित है। प्रतिभाग करने वाले समस्त खिलाडियों को खेल महाकुम्भ पोर्टल आईडी Khelmahakumbh2025 .khelouk. पद पर खिलाडियो के रजिस्ट्रेशन, स्थल चयन तथा निर्णायकों की व्यवस्था के सम्बन्ध में दिनांक 22 नवंबर को उपरान्हन 12:00 बजे युवा कल्याण विभाग, हरिद्वार के परिसर में बैठक आयोजित की गयी। बैठक जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, प्रमोद चन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई जिसमें नोडल अधिकारी व्यायाम प्रशिक्षक मुकेश कुमार भट्ट युवा कल्याण विभाग, हरिद्वार, समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी, हरिद्वार, जिला स्तरीय खेल समन्वयक, ब्लॉक खेल समन्वयक, जिला खेल अधिकारी, खेल संस्थाओं के प्रतिनिधि, समस्त अवैतनिक खेल प्रशिक्षक एवं अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



# एसपी ने कोतवाली रानीपुर का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 22 नवंबर को पुलिस अधीक्षक नगर अभय सिंह द्वारा कोतवाली रानीपुर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एस.पी सिटी द्वारा थाना परिसर की साफख्र सफाई, कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, बैरक, आगंतुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, ब्ब्ज्छै कार्यालय तथा परिसर में स्थापित ब्ब्ज्ट कैमरों का बारिकी से निरीक्षण किया गया। थाने के असलाह एवं आपदा संबंधी उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया गया। उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से उपकरणों के उपयोग एवं कार्यप्रणाली संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों व कर्मचारियों से शस्त्र-अभ्यास भी कराया। निरीक्षण के दौरान एस.पी सिटी ने थाने में मौजूद समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों का सम्मेलन लिया। सम्मेलन में उन्होंने ई-बीट को पूर्णतः अद्यावधिक करने, लंबित विवेचनाओं एवं प्रपत्रों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही तथा अपराध नियंत्रण हेतु सतर्कता और आवश्यक रणनीति अपनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार व कोतवाली रानीपुर क्षेत्र अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।



# आपदा प्रबंधन के विविध पहलुओं पर प्रतिभागियों को जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत क्वांटम यूनिवर्सिटी में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के चौथे दिवस में प्रतिभागियों को खोज एवं बचाव तकनीकों, पशु-सुरक्षा, शीतलहर, हिमस्खलन, भूकंप आदि से संबंधित विषयों पर विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण सत्र का संचालन मास्टर ट्रेनर मनोज कंडियाल द्वारा किया गया, जिन्होंने आपदा प्रबंधन के विविध पहलुओं पर प्रतिभागियों को जागरूक किया तथा आपदा की स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया देने के तरीकों का प्रशिक्षण दिया।



# अवैध कॉलोनियो में हुए निर्माण ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अवैध निर्माणों के विरुद्ध हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की निरंतर कार्रवाई जारी है शनिवार को एच.आर.डी.ए की टीम ने जनपद में छह अवैध कॉलोनियों में हुए निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। पिछले दो दिनों में प्राधिकरण की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। एक दिन पहले भी दो बड़ी कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया गया था। लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेकर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सोनिका के निर्देश पर टीम ने हरिद्वार की राजा गार्डन कॉलोनी के पास भानू प्रताप स्कूल से आने वाले तालाब से लगते हुए मार्ग पर सूरज सैनी द्वारा अनधिकृत रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। इक्कड गांव में रामा एनकलेव से आगे, सराय रोड पर मुअज्जम अली आदि द्वारा किये गये अनधिकृत कॉलोनी का निर्माण विकास प्राधिकरण ने रुकवाया।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीपुर के जूनियर विंग में अंतर्विद्यालयी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता किड्स-बी क्विज 2025 का आयोजन किया गया। इसमें हरिद्वार, रूड़की एवं देहरादून के 23 स्कूलों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान डी.पी.एस रानीपुर अरनव सहगल, देवांश गुप्ता, अक्षय सिंघल ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान- द सेपीअन्स स्कूल विकासनगर की भव्या भिष्ट, दिवेश तोमर, सिद्धान्त शर्मा और तृतीय स्थान द सेपीअन्स स्कूल हरबरतपुर की अन्वेशा उनियाल, मानवी नेगी, अरयांशी अधिकारी ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए तथा अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता दो चरणों में सम्पन्न हुई।

प्रथम चरण की लिखित परीक्षा के आधार पर छह टीमों को फाइनल राउण्ड के लिए चयन किया गया।

# सड़क हादसे में युवती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार-नजीबाबाद मार्ग पर बुधवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवती और एक युवक की मौत हो गई। दोनों मामलों में परिजनों ने थाना श्यामपुर में तहरीर देकर बस चालकों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामलों में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पहला हादसा बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे पीली नदी पुल के पास हुआ। रुद्रपुर डिपो की रोडवेज बस की टक्कर से सिमरन उर्फ सिम्मी (18), निवासी ज्वालापुर, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता नरेंद्र और भाई आशु गंभीर रूप से घायल हुए। मृतका की माता रानी देवी निवासी मोहल्ला कड़छ, ज्वालापुर ने शुक्रवार को बस चालक के विरुद्ध तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# वाणिज्यिक मात्रा में गांजा बरामद , आरोपी की जमानत भी मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने हेतु प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत अलग अलग टीमों का गठन किया गया व गठित टीमो को कड़ी कार्रवाई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। दिनांक 21 नवंबर को दौराने चौकिंग आरोपी जगदीश पुत्र सुरेश निवासी 23 पी.ए.सी आदर्श कॉलोनी निकट काली मंदिर थाना सिविल लाईन जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश को 21 किलो 700 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजे के साथ लाल पुल अण्डर पास सर्विस रोड ज्वालापुर से पकड़ा गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली ज्वालापुर पर NDPSएक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम की ओर से कुंदन सिंह राना व एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम की ओर से विजय सिंह के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई के चलते वाणिज्यिक मात्रा में आरोपी से गाँजा बरामद, आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। वाणिज्यिक मात्रा में गाँजा बरामद होने के कारण आरोपी की जमानत भी मुश्किल है क्योंकि एन.डी.पी.एस अधिनियम 37 के अनुसार अगर नशीला पदार्थ वाणिज्यिक मात्रा में बरामद होता है तो न्यायाधीश भी एन.डी.पी.एस अधिनियम 37 के तहत जमानत खारिज करने के लिए बाध्य है लेकिन आरोपी यह साबित करने में सफल होता है कि आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं या आरोपी अवैध नशीले पदार्थ का व्यापार भविष्य में नहीं करेगा तो न्यायालय से जमानत मिलना संभव है कुल मिलाकर अगर आरोपी से वाणिज्यिक मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद होता है तो जमानत मुश्किल है।



# वाहन लूट का एक आरोपी पकड़ा, तीन की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नहर पटरी पर हुई बाइक लूट का खुलासा करते हुए थाना बहादराबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूटी गयी बाइक बरामद की घटना में शामिल अन्य तीन आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। 29 अगस्त की रात नहर पटरी पर कुछ बदमाश इक्कड़ खुर्द थाना पथरी निवासी कुर्बान पुत्र शमशाद की बाइक लूटकर फरार हो गए थे। घटना के अगले दिन कुर्बान ने पुलिस को तहरीर देकर तीन-चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद बहादराबाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने जांच पडताल करते हुए तीन सौ से अधिक सी.सी.टी.वी फुटेज चेक किए। सी.सी.टी.वी कैमरों की जांच में घटना में चार बदमाशों के शामिल होने की जानकारी सामने आयी। आरोपियों की तस्दीक व गिरफ्तारी के प्रयासों में जुटी पुलिस टीम ने शुक्रवार को अरूण पुत्र विक्रम निवासी ग्राम धर्मूपुर थाना खानपुर हरिद्वार को पथरी पुल से लूटी गयी बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में घटना में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में जानकारी मिलने पर पुलिस फरार तीनों आरोपियों की तलाश में जुट गयी है। पुलिस टीम की ओर से थानाध्यक्ष अंकुर शर्मा, एस.एस.आई नितिन बिष्ट, बाजार कस्बा चौकी प्रभारी एसआई अमित नौटियाल, कांस्टेबल निपुल यादव, बलवंत, मुकेश नेगी ने आरोपी को पकड़ने में विधिक कार्रवाई।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**

मो.: 9411100741

# 161 जिलेटिन रॉड मिलने से हड़कंप

## एसएसपी के निर्देश पर सल्ट क्षेत्र में चला सर्च ऑपरेशन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में 161 संदिग्ध जैलेटिन रॉड बरामद होने की सूचना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा द्वारा मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए बम डिस्पोजल टीम, डॉग स्क्वाड, स्थानीय व आसपास के थाना पुलिस, एलआईयू व आईआरबी को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। एसएसपी ने बताया कि कार्मिकों को घटना स्थल के आसपास जंगलों में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाने, जैलेटिन की उत्पत्ति, उद्देश्य एवं संभावित उपयोग की दिशा में तेजी से जांच करने, किसी भी प्रकार की संवे. दनशीलता को देखते हुए सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, राउमावि डबरा सल्ट के पास शुक्रवार को झाड़ियों में स्कूली बच्चों ने जिलेटिन की ये छड़ें देखने के बाद सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे एसएसपी देवेंद्र पिंचा ने बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वायड टीमों को बुलाकर सैंपल एकत्र कराए। इसके बाद पुलिस विस्फोटक को नष्ट करने की अनुमति के लिए भिकियासैंण कोर्ट पहुंची। बाद में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस देर रात तक मामले की जांच में जुटी रही। शनिवार को पुलिस की प्रारंभिक जांच में विस्फोटक एक कंस्ट्रक्शन कंपनी का बताया जा रहा है जिसे सड़क कटिंग के इस्तेमाल को लेकर छिपाकर रखा गया था। चर्चा है कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक को स्कूल के पास रखने की क्या मंशा थी। अगर स्कूली बच्चों से खेल-खेल में कोई बड़ा हादसा हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता। इधर, पुलिस मामले की हर एंगल से जांच में जुटी हुई है। एसएसपी ने कहा कि, प्रारंभिक तौर पर पता लगाया जा रहा है कि, जिलेटिन की रॉड यहां कैसे पहुंचीं और किसके द्वारा लाई गई हैं। सामान्यत: जिलेटिन की रॉड सड़क निर्माण कार्यों में पत्थर तोड़ने के काम में लाई जाती हैं। एसएसपी ने लोगों से अपील की कि इस संबंध में किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उससे अवगत कराया जाएगा।

# स्वतंत्रता सेनानियों को बताया 'शहीद'

## शिलापट देखकर स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों में आक्रोश की लहर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** पंचायती राज विभाग ने स्वतंत्रता सेनानियों को शहीद बताकर शिलापट गांव भेजे। शिलापट को देखकर स्वतंत्रता सेनानी परिवारों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा देश को आजादी दिलाने वाले शहीदों के साथ विभाग द्वारा इतिश्री की गई है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर समूचे राष्ट्र में स्वतंत्रता सेनानियों वीर सैनिकों शहीदों के गांवों में शिलापट लगनी थी। सूदूरवर्ती गांवों में शिलापट नहीं लगने की शिकायत सेनानियों के उत्तराधिकारियों द्वारा डीएम आकांक्षा कोड़े की बैठक में उठाई। जबकि ये शिलापट 15 अगस्त 2023 को सभी जगह पर लगने थे। जनपद के कांडा तहसील के सूदूरवर्ती गांव बगराटी गांव में त्रिलोक सिंह के यहां दो दिन पूर्व शिलापट पहुंचा। शिलापट में गांव के दो स्वतंत्रता सेनानियों पद्म सिंह डसीला व त्रिलोक सिंह डसीला को शहीद दर्शाया गया है। जिससे सम्बंधित परिवार से स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र पंकज डसीला हरीश डसीला ने इसे गलत बताते हुए इसे सुधारने की अपील की हैं। उत्तराधिकारियों ने पंचायत राज अधिकारी से इस सम्बन्ध में जानकारी ली, उन्होंने मामले को गंभीरता से न लेते हुए महज 1200-1500 की बात कहते हुए अपने सवालों से पल्ला झाड़ लिया। वहीं परिजनों ने डां ललित मोहन तिवारी उपजिलाधिकारी कांडा को मामले की पूरी जानकारी दी। उन्होंने संबंधित विभाग को शिलापट में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। इधर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित पंत ने शासन प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेना. नियों के नाम विभाग द्वारा काले पेंट से शिलापट पर लिखकर इतिश्री कर दी है। जो उनके बलिदान का अपमान है। सेनानियों के आश्रितों ने शिलापट में खुदाई कर गोल्डन कलर से स्वर्णिम अक्षरों में उनका नाम एवं पूरा विवरण लिखने की मांग की है।




# उत्तराखंड को खनन सुधार कार्यो के लिए केंद्र से मिले 100 करोड़ रुपये



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड को खनन सुधार के लिए लिए केंद्र सरकार द्वारा 100 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि देने पर निर्देशक राजपाल लेखा ने बताया कि खान मंत्रालय ने वर्ष 2025-26 की विशेष सहायता योजना (एसएएसीआई) के तहत उत्तराखंड सेंट्रल को माइनिंग रिकॉर्ड्स रिफॉमर्स के तहत 100 करोड़ रुपए की अतिरिकत प्रोत्साहन राशि दी है इसके पूर्व अक्टूबर 2025 में राज्य को एसएमआरआइ रैंकिंग में भी दूसरा स्थान मिला था वही प्रोत्साहन राशि के रूप में 100 करोड़ रुपए की राशि भी मिली थी इसमें कुल मिलाकर राज्य की सबसे अच्छी कंपनियों की असंगतिया कुल 200 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि मिल गई है।

वहीं भावी सरकार के अंतिम पद पर राज्यपाल लेख के उत्तराखंड के शैक्षणिक संस्थान की रैंकिंग के बाद अंतिम सरकार और व्यक्तिक शैक्षणिक योग्यता को लागू किया गया जिसका परिणाम यह है कि पावर सेक्टर में देश शीर्ष पर शामिल हो रहा है, वही मीनिंग के रिवॉर्ड रिफॉर्म से संबंधित साथ में से 6 सुधारो को के मानक को पूरा करते हुए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मध्य प्रदेश में नागालैंड जम्मू कश्मीर उत्तराखंड का प्रदर्शन सबसे अच्छा दर्ज किया गया है। बताया कि राज्य स्तर पर शक्तिशाली मॉनिटरिंग और समयबद्ध सुधारो की दिशा में ठोस कदम लगातार मजबूत होते जा रहे हैं। केंद्र सरकार के प्रोत्साहन राशि उत्तराखंड के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, जिससे आने वाले समय में उत्तराखंड की दिशा और दशा दोनों बदलेंगे।

### पेपर मिल में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**काशीपुर।** मेडकिल्क्स हॉस्पिटल द्वारा बहल पेपर मिल में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कंपनी के सीएमडी नरेश झाजी ने स्वयं अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर किया। शिविर में कंपनी के जीएम राज भंडारी, हर हेड महेश चंद्र सहित विभागों के कई अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही 200 से अधिक कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच करवाई और शिविर का लाभ उठाया। मेडकिल्क्स हॉस्पिटल की विशेषज्ञ डॉक्टर टीम ने कर्मचारियों को ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, सामान्य स्वास्थ्य जांच, जोड़ दर्द, स्किन संबंधित समस्याओं, तथा अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किए।


**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 918 | **निविदा सूचना** | दि0: 22.11.2025

कार्यालय अधि0 अभि0 (ई एंड एम), जोशियाड़ा बैराज, जोशियाड़ा उत्तरकाशी द्वारा अनुभवी फर्मों से निम्न कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है।
**निविदा सं0: 11/अधि0अभि0(ई एंड एम)/म0भा0-II/ बैराज /2025-26**
**कार्य का नामः** जोशियाडा बैराज पर सैडीमेंटेशन गैलरी में एपॉक्सी पेंटिंग के कार्य हेतु।
**कार्य की अनुमानित लागतः** रु0 9,93,396/- मात्र (जीएसटी अतिरिक्त)
**वैब साईट पर निविदा की उपलब्धता की तिथिः** 26.11.2025
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 17.12.2025 को 11:30 बजे तक
उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पूर्व योग्यता एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।
**अधिशासी अभियन्ता (ई एंड एम)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763508, 2763808, फैक्स : 0135-2763507
सी0आईएन0 सं0: U40101UR2001SGC025866, वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्र सं0: 921 | दिनांकः 22/11/2025

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण-ढालीपुर, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा संख्या- 31/EE/PCM/Dhalipur/2025-26
कार्य का नाम- ढकरानी विद्युत गृह के वार्षिक अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य।
अनुमानित लागत - Rs. 24,87,811.49 (GST अतिरिक्त)
वैव साईट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समयः 24.11.2025 को 17:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 16.12.2025 को 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट "**www.ujvnl.com**" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
**अधिशासी अभियन्ता**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड थराली

पत्रांक : 655/सिं.ख.थ/निविदा/थराली | दिनाँक : 22/11/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः- 05/अधि0अ0/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनाँक 8/12/2025 को अपराहन 01:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है जो दिनाँकः 08/12/2025 को अपराहन 03:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय सिंचाई खण्ड थराली में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनाँक 24/11/2025 से 08/12/2025 पूर्वाहन 11:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्य अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला योजना मद के अर्न्तगत थराली के रा0प्रा0वि0 लोल्टी में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण कार्य। | 39000.00 | 06 माह | 1500 + 18% GST | ई एवं उच्चतर |
| 2 | जिला योजना मद के अर्न्तगत थराली के रा0प्रा0वि0 देवलग्वाड़में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष निर्माण कार्य। | 39000.00 | 06 माह | 1500 + 18% GST | ई एवं उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।
अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड थराली



## कार्यालय नगर निगम, रूड़की हरिद्वार, उत्तरखण्ड

पत्रांकः-102/सूचना/नामपरि0/कर-अनु0/न0नि0रूड़की /2025-26 दिनांक : 22/11/2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(1)ख के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की के भवन कर अभिलेखो मे नाम परिवर्तन हेतु निम्न आवेदन प्राप्त हुए है। जिस किसी व्यक्ति को इन नामान्तरण/नामान्तरणो पर आपत्ति हो तो वह मय साक्ष्यों के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और नामान्तरण पर अन्तिम निर्णय उपलब्ध अभिलेखो के अनुसार कर दिया जायेगा।

| क्र0 सं0 | भवन सं0 व मौहल्ले का नाम | आवेदक /क्रेता का नाम | भवन कर अभिलेखो में दर्ज नाम जो निरस्त होना है। | स्वामित्व/अधिकार प्राप्ति का अधिकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 769/17, पूर्वावल्ली | श्री आदित्य अग्रवाल पुत्र स्व0 दिनेश मोहन मित्तल व श्वेता अग्रवाल पुत्री स्व0 दिनेश मोहन मित्तल | कल्पना मित्तल पत्नि दिनेश मोहन मित्तल | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 2 | 432, रामनगर | श्री राजकुमार मल्होत्रा पुत्र श्री जयप्रकाश मल्होत्रा व श्रीमति आरती मल्होत्रा पत्नि श्री राजकुमार मल्होत्रा | रमेश चन्द गाबा पुत्र श्री हरीचन्द गाबा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 3 | 350, अम्बर तालाब पूर्वी | श्री समीर रोश्यान पुत्र स्व0 श्री जितेन्द्र सिंह रोश्यान | जितेन्द्र रोशयान पुत्र स्व0 श्री ओमप्रकाश रोशयान | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 4 | 401/ए2, रामनगर | श्रीमति किरण पत्नि श्री भारत भूषण | श्री मनोज कुमार पुत्र श्री मनोहर लाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 5 | 610, रामनगर | श्री संदीप भसीन पुत्र स्व0 महेन्द्र सिंह भसीन | श्री महेन्द्र सिंह भसीन पुत्र श्री जीत सिंह | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 6 | 1225, 1227, 1228, गणेशपुर | श्री कंवरपाल सैनी पुत्र श्री चौहल सिंह | श्री रमेश पाल पुत्र इलमचन्द व जैय कुमार पुत्र इलामचन्द | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 7 | 817, पूर्वावल्ली | श्रीमति प्रीति अरोड़ा पत्नि सुनीत अरोड़ा पुत्री श्री कृष्णलाल गुलाटी | श्रीमति शारदा देवी पत्नि श्री कृष्णलाल गुलाटी | शपथ-पत्र, अन्तरण विलेख |
| 8 | 401/बी2, रामनगर | श्रीमति श्रुति बसंल पुत्री श्री मनोज बंसल | श्रीमति रेखा बंसल पत्नि श्री मनोज कुमार बंसल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 9 | 382/1, पुरानी तहसील | श्री प्रशान्त त्यागी व निशान्त त्यगी पुत्रगण श्री रणवीर सिंह | श्रीमति रूकमणी देवी पत्नि स्व0 रामकिशन | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 10 | 760, अ0 ता0 परि0 | श्री आदीश कुमार पुत्र श्री त्रिलोक चन्द | श्री बिशम्बर दास पुत्र श्री बिशन दास | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 11 | 452/1ए, सेत | श्रीमति शाईस्ता पत्नि सोहराब जाफरी उर्फ सोहराब मलिक | सोहराब जाफरी उर्फ सोहराब मलिक पुत्र मौहम्मद अफजाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 12 | 483/5, सोत | श्रीमति जीनत अमान पत्नि शेख अजीजुद्दीन | श्रीमति मोईना पत्नि रौनक अली | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 13 | 1556, गणेशपुर | श्री राजेश थापा पुत्र स्व0 चन्द्रप्रकाश | श्रीमति रेशमा देवी पत्नि स्व0 चन्द्रप्रकाश | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 14 | 850/1, रामनगर | श्री नीरज कुकडेजा पुत्र श्री जगदीश लाल कुकडेजा | श्रीमति प्रियंका लखानी पत्नि श्री रवि लखानी | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 15 | 9, पूर्वावल्ली | श्रीमति नीलू पत्नि श्री विजयदीप व श्रीमति अरूणा पत्नि श्री अरूण कुमार | श्री माधोराम पुत्र श्री कृपाराम | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 16 | 174, रामनगर | श्रीमति प्रीती अरोड़ा पत्नि श्री कृष्ण कुमार | श्री योगेश कुमार अरोडा पुत्र टी0 आर0 अरोडा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 17 | 311, चावमण्डी | श्री सचिन कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री कृष्ण चन्द गुप्ता | श्रीमति राजेश्वरी देवी पत्नि स्व0 श्री कृष्ण | शपथ-पत्र, अन्तरण विलेख, |
| 18 | 597/सी, आदर्शनगर | श्री अभिषेक कौशिक पुत्र सत्य प्रकाश शर्मा व श्रीमति आस्था शर्मा पत्नि श्री अभिषेक कौशिक | श्रीमति उमा भाटिया पत्नि श्री दिनेश भाटिया | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 19 | 1468, गणेशपुर | श्रीमति कविता सिंह पत्नि श्री चंद्रपाल | श्रीमति मीना पाण्डे पुत्री श्री नवल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 20 | 147, चावमण्डी | श्री नरेश कुमार पुत्र श्री आत्माराम व श्रीमति मीनाक्षी टंडन पत्नि श्री मनोज कुमार टंडन पुत्री श्री नरेश कुमार | विरेन्द्र कुमार त्यागी पुत्र तेजपाल सिंह त्यागी | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 21 | 295, रामनगर का जुज भाग | श्रीमति ललिता सपडा उर्फ ललिता सपरा पत्नि डा0 नारायण दास सपडा | श्री नारायण दास पुत्र श्री चन्द्र भान | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 22 | 1319, रामनगर | श्रीमति गरिमा अरोड़ा पत्नि स्व0 श्री रजनीश कुमार | राजकुमार सैनी पुत्र बलजीत सिंह व हेमन्त पुत्र रजनीश राजकुमार | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 23 | 676, रामनगर | श्री अशोक कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश | श्री राकेश कुमार पुत्र स्व0 ओम प्रकाश | शपथ-पत्र, दान-पत्र |
| 24 | 47, सिविल लाईन | श्री प्रदीप कुमार शर्मा व सन्दीप कुमार शर्मा पुत्रगण श्री हरिराम शमा | श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नि श्री हरीराम शर्मा | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 25 | 208, पूर्वावल्ली | श्रीमति प्रीति प्रकाश पत्नि श्री ओम प्रकाश व ओमप्रकाश पुत्र स्व0 टीकाराम | श्रीमति कृष्णा देवी पत्नि श्री धनश्याम दास | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 26 | 353, 353(1-2), पूर्वावल्ली | श्री विनोद कुमार सिंह व अनिल कुमार सिंह पुत्रगण स्व0 इलम सिंह चौहान | श्रीमति कृष्ण देवी पत्नि श्री धनश्याम दास | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 27 | 178, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति सीमा पत्नि श्री सु ील | श्रीमति मच्छला पत्नि श्री मित्रपाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 28 | 967, पुरानी तहसील | आलोक गोयल पुत्र स्व0 हरीश गोयल | राजरानी गोयल पत्नि स्व0 श्री हरीश गोयल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 29 | 60, मलकपुर | श्री सन्तोष कुमार पुत्र श्री बलबीर सिंह | श्रीमति रामवती पत्नि श्री रामनाथ | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 30 | 79, मलकपुर | श्री विश्वेश्वर दयाल पुत्र स्व0 श्री सुमेरचन्द | श्रीमति सावित्री देवी पत्नि श्री विशेश्वर दयाल | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 31 | 768, गणेशपुर | श्री आकाश गर्ग पुत्र श्री अरविन्द कुमार गर्ग | श्री ऋषी चौरसिया पुत्र श्री चन्द्र प्रताप चौरसिया | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 32 | 1047, सिविल लाईन | श्रीमति स्तुति गोयल पत्नि श्री तरूण गोयल व श्रीमति अल्का गोयल पत्नि श्री विवेक गोयल | श्री के0के0 बुग्गा पुत्र स्व0 डा0 एम0 एल0 बुग्गा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 33 | 82(1-11), सोत के जुज भाग | मौहम्मद माजिद पुत्र हाफिज जहूर अहमद | श्री रजत कौशिक पुत्र श्री धर्म प्रकाश कौशिक | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 34 | 482/1बी, 482/1सी, नेहरूनगर | श्री सुबोध माहेश्वरी दीनदयाल माहेश्वरी व श्रीमति मधु माहेश्वरी पत्नि श्री सुबोध माहेश्वरी व श्री मनीत माहेश्वरी व श्री सुमित माहेश्वरी पुत्रगण श्री सुबोध माहेश्वरी व श्रीमति मेघा माहेश्वरी पत्नि श्री सुमित माहेश्वरी | श्रीमति रश्मि शर्मा पत्नि आनन्द कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 35 | 1580, सिविल लाईन | श्री मनोज कुमार पुत्र स्व0 मुलखराज मदान | श्रीमति सन्तोष मदान पत्नि श्री मुलखराज मदान | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 36 | 2, अम्बर तालाब पूर्वी | श्री वरदान वर्मा पुत्र श्री दीपक कुमार वर्मा | श्री अश्वनी चांदना पुत्र श्री परमेश्वर लाल चांदना | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 37 | 3, अम्बर तालाब पूर्वी | श्रीमति शशी वर्मा पत्नि श्री दीपक कुमार वर्मा पुत्री श्री पूरण चन्द वर्मा | श्रीमति दया रानी पत्नि श्री परमेश्वर | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 38 | 170, नेहरूनगर | श्रीमति दिव्या सिंह पत्नि डा0 विकास ठाकुर व विकास ठाकुर पुत्र श्री मोहन लाल | श्री दयानन्द शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 40 | 447, मलकपुर | श्री राजन सेठी पुत्र श्री चुन्नी लाल | अनुपमा श्रीवास्तवा पत्नि राजकुमार श्रीवास्तवा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 41 | 1540/3, गणेशपुर | श्रीमति रूकमेश देवी पुत्री स्व0 सूबे सिंह उर्फ शोभाराम पत्नि कृष्णपाल सिंह | श्रीमति शहोदय पत्नि श्री शोभा सिंह | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 42 | 313, पूर्वीदीनदयाल | श्रीमति मधु पत्नि श्री संजय | श्रीमति ममता पत्नि श्री अशोक कुमार | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 43 | 374, माहिग्रान | श्रीमति यासमीन पत्नि श्री जहीर अहमद | मौ0 शहजाद पुत्र श्री यामीन व हमीदा बेगम पत्नि मौहम्मद शहजाद | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 44 | 536, गणेशपुर | श्री आयुष ग्रोवर पुत्र श्री अरूण कुमार ग्रोवर | श्री पंकज कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 श्री सुरेन्द्र स्वरूप गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 45 | 420/1, सिविल लाईन | श्री नरेश कुमार भटेजा पुत्र स्व0 श्री नरसिंह लाल | श्री संजय गुप्ता पुत्र स्व0 श्री मामचन्द गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 46 | 422/1, सिविल लाईन | श्री नरेश कुमार भटेजा पुत्र स्व0 श्री नरसिंह लाल | शरद गुप्ता पुत्र स्व0 श्री मामचन्द गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 47 | 421, सिविल लाईन के जुज भाग | श्री नरेश कुमार भटेजा पुत्र स्व0 श्री नरसिंह लाल | शरद गुप्ता पुत्र स्व0 श्री मामचन्द गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 48 | 421, सिविल लाईन के जुज भाग | श्री नरेश कुमार भटेजा पुत्र स्व0 श्री नरसिंह लाल | संजय गुप्ता पुत्र स्व0 श्री मामचन्द गुप्ता | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 49 | 765, अ0ता0 परि0 | श्रीमति डोली चंचल पत्नि श्री सरूज कुमार चंचल | पीयूष उर्फ मनोज कुमार व मुकेश कुमार पुत्र स्व0 ब्रहमप्रकाश व शीला देवी पत्नि स्व0 सजय | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 50 | 1017/2, रामनगर | कुमारी रूचि सैनी पुत्री श्री श्याम लाल | अरूण अरोरा पुत्र सुभाषचन्द्र अरोरा व किरन अरोरा पत्नि अरूण अरोरा व अनीश अरोरा पुत्र श्री अरूण अरोरा व कुमारी अनिष्का अरोरा पुत्री आशीष अरोरा | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |
| 51 | 322, सिविल लाईन | श्री अमित सिंह पुत्र श्री शीश पाल सिंह | श्री अजमेरी लाल | शपथ-पत्र, विक्रय-पत्र |

कर-लिपिक
नगर निगम रूड़की

कर-अधीक्षक
नगर निगम रूड़की

# दिल्ली में ब्लास्ट, जनपद में टेरेरिस्ट की तलाश!

## मुख्यालय से मिले आदेश: नैनीताल जिले के 13 प्वाइंट पर पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

दून में डाक्टर और पिथौरागढ़ में एक महिला से मिला आतंकियों का संपर्क



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दिल्ली में 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट के मामले में व्हाइट कॉलर आतंकियों के तार उत्तराखंड से जुड़ने की आशंका ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। विशेष रूप से नैनीताल जिले में अब इस मामले की जांच को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा, ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार जिलों में भी पुलिस सक्रिय रूप से चेकिंग कर रही है। सुरक्षा एजेंसियां गुप्त तरीके से जिले में व्हाइट कॉलर टेररिज्म से जुड़े संभावित कनेक्शनों का पता लगाने में जुटी हुई हैं। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली धमाके के साजिशकर्ताओं के तार उत्तराखंड के तराई क्षेत्र से जुड़ते दिखाई दे रहे हैं। जांच के दौरान यह पता चला है कि धमाके में शामिल साजिशकर्ता कई बार उत्तराखंड में आ चुके थे। इंटेलिजेंस इनपुट्स के आधार पर एसटीएफ की टीमें रुड़की, हरिद्वार, ऊधम. सिंहनगर और पिथौरागढ़ में गुप्त जांच कर रही हैं, और अब तक सात कनेक्शनों का पता चला है, जिनमें प्लेसमेंट एजेंसी संचालक और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोग शामिल हैं। खुफिया एजेंसियों द्वारा की गई जांच के बाद दिल्ली धमाके के मुख्य आरोपी डा. उमर उन नबी और उसके गिरफ्तार सहयोगियों आमिर राशिद अली, डा. मुजम्मिल शकील, डा. आदिल राठर और डा. शाहीन शाहिद के कॉल रिकॉर्ड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच की जा रही है। इन डाटा से मिले सुरागों के आधार पर अब यह आशंका जताई जा रही है कि दिल्ली धमाके का मामला नैनीताल से भी जुड़ सकता है। हालांकि पुलिस इस मामले पर अधिक जानकारी देने से बच रही है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने कहा कि पुलिस मुख्यालय से उन्हें सघन चेकिंग के निर्देश प्राप्त हुए हैं, और इसीलिए जिले में शनिवार से 13 प्वाइंट्स पर चेकिंग शुरू कर दी गई है। चेकिंग के दौरान जिले की सीमाओं और शहरी क्षेत्रों को कवर किया जा रहा है।

### फोन नंबर और ई-मेल ट्रेल ने बढ़ाई जांच की गंभीरता

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों के मोबाइल डेटा और डिजिटल फुटप्रिंट में उत्तराखंड से जुड़े दो फोन नंबर, एक ई-मेल ट्रेल और रुड़की क्षेत्र में हुई एक मुलाकात के संकेत मिले हैं। इनमें से एक आरोपी ने पिछले दो महीने में देहरादून और हरिद्वार के बीच कम से कम तीन बार यात्रा की थी। जिसके बाद देहरादून, हरिद्वार, रुड़की और ऊधमसिंह के कई ठिकानों पर निगरानी व गुप्त जांच तेज हो गई है। जांच टीमों को एक चैटिंग एप में मिले चैट बैकअप से पता चला कि आरोपियों ने उत्तराखंड को सेफ मीटिंग प्वाइंट के रूप में इस्तेमाल की बात कही। जांच इस आतंकी मॉड्यूल को पूरी तरह से बेनकाब करने की दिशा में चेकिंग को अहम कड़ी माना जा रहा है।

# हिन्दूवादी नेता विपिन पांडे को सशर्त जमानत

उजाला नगर में हुई हिंसा के आरोप में हुई थी गिरफ्तारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते दिनों बनभूलपुरा के उजाला नगर में हुई हिंसक के आरोप में गिरफ्तार भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व प्रदेश मंत्री विपिन पांडे को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था, लेकिन शनिवार को अपर मुख्य न्याय मजिस्ट्रेट की अदालत में दायर जमानत याचिका पर अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए साक्ष्य के अभाव पर विपिन पांडे को जमानत में रिहा कर दिया। बता दें कि बीते 16 नवंबर को उजाला नगर स्थित उजालेश्वर मंदिर के बाहर गोवंश (बछड़े) का कटा सिर मिलने के बाद पूरे शहर में तनाव बढ़ गया था। घटना की सूचना पर हिंदूवादी संगठनों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया तो पुलिस को भीड़ नियंत्रण करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इस घटना को लेकर कमलुवागांजा क्षेत्र निवासी हिन्दूवादी नेता एवं पूर्व भाजयुमों नेता विपिन पांडे पर आरोप था कि उन्होंने इस घटना के दौरान लोगों को भड़काया और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट भी डाली। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गुरुवार शाम को गिरफ्तार किया और शुक्रवार सुबह न्यायालय में पेश किया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। शनिवार को एसीजेएम कोर्ट में विपिन पांडे की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान आरा. पी के वकील नीरज कैड़ा, रोशनी मिश्रा और संजय तिवारी ने अदालत से कहा कि मामले की जांच अभी जारी है और आरोपी पूरा सहयोग करने के लिए तैयार है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद विपिन पांडे को जमानत पर रिहा कर दिया।

# प्यार में घर छोड़ा, गढ़ी अपहरण की झूठी कहानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कोतवाली थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक 16 साल की लड़की को अलीगढ़ में रहने वाले एक नाबालिग लड़के से प्यार हो गया, जिसके बाद उसने घर छोड़ दिया। प्यार का राज ना खुल जाए तो लड़की ने अपहरण का झूठा आरोप लगाया, लेकिन पुलिस ने जांच के दौरान पूरी सच्चाई उजागर कर दी। बहरहाल, अब इस मामले में पुलिस नाबालिग लड़की कोर्ट के समक्ष पेश करेगी और कोर्ट में दिए बयानों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। बता दें कि हल्द्वानी शहर की एक नाबालिग लड़की बीते 20 नवंबर को अचानक घर से गायब हो गई, खाफी खोजबीन की लेकिन जब कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लड़की की तलाश शुरू कर दी। लेकिन लड़की का मोबाइल बंद था। अगले दिन पुलिस को एक इमरज. 'सी कॉल प्राप्त हुआ, जिसमें लड़की ने एसओएस बटन दबाकर बताया कि एक पगड़ी पहने युवक ने उसका अपहरण कर लिया था और वह बड़ी मुश्किल से जान बचाकर भागी है। यह सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम अलीगढ़ पहुंची। पुलिस ने लड़की से जब प्राथमिक बातचीत की तो मामला संदिग्ध दिखा। लड़की को सीडब्ल्यूसी के सुपुर्द किया गया, जहां काउंसलिंग के दौरान उसने सच्चाई बताई। लड़की ने स्वीकार किया कि इंस्टाग्राम के जरिए उसकी मुलाकात अलीगढ़ में रहने वाले एक लड़के से हुई थी। उसी लड़के से मिलने के लिए वह घर से भागी थी। लेकिन अगले दिन उसे यह चिंता सताने लगी कि अब वह घरवालों को क्या बताएगी, इसलिए उसने अपहरण की झूठी कहानी गढ़ दी। अब पुलिस ने इस मामले में नाबालिग लड़की को कोर्ट के समक्ष पेश करने की तैयारी की है। कोर्ट में दिए गए बयान के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया है और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### बेटी लापता हुई मां ने रिश्तेदारों को लिया निशाने पर

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते नाबालिग लड़की के लापता होने के बाद, उसकी मां ने अपने रिश्तेदारों को संदिग्ध ठहराया, जिनके साथ उसका संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा कि लड़की के पिता की मृत्यु के बाद मां और रिश्तेदारों के बीच संपत्ति को लेकर मतभेद थे। जब लड़की अचानक गायब हुई, तो मां ने सबसे पहले उन्हीं रिश्तेदारों को शक के घेरे में लिया। हालांकि पुलिस ने अपनी जांच से यह स्पष्ट किया कि लापता होने का मामला कुछ और था और सारी कहानी अलग निकली।

### सैलानियों की बढ़ी आमद

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर में वीकेंड के चलते सुबह से लेकर शाम तक पर्यटकों की आमद बढ़ने से खूब रौनक देखने को मिली। इस बीच पर्यटकों की आमद बढ़ने की वजह से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े सभी कारोबारियों को भी राहत मिली है। देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने नैनीझील में नौका विहार करने के साथ ही स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, वाटरफॉल, चिड़ियाघर व केव गार्डन समेत अन्य दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। पर्यटकों की एकाएक बढ़ी आवक से नगर के अधिकांश होटलों के कमरे भी भरना शुरु हो गए हैं। लेक ब्रिज टोल टैकस के मुताबिक शनिवार को करीब 1400 पर्यटक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया। नगर में सैलानियों की आमद में वृद्धि कारण दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का स्तर बेहद खराब होना बताया जा रहा है।

# न्यायालय के आदेश पर मुकदमा

## मुखबिरी के शक में छात्रसंघ चुनाव के दौरान हुई थी मारपीट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** छात्रसंघ चुनाव के दौरान मुखबिरी करने के शक में तीन युवकों ने एक युवक को बेरहमी से पिटाई कर उसके कान के पर्द फाड़ दिए थे। पीड़ित ने जब पुलिस से न्याय की गुहार लगाई तो पुलिस ने नहीं सुनी। इसके बाद पीड़ित युवक ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार चोरगलिया निवासी रमेश चंद्र जोशी ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिए गए पत्र में कहा कि बीते 19 सितंबर की रात करीब 12 बजे वह अपने दोस्त के घर से लौट रहा था। इस दौरान एबीवीपी के कार्यालय के पास उसे तीन युवकों सिब्बू पंडित, आदित्य ठाकुर और त्रिलोक नेगी ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करने के बाद मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इन्हें रमेश पर छात्रसंघ चुनाव के प्रत्याशी की रेकी करने का शक था। तीनों युवकों ने उसे इतनी बुरी तरह मारपीट कर अधमरा छोड़ गए। जिसके बाद पीड़ित युवक ने किसी तरह मौके से भागकर बेस अस्पताल में मेडिकल करवाया। 20 सितंबर को जब जांच की गई, तो पता चला कि उसके एक कान का पर्दा फट गया है, जिसका इलाज अभी भी चल रहा है। पीड़ित रमेश ने बताया कि इस मामले को लेकर उसने 20 सितंबर को पुलिस को लिखित तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद 23 सितंबर को उसने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी मामले की शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली और शिकायती पत्र दिया। न्यायालय ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाल अमरचंद शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# मजदूरी का पैसा मांगा, मिली मार

## आरोप: मालिक ने ठेकेदार के घर घुसकर की मारपीट, पत्नी के फाड़े कपड़े

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भवन निर्माण के बाद मजदूरी मांगने पर एक ठेकेदार को भवन मालिक ने बुरी तरह पीट दिया। आरोप है कि न केवल ठेकेदार, बल्कि उसकी पत्नी भी हमले का शिकार हुई और आरोपी ने उनके कपड़े भी फाड़ दिए। मामले की जांच के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके बाद पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत पत्र सौंपा है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के रहने वाले छोटे लाल, जो परिवार के साथ मल्ला चौफुला वार्ड-37 दमुवाढूंगा में रहते हैं, एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी को सौंपे शिकायत पत्र में छोटे लाल ने आरोप लगाया कि वार्ड-36 में उन्होंने एक मकान बनाने का ठेका लिया था और दीपावली से पहले उन्हें मजदूरों को मजदूरी देनी थी। मकान मालिक पर 60 हजार रुपये का बकाया था। अक्टूबर में उन्होंने बकाया राशि मांगने पर मकान मालिक ने उन्हें अपमानित करते हुए भगा दिया। आरोप है कि दीपावली की रात मकान मालिक अपने कुछ साथियों के साथ छोटे लाल के घर में घुस आया। गालियां देते हुए उसे बुरी तरह पीटा और जब उसकी पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए। शिकायती पत्र में कहा घटना के तुरंत बाद उसने डायल 112 पर फोन किया, लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद उन्होंने दमुवाढूंगा के अंबेडकर पार्क पुलिस चौकी में लिखित शिकायत दी, लेकिन वहां भी कोई भी सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी ने भरोसा दिया कि मामले की जांच की जायेगी और जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व पर प्रभात फेरी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी पर्व के अवसर पर शनिवार को गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा से पहली प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह फेरी प्रातः 5 बजे से शुरू होकर गोविंदपुरा, सुभाष नगर, ठंडी सड़क की गलियों से होती हुई गुरुद्वारा श्री गुरु नानकपुरा में संपन्न हुई। इस अवसर पर संगत ने गुरबाणी का गायन करते हुए मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। प्रभात फेरी में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। संगत द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी को समर्पित शब्द कीर्तन किया गया, जो श्रद्धा और भक्ति से भरा हुआ था। प्रभात फेरी के समापन के बाद, प्रबंधक कमेटी द्वारा संगत को लंगर का वितरण किया गया। इसी क्रम में कल यानि आज रविवार की सुबह दूसरी प्रभात फेरी गुरु नानकपुरा से होते हुए नैनीताल रोड तक निकाली जाएगी। इस मौके पर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजीत सिंह सच्चर, जसपाल सिंह कोहली, बलजीत कौर, सतवंत कौर, दिलप्रीत सिंह, विक्की सेठी, तरनजीत सिंह, हरजीत सिंह चड्ढा, अर्श दीप सिंह कोहली सहित कई लोग मौजूद रहे।

### शहीदी दिवस: शिविर में 101 लोगों ने किया रक्तदान

**हल्द्वानी।** सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर शनिवार को सिख फेडरेशन द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को नमन करते हुए कुल 101 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम में विधायक सुमित हृदयेश, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री शंकर कोरंगा, तथा समाजसेवी परमजीत सिंह कोहली, जगजीत आनंद, ललित जोशी, प्रदीप बिष्ट सहित सिख फेडरेशन के गुरप्रीत सिंह प्रिन्स, गगनदीप सिंह कोहली, परमजीत सिंह पम्मा, मोनू कपूर, कुलबीर सिंह, तरन बिंद्रा, अमन कोहली, मनप्रीत सेठी, जसकरन चड्ढा, गुरजीत कोहली, गगन धीर, जसमीत छाबड़ा, रिम्पी नरूला, प्रिन्स सयाली, सुरजीत चड्ढा, अमरजीत आनंद, जगमीत आनंद, हरजीत सच्चर, हरजीत चड्ढा आदि मौजूद रहे।



# कट-ऑफ डेट बढ़ाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कट-ऑफ डेट बढ़ाने की मांग को लेकर शनिवार को वार्ड-27 के पार्षद रोहित कुमार ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 12 नवम्बर को हुई कैबिनेट बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि जो भी दैनिक वेतन, संविदा, अंशकालिक व तथ्य कर्मचारी 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उन्हें नियमित किया जाएगा, और इसकी कट-ऑफ डेट 2018 निर्धारित की गई है। पार्षद रोहित कुमार ने कहा कि नगर निगम हल्द्वानी में कार्यरत कई कर्मचारी इस लाभ से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि उनकी नियुक्ति 2018 के बाद हुई है। इस स्थिति में कर्मचारियों ने सरकार से कट-ऑफ डेट 2025 तक बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि केवल संविदा कर्मियों ही नहीं, बल्कि मौहल्ला समिति कर्मियों, आउटसोर्स कर्मचारियों, रात्रि गैंग और नाला गैंग के कर्मचारियों को भी नियमितीकरण की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस कदम से न केवल कर्मचारियों का मानसिक हौसला बढ़ेगा, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी अधिक स्थिरता और कार्यकुशलता आएगी। उन्होंने कहा कि वह जल्द ही कर्मचारी संगठन के साथ इस मामले को शासन और सरकार तक पहुंचायेंगे।



# शिवालिक के बच्चों ने देखी आंचल दुग्धशाला

## उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक परीक्षण तकनीकों की मिली विस्तृत जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आंचल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड ने शिवा. लिक इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए मुख्य दुग्धशाला का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को दुग्ध उत्पादों के उत्पादन गुणवत्ता नियंत्रण और आधुनिक परीक्षण प्रक्रियाओं की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना था। करीब 90 विद्यार्थियों को आंचल के दूध, घी, मक्खन, पनीर, छाछ, मट्ठा, खोया, लस्सी और क्रीम जैसे विभिन्न उत्पादों के निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का लाइव अवलोकन कराया गया। बच्चों ने अत्याधुनिक मशीनरी, स्वच्छता मानकों और हाइजीनिक पैकेजिंग सिस्टम को नजदीक से देखा। दुग्ध संघ के प्रशासन-विपणन प्रभारी संजय सिंह भाकुनी ने विद्यार्थियों को बाजार में उपलब्ध मिलावटयुक्त दुग्ध उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने शुद्ध, सुरक्षित और प्रमाणित उत्पादों के चयन पर जोर देते हुए बताया कि आंचल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए उच्च गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन करता है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन तकनीक, परीक्षण प्रयोगशालाओं और गुणवत्ता जांच प्रक्रियाओं को समझने के लिए कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल और विस्तृत रूप से उत्तर दिया। कार्यक्रम में अनुराग शर्मा, उमेश पठालनी, धर्मेन्द्र सिंह राणा, विजय चौहान, मनोज कुमार, सुमित पांडे, संजय तिवारी सहित शिक्षक शिखा वर्मा, शालिनी जोशी और दिवाकर राणा मौजूद रहे।



# इन्फेक्शन कंट्रोल प्रक्रियाओं का इंटरैक्टिव डेमोंस्ट्रेशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विश्व एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस एएमआर जागरूकता सप्ताह के तहत हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का शनिवार को समापन हो गया। अंतिम दिन राजकीय मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में पैरामेडिकल छात्रों के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान छात्रों को एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस के कारण, इसके बढ़ते वैश्विक खतरे तथा एंटीबायोटिक के विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि एंटीबायोटिक्स का अनियंत्रित और गलत उपयोग ही एएमआर की सबसे बड़ी वजह बनता जा रहा है, जिसका असर इलाज की प्रभावशीलता पर पड़ता है। कार्यक्रम में हैंड हाइजीन, अस्पतालों में संक्रमण नियंत्रण की नीतियों तथा संक्रमण रोकथाम के व्यावहारिक उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। छात्रों को डब्लूएचओ हैंड हाइजीन तकनीक, पीपीई के सुरक्षित प्रयोग और विभिन्न महत्वपूर्ण इन्फेक्शन कंट्रोल प्रक्रियाओं का इंटरैक्टिव डेमोंस्ट्रेशन भी दिया गया।



# रानीबाग में कूड़ा गाड़ी खराब होने से लंबा जाम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर में वीकेंड की शुरुआत में ही शनिवार को सड़क पर जाम ने राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह से लेकर दोपहर तक जाम लगा रहा, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। कड़ी मशक्कत के बावजूद पुलिस जाम को जल्द नहीं खोल पाई। हालांकि, गनीमत यह रही कि जाम के चलते वाहनों के पहिए ज्यादा समय तक नहीं थमे रहे।

शनिवार की सुबह यह जाम की समस्या तब उत्पन्न हुई जब नैनीताल से नगर पालिका की एक कूड़ा गाड़ी हल्द्वानी पहुंचने से पहले रानीबाग में एनसीसी के सामने खराब हो गई। कूड़ा गाड़ी के खराब होते ही रानीबाग से काठगोदाम तक लंबा जाम लग गया। जाम के लगते ही राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चालक ने कई प्रयास किए, लेकिन गाड़ी स्टार्ट नहीं हो पाई। इस दौरान सड़क संकरी होने की वजह से जाम लगने लगा और देखते ही लंबा जाम रानीबाग से काठगोदाम तक लग गया। जाम की सूचना मिलने पर टीआई महेश चंद्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक लोग जाम में फंसकर अपनी गाड़ी निकालने की कोशिश में और भी परेशान हो गए थे। टीआई और उनकी टीम ने बहुत मेहनत की और धीरे-धीरे यातायात को सुचारू किया। इसके बाद कूड़ा गाड़ी को धक्का मार कर सड़क से हटा कर किनारे लगाया। लेकिन तब तक भीमताल तिराहा और नरीमन तिराहा पर वाहन तिरछे लग गए थे और जाम काठगोदाम रेलवे स्टेशन से भीमताल तिराहे तक फैल चुका था। दोपहर करीब डेढ़ बजे तक स्थिति सामान्य हो पाई, हालांकि तब तक वाहनों की रफ्तार रेंग-रेंग कर चल रही थी। टीआई महेश चंद्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कूड़ा गाड़ी के खराब होने की वजह से जाम लग गया था लेकिन पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद स्थिति सामान्य कर यातायात को सुचारू करा दिया गया।



पांच घंटे करनी पड़ी पुलिस को मशक्कत

### कैंचीधाम जाने वाले वाहनों को रोका जाएगा, शटल सेवा की व्यवस्था

**हल्द्वानी।** रविवार को कैंचीधाम में उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने यातायात डायवर्जन और शटल सेवा की व्यवस्था करने का फैसला लिया है। अब भक्तों को अपने वाहनों के साथ सीधे कैंचीधाम जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके बजाय, प्रशासन ने भक्तों को धाम तक पहुंचाने के लिए शटल सेवा शुरू करने का निर्णय लिया है, और साथ ही कई मार्गों पर यातायात डायवर्ट भी किया जाएगा। पुलिस के अनुसार 8 बजे से कैंचीधाम जाने वाले रूट पर वाहनों का दबाव अधिक हो सकता है, इसलिए एक विशेष यातायात डायवर्जन प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत नैनीताल और ज्योलिकोट से जाने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनिटोरियम में पार्क किया जाएगा, और वहां से शटल सेवा के जरिए भक्तों को कैंचीधाम भेजा जाएगा। भीमताल मार्ग से कैंचीधाम जाने वाले वाहनों को विकास भवन, भीमताल में पार्क किया जाएगा, और वहां से शटल सेवा के माध्यम से भक्तों को कैंची धाम भेजा जाएगा। हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले भारी वाहन भीमताल रोड से खुटानी, मुक्तेश्वर और रामगढ़ होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। ज्योलिकोट से जाने वाले वाहनों को यातायात सामान्य होने तक गेठिया क्षेत्र में रोका जाएगा। हालांकि आवश्यक सेवाओं जैसे सब्जी, फल, दूध, गैस, ईंधन आदि का आवागमन बिना रुकावट के जारी रहेगा। इसके अलावा अल्मोड़ा, रानीखेत और बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर जाने वाले भारी वाहन क्वारब, रामगढ़, मुक्तेश्वर और खुटानी से होते हुए भीमताल तक पहुंचेंगे।

### दिनभर बादलों का डेरा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार को अन्य दिनों की तुलना में अधिक ठंड महसूस की गयी। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानक. री के मुताबिक शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 18 जबकि न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। खास बात यह रही कि कई लोग ठंड से बचने के लिए दिन में आग सेकते भी नजर आए। मौसम के बदले मिजाज के चलते लोग कयास लगा रहे हैं कि आने वाले दिनों में भी मौसम का अगर यही हाल रहा तो जल्द ही नैनीताल में मौसम का पहला हिमपात देखने को मिलेगा। बता दें नगर में वीकेंड के चलते शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे सैकड़ों पर्यटकों की वजह से रौनक बनी हुई है। पर्यटकों ने भी ठंड की परवाह किए बगैर दिनभर नैनीताल की शान समझी जाने वाली नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही दर्शनीय स्थलों का आनंद लिया।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
'कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत-पाक टी-20 विश्व कप के एक ही ग्रुप में




■ दोनों को अलग-अलग ड्रॉ मिले हैं, टॉप रैंक भारत को यकीनन एक आसान से क्लस्टर में रखा गया

■ कुछ ऐसा है पाकिस्तान भी क्लेम कर सकता है, पर श्रीलंका भी शायद उतना लक्की महसूस न करे

■ टीम इंडिया अपना टी-20 वर्ल्ड कप कैंपेन अमेरिका के खिलाफ मुक.ाबले के साथ शुरू करेगी

**दुबई।** भारत और श्रीलंका, जो अगले साल की शुरुआत में ट्वेंटी-20 वर्ल्ड कप के संयुक्त मेजबान हैं, उन्हें अलग-अलग ड्रॉ मिले हैं। टॉप रैंक वाली भारत को, यकीनन, एक आसान क्लस्टर में रखा गया है, कुछ ऐसा जो पाकिस्तान भी क्लेम कर सकता है, पर श्रीलंका शायद उतना लक्की महसूस न करे।

आइलैंड देश (आईसीसी रैंकिंग में नंबर 8) को तीन और फुल-मेंबर टेस्ट खेलने वाली टीमों - ऑस्ट्रेलिया (नंबर 2), जिम्बाब्वे (नंबर 11) और आयरलैंड (नंबर 12) - के साथ ओमान (नंबर 20) के साथ ग्रुप में रखा गया है। यह ग्रुप ऑफ डेथ हो सकता है। दूसरी ओर, भारत और पाकिस्तान (नंबर 7) ही अपने ब्रैकेट में टेस्ट खेलने वाले देश हैं, जबकि नीदरलैंड्स (नंबर 13), नामीबिया (नंबर 15) और अमे. रिका (नंबर 18) पांच टीमों की लाइनअप को पूरा करते हैं। हर पूल से दो टीमें सुपर आठ स्टेज के लिए क्वालीफाई कर रही हैं, इसलिए चैंपियनशिप के दूसरे वीकेंड - 15 फरवरी को होने वाले अपने ब्लॉकबस्टर मुकाबले में नतीजे चाहे जो भी हों, कट्टर दुश्मनों के लिए अगले राउंड में पहुंचना आसान होना चाहिए। बेशक, यहां एक डिस्क्लेमर जोड़ना जरूरी है: पाकिस्तान 2024 के पिछले एडिशन में अमे. रिका से हार गया था। पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप हैं, और यह कहा जा सकता है कि शुरुआती स्टेज में कई ग्रुप ऑफ डेथ हैं। इंग्लैंड (नंबर 3) और वेस्टइंडीज (नंबर 6), दोनों पूर्व चैंपियन, बांग्लादेश (नंबर 9) के साथ हैं, जो एक पूर्ण सदस्य और एक मजबूत टीम है, खासकर सबकॉन्टिनेंटल कंडीशन में। तीनों को नेपाल (नंबर 17) के साथ ग्रुप में रखा गया है और वे दुनिया की 28वीं रैंक वाली टीम इटली के साथ हैं। रनर-अप साउथ अफ्रीका (नंबर 5) भी एक मुश्किल क्लस्टर में है। थ्योरी के हिसाब से, उन्हें अगले राउंड में पहुंचने के लिए न्यूजीलैंड (4) या अफगानिस्तान (10) में से कम से कम एक को हराना होगा, टी-20 क्रिकेट में ये दोनों टीमें आसान नहीं होतीं, खासकर यह देखते हुए कि वे 7 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाली चैंपियनशिप में अपने ग्रुप की दूसरी दो टीमों, यूएई (16) और कनाडा (18) के खिलाफ आसान समय की उम्मीद कर सकते हैं। भारत अपना वर्ल्ड कप कैंपेन अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगा, उसके बाद नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के खिलाफ लीग मैच होंगे। भारत-पाकिस्तान का बड़ा मैच कोलंबो में खेला जाएगा। भारत में मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली और अहमदाबाद ऐसे शहर हैं जो मैचों की मेजबानी करेंगे। श्रीलंका में, कोलंबो के दो ग्राउंड के अलावा कैंडी भी एक वेन्यू होगा। अहमदाबाद में फाइनल होगा, जब तक कि पाकिस्तान टाइटल क्लैश में न पहुंच जाए। मुंबई और कोलकाता सेमीफाइनल मैचों के लिए लाइन में हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि कौन सी टीमें लास्ट -फोर स्टेज के लिए क्वालिफाई करती हैं। कोल. ंबो को एक सेमीफाइनल और फाइनल के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है, अगर पाक चैंपियनशिप में इतनी दूर तक आगे बढ़ता है। हर पूल से पहली दो टीमें सुपर आठ के लिए क्वालिफाई करेंगी, जहां से टॉप चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद फाइनल होगा। आईसीसी 25 नवम्बर को मुंबई में ड्रॉ का खुलासा करेगी।

# माहित संधू ने 50 मीटर राइफल में जीता गोल्ड




**टोक्यो।** भारत की माहित संधू ने टोक्यो में अपने पहले समर डेफलंपिक्स में महिलाओं के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में गोल्ड मेडल जीता, जिससे उनके मेडल की संख्या चार हो गई।

कड़े मुकाबले वाले फाइनल में, माहित ने 45 शॉट के बाद कुल 456-0 का स्कोर बनाया और गेम्स में अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीता। साउथ कोरिया की डेन जियोंग ने 453-5 के फाइनल स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि हंगरी की मीरा जुजाना बियातोव्स्की ने 438-6 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। माहित ने फाइनल तक पहुं. चने के दौरान डेफ क्वालि फिकेशन वर्ल्ड रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ा। क्वालिफिकेशन में माहित ने नीलिंग में 194, प्रोन में 198 और स्टैंडिग में 193 स्कोर के साथ 585-31ग शॉट लगाए, जिससे उन्होंने पिछले साल हना. ेवर में वर्ल्ड डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में बनाया गया अपना ही 576 का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। कॉम्पिटिशन में दूसरी भारतीय नताशा जोशी ने 566-12ग के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह 417-1 के स्कोर के साथ फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। फाइनल में माहित नीलिग, प्रोन और स्टैंडिग सीरीज के दस शॉट पूरे करने के बाद टॉप पर थीं। 41वें शॉट में, माहित ने 9-4 और डेन जियोंग के 10-1 ने कोरियाई खिलाड़ी को बढ़त दिलाई, लेकिन माहित ने जोरदार वापसी।

## खेल विशेष

### बंगलादेश जीत से चार विकेट दूर

**मीरपुर ।** बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद तैजुल इस्लाम (तीन विकेट) और हसन मुराद (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन 509 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड के दूसरी पारी में 176 के स्कोर पर छह विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। मैच जीतने के लिए बंगलादेश को चार विकेट और आयरलैंड को 333 रनों की दरदार है। बंगलादेश ने कल के एक विकेट पर 156 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आयरलैंड को दूसरी सफलता एंडी मैक्ब्राइन ने शादमान इस्लाम को आउटकर दिलाई। शादमान इस्लाम ने 119 गेंदों में सात चौकों की मदद से 78 रन बनाए। अगले ही ओवर में गेविन होए ने कप्तान नजमुल शान्तो (एक) को अपना शिकार बना लिया। 69वें ओवर में मो. मिनुल हक के आउट होने के बाद चार विकेट पर 297 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी और आयरलैंड को जीत के लिए 509 रनों का लक्ष्य दिया। मोमिनुल हक को गेविन होए ने आउट किया। मोमिनुल हक ने 118 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 87 रन बनाए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 26 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। एंडी बैलबर्नी (13) और पॉल स्टर्लिंग 9नौ) को तैजुल इस्लाम ने आउट किया। इसके बाद केड कार्माइकल और हैरी टेक्टर की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया और तीसरे विकेट के लिए 51 रन जोड़े। 20वें ओवर में हसन मुराद ने केड कार्माइकल (19) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हैरी टेक्टर को भी हसन मुराद ने आउट किया। हैरी टेक्टर ने 80 गें. दों मे सात चौकों की मदद से 50 रन बनाए।

# चाउ टिएन चेन को हरा लक्ष्य सेन फाइनल में

**सिडनी।** भारत के स्टर शटलर लक्ष्य सेन ने शनिवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन को हराकर ऑस्ट्रेलिया ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली।

आज यहां ओलंपिक पार्क स्पोर्ट्स सेंटर में एक घंटा 26 मिनट तक चले मुकाबले में भारत के शीर्ष रैंक वाले पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य ने दुनिया के छठे नंबर के प्रतिद्वंद्वी चाउ टिएन चेन को 17-21, 24-22, 21-16 से हराने के लिए तीन मैच पॉइंट बचाए। यह चाउ टिएन चेन के खिलाफ आठ मैचों में लक्ष्य की चौथी जीत है। विश्व चैंपियनशिप 2022 के कांस्य पदक विजेता चाउ टिएन चेन ने शुरू में ही लक्ष्य पर दबाव बनाए रखते हुए 4-0 की बढ़त बना ली और फिर लक्ष्य के खिलाफ पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई और लक्ष्य सेन ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए दूसरा गेम 24-22 से अपने नाम किया। सेन ने आखिरी गेम में 7-2 की बढ़त बना ली, जब चाउ टिएन चेन ने मिसफायर करना शुरू कर दिया। भारतीय शटलर ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बनाए रखी और अपनी पकड़ कभी ढीली नहीं होने दी और 21-16 से शानदार जीत दर्ज करते हुए 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन के अपने दूसरे फाइनल में पहुंच गए। भारतीय शटलर लक्ष्य सेन का रविवार को फाइनल में मुकाबला, चीनी ताइपे के चुन ई लिन या जापानी खिलाड़ी युशी तनाका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज में वापसी करेंगे एनरिख नॉर्खिए

**जोहानसबर्ग।** तेज गेंदबाज एनरिख नॉर्खिए को अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली टी-20 सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है। 2024 टी-20 विश्व कप फाइनल के बाद यह पहली बार होगा जब वह दक्षिण अफ्रीका के लिए खेलेंगे। नॉर्खिए स्ट्रेस फ्रैक्चर के रिहैब के कारण बाहर थे। हाल ही में उन्होंने टी-20 चैलेंज में डॉल्फनि के लिए वापसी की है। वह उस टूर्नामेंट में पांच मैच खेल चुके हैं और वर्तमान में विकेट चार्ट पर नौवें स्थान पर हैं। ारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए उनके चयन पर विचार कर रहा है। नॉर्खिए को भारत में टी-20 से पहले खेले जाने वाले वनडे मैचों की टीम में शामिल नहीं किया गया है।नयमित कप्तान टेम्बा बावुमा चोट के कारण पाकिस्तान सीरीज से बाहर रहने के बाद टीम की कमान संभालने के लिए तैयार हैं

# कुलदीप ने भारत की वापसी कराई




■ गुवाहाटी में गेंदबाजों ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन दक्षिण अफ्रीका के 247 के स्कोर पर छह विकेट झटके

**गुवाहाटी।** कुलदीप यादव (तीन विकेट) की अगुवाई में गें. दबाजों ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के 247 के स्कोर पर छह विकेट झटककर भारत की मैच में वापसी करा दी।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए एडन मारक्रम और रायन रिकलटन की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 82 रन जोड़े। भारत को पहली सफलता जसप्रीत बुमराह ने 27वें ओवर में एडन मारक्रम को आउटकर दिलाई। मारक्रम ने 81 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 38 रन बनाए। चायकाल से ठीक पहले जसप्रीत बुमराह ने उन्हें बोल्ड आउट किया। इस टेस्ट मैच में चायकाल, लंच से पहले लिया गया है। चायकाल के बाद पहले ही ओवर में कुलदीप यादव ने रायन रिकलटन को आउटकर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। रायन रिकलटन ने 82 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 35 रन बनाए। भोजनकाल तक दक्षिण अफ्रीका ने दो विकेट पर 156 रन बना लिए थे। टेम्बा बावुमा और ट्रिस्टन स्टब्स की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। भोजनकाल के बाद 58वें ओवर मे रवींद्र जडेजा ने टेम्बा बावुमा को यशस्वी जयसवाल के हाथों कैच आउट करा भारत को तीसरी सफलता दिलाई। टेम्बा बावुमा ने 92 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 41 रन बनाए। इसके बाद अपने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे ट्रिस्टन स्टब्स को कुलदीप यादव ने अपना शिकार बना लिया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 112 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। वियान मुल्डर 13 रन बनाकर कुलदीप का शिकार बने। खराब रौशनी के कारण दिन का खेल निर्धारित समय से पहले समाप्त होने के समय दक्षिण अफ्रीका ने 81.5 ओवर में छह विकेट पर 247 रन बनाए लिए है और सेनुरन मुथुसामी (नाबाद 25) और काइल वेरेन (नाबाद एक) क्रीज पर मौजूद थे। दिन का अखिरी विकेट मोहम्मद सिराज ने टोनी डीजॉर्जी को आउटकर हासिल किया। टोनी डीजॉर्जी ने 59 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाए।

# दो दिन में सिमटा टेस्ट, ऑस्ट्रेलिया जीता



■ ट्रैविस हेड के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य दो विकेट खोकर 28.2 ओवर में हासिल कर लिया

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को पहले एशेज टेस्ट में दो दिन में आठ विकेट से पराजित कर दिया। ट्रैविस हेड (122) के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 205 रनों का लक्ष्य दो विकेट खोकर 28.2 ओवर में हासिल कर लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली।

इंग्लैंड को दूसरी पारी में 164 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य 28.2ओवर में दो विकेट पर 205 रन बनाकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड ने दो दिनों में विकेटों के पतझड़ के बीच जबर्दस्त बल्लेबाजी का नजारा पेश करते हुए सिर्फ 83 गेंदों में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से 122 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन ने 49 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रन बनाकर ट्रैविस हेड का अच्छा साथ दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 117 रनों की मैच विजई साझेदारी की। लाबुशेन के साथ कप्तान स्टीव स्मिथ दो रन पर नाबाद रहे। पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन आज 13 विकेट गिरे, लेकिन ट्रैविस हेड ने जमकर बल्लेबाजी की और अपना 10वां टेस्ट शतक बनाया। शतक पूरा करने के बाद हेड ने दो ओवरों में पांच चौके मारे। हेड को ब्राइडन कार्स ने ऑली पोप के हाथों कैच आउट कराया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया का एक अन्य विकेट जेक वेदरॉल्ड के रूप में गिरा। वह 34 गेंदों में तीन चौकों की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि हेड और वेदरॉल्ड ने पहले विकेट के लिए 11.3 ओवर में 75 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को ठोस शुरुआत दी।

इससे पहले इंग्लैंड की दूसरी पारी में स्कॉट बोलैंड ने 33 रन पर चार विकेट, मिचेल स्टॉर्क ने 55 रन पर तीन विकेट और ब्रेंडन डॉगेट ने 51 रन पर तीन विकेट लेकर मेहमान टीम को 34.4 ओवर में 164 रन पर ढ़ेर कर दिया। इंग्लैंड की तरफ से गस एटकिन्सन ने 33, ऑली पोप ने 33 और वेन डकेट ने 28 रन बनाए। ब्राइडन क्रॉस ने 20 और जेमी स्मिथ ने 15 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 132 रन पर सिमटी। इंग्लैंड को पहली पारी में 40 रनों की बढ़त हासिल हुई, लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाजों के समर्पण से उसे हार का सामना करना पड़ा।

# इटली तीसरी बार डेविस कप खिताब जीतने की दहलीज पर




**बोलोग्रा (इटली)।** शीर्ष खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में माटेओ बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर दर्ज कर इटली को डेविस कप टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा दिया है।

मैटियो बेरेटिनी और फ्लेवियो कोबोली ने शुक्रवार को 2025 डेविस कप फाइनल 8 सेमीफाइनल राउंड में घरेलू दर्शकों के सामने अपने-अपने एकल मुकाबलों में बेल्जियम को 2-0 से हराकर रविवार को होने वाले फाइनल में पहुंचा दिया। फाइनल में इटली का मुकाबला आज जर्मनी और स्पेन के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। बेरेटिनी ने शुरुआती मैच में राफेल कोलिग्नन को 6-3, 6-4 से हराया, उसके बाद कोबोली ने जिजो बर्ग्स को तीन घंटे और चार मिनट में 6-3, 6-7(5), 7-6(15) से हराया, सात मैच अंक बचाए और यह रोमांचक मुकाबला जीत लिया। मैच के बाद कोबोली ने डेविस कप ब्रॉडकास्ट पर कहा, ष्इस मैच के बारे में कुछ कहना सच में मुश्किल है। आखिर में मेरा सपना पूरा हुआ, हम फाइनल में हैं। मैंने अपोनेंट के खिलाफ एक शानदार मैच खेला। मैंने अपनी टीम, अपने परिवार, अपने लिए खेला। यह मेरी जिंदगी के सबसे अच्छे दिनों में से एक है।ष इटली के कप्तान फिलिपो वोलैंड्री ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर अपने पांच सालों में, मैंने ऐसा कुछ कभी नहीं देखा, लेकिन डेविस कप यही करता है। यह अविश्वसनीय था। आखिर में मैंने फ्लेवियो से कहा, यह पांच प्रतिशत कौशल और 95 प्रतिशत दिल है।ष उल्लेखनीय है कि इटली ने 2023 और 2024 दोनों में पुरुषों का टीम टाइटल जीता, लेकिन वे अपने टॉप दो खिलाड़ियों जैनिक सिनर और लो. रेंजो मुसेट्टी के बिना ऐसा करना चाहते हैं।

## अजलान शाह कप 2025 हॉकी टूर्नामेंट

# भारत का शुरुआती मुकाबला आज दक्षिण कोरिया टीम से




**इपोह (मलेशिया)।** पांच बार की चैंपियन भारतीय हॉकी टीम छह साल बाद रविवार से शुरु हो रहे सुल्तान अजलान शाह कप 2025 हॉकी टूर्नामेंट के पहले मुकाबले दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। कल से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के 31वें संस्करण में तीन कन्फेडरेशन की छह टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी।

मलेशियन हॉकी कन्फेडरेशन (एमएचसी) द्वारा आयोजित और इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) द्वारा स्वीकृत, सुल्तान अजलान शाह कप पहली बार 1983 में हुआ था। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2019 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी। भारत टीम कप्तान संजय की अगुवाई में इस टूर्नामेंट के पहले मैच में तीन बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया से मुकाबला करेगी। अनुभवी कैंपेनर जुगराज सिंह, अमित रोहिदास, नीलकंठ शर्मा और विवेक सागर प्रसाद भी भारतीय टीम में हैं। मेजबान मलेशिया, बेल्जियम, दो बार की चैंपियन न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और कनाडा इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जहां सभी टीमें एक-दूसरे से एक बार भिड़ेंगी। शीर्ष दो टीमें 30 नवम्बर को फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। बाकी चार टीमों की जगह तय करने के लिए क्लासिफिकेशन मैच भी होंगे। भारत सुल्तान अजलान शाह कप के इतिहास में दूसरी सबसे सफल टीम है, जिसने पांच बार यह खिताब जीता है, और उसकी आखिरी जीत 2010 में हुई थी। मलेशियन हॉकी कन्फेडरेशन (एमएचसी) द्वारा आयोजित और इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) द्वारा स्वीकृत, सुल्तान अजलान शाह कप पहली बार 1983 में हुआ था।

# दिल्ली में भारत का सबसे बड़ा टैलेंट हंट शुरू



■ इस साल के एडिशन को जाने-माने गोल्फ कोच और पीजीए ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट रोमित बोस लीड कर रहे हैं, जिनके पास दशकों का कोचिंग अनुभव

**नई दिल्ली।** द गोल्फ फाउंडेशन (टीजीएफ) ने अपने देश भर में ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर तबका) टैलेंट हंट 2025-26 के तीसरे एडिशन की घोषणा की, जो भारत की सबसे बड़ी जमीनी गोल्फ-पहचान की पहल है। यह खास तौर पर उन परिवारों के बच्चों को टारगेट करती है, जिनकी इनकम 8 लाख रुपये सालाना से कम है, और चाहे वे पहले से कोई भी खेल खेलते हों या खेलने का इरादा रखते हों।

टैलेंट हंट प्रोग्राम की घोषणा करते हुए, टीजीएफ के फाउंडर-प्रेसिडेंट, एशियन गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट और अर्जुन अवॉर्डी अमित लूथरा ने कहा कि नेशनल टैलेंट हंट वह जगह है जहां कई चैंपियन अपना सफर शुरू करते हैं। हमारे पार्टनर्स के सपोर्ट से, हम यह पक्का कर सकते हैं कि टैलेंट वाला कोई भी बच्चा, चाहे वह गोल्फ का हो या किसी और खेल का, आगे बढ़ने के मौके से वंचित न रहे। इस साल के एडिशन को जाने-माने गोल्फ कोच और पीजीए ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट, रोमित बोस लीड कर रहे हैं, जिनके पास दशकों का कोचिंग अनुभव है और कई प्रोफेशनल टूर्नामेंट विनर, एमेच्योर नेशनल चैंपियन, और जूनियर यूरोपियन और वर्ल्ड चैंपियन बनाने का एक प्रूवन ट्रैक रिकॉर्ड है। टीजीएफ ने 25 साल से जडादा समय से पिछड़े बैकग्राउंड के चैंपियन को खोजने और उन्हें तराशने में बिताया है। अशोक कुमार, राशिद खान, शुभम जगलान, हनी बैसोया, चिक्कारंगप्पा और हिताशी बख्शी जैसे पुराने स्टूडेंट्स ने छोटी शुरुआत से आगे बढ़कर इंडियन टूर, एशियन डेवलपमेंट टूर, एशियन टूर, यूरोपियन टूर, पीजीए टूर ऑफ अमेरिकाज, विमेंस इंडियन टूर, विमेंस एशियन गोल्फ टूर और लेडीज यूरोपियन टूर जैसे ग्लोबल टूर पर हिस्सा लिया है। टीजीएफ के असर को भारत के राष्ट्रपति द्वारा स्पोर्ट्स प्रमोशन के लिए दिए गए राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से पहचान मिली है। ट्रेंड स्काउट्स की कई टीमें अलग-अलग राज्यों में घूमकर स्कूल में टैलेंट आइडेंटिफकिशन कैंप लगाएंगी। पोर्टेबल हिटिग मैट, नेट, पटिग मैट और बॉल का इस्तेमाल करके, स्काउट एथलेटिक और गोल्फ-स्पेसिफिक टेस्ट की एक सीरीज करेंगे, जैसे बॉल थ्रो, 40-मीटर स्प्रिंट, स्टैटिक जंप और मूवमेंट असेसमेंट। यह प्रोग्राम किसी भी खेल के बच्चों के लिए खुला है, यह मानते हुए कि फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, हॉकी या कबड्डी में मिली एथलेटिक क्वालिटी अक्सर गोल्फ में बहुत अच्छी तरह से काम आती हैं। रोमित बोस ने कहा कि इस साल का टैलेंट हंट अब तक का सबसे बड़ा और गहरा जाल बिछाने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत नैचुरल एथलीटों से भरा है, जिन्हें बस गोल्फ में आने का रास्ता चाहिए - और हम उन्हें ढूंढना चाहते हैं। परफॉर्मेंस को मापने के लिए ट्रैकमैन जैसी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे किसी भी तरह के फेवरेटिज्म की गुंजाइश नहीं है।ष रेंज और स्कूल प्रोग्राम में, टीजीएफ का लक्ष्य 1,500- 1,800 बच्चों की स्क्रीनिंग करना है। शॉर्टलिस्ट किए गए कैंडिडेट जनवरी 2026 के पहले हफ्ते तक, फाइनल सिलेक्शन राउंड से पहले, रीजनल गोल्फ फैसिलिटी में हफ्ते में दो बार ट्रेनिग सेशन में शामिल होंगे। 30 से ज्यादा शॉर्टलिस्ट किए गए फाइनलिस्ट टीजीएफ के लॉन्ग-टर्म रास्ते में शामिल होंगे, जहां हर बच्चे को हर साल 3-5 लाख से 5 लाख रुपये दिए जाएंगे। यह रकम लगभग 2 करोड़ रुपये के कुल सालाना बजट में से दी जाएगी। इससे उन्हें अच्छी कोचिग, इक्विपमेंट, टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका, मेंटरिग और फाइनेंशियल मदद मिलेगी, जिससे वे कॉम्पिटिटिव गोल्फर बन सकेंगे।

# तारावती इंस्टीट्यूट में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

## फॉर्मेसी में छात्रों के लिए बेहतर अवसर : अखिलेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्रीमती तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिकल एंड एलाइड साइंसेज रुड़की द्वारा फार्मेसी वीक का समापन व 17 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम के जरिए लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

श्रीमती तारावती इंस्टीट्यूट रुड़की में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार डिप्टी एसपी, पीटीसी नरेंद्रनगर उत्तराखंड, सम्मानित अतिथि डॉ देवेश तिवारी, दिल्ली फार्मास्युटिकल साइंसेज रिसर्च विश्वविद्यालय, इंस्टीट्यूट संस्थापक रमेश चंद्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि खलील अहमद, (पीडब्ल्यूडी) चित्रमणि हटवाल, (एन.एल एकेडमी भगवानपुर), संस्था निदेशक डॉ पंकज शर्मा , सोसायटी कोषाध्यक्ष श्रीमती निधि शर्मा , शौर्य शर्मा , स्वस्ति शर्मा द्वारा सुयक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक



कार्यक्रमों की गजब की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी एसपी अखिलेश कुमार ने छात्र छात्राओं को फार्मेसी के बढ़ते अवसरों से अवगत कराते हुए उनको सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि वह मनोयोग से अपना अध्ययन पूरा करें व विद्यार्थियों ने जो कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं उनसे साफ है कि विद्यार्थियों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी है।

सम्मानित अतिथि डॉ देवेश तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि यह सप्ताह न केवल हमारे पेशे की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को पुन: स्मरण कराने का भी एक सुन्दर अवसर है। फार्मेसी का क्षेत्र निरंतर प्रगति कर रहा हैख़्नई खोजों, आधुनिक तकनीक और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ हमारी भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इस क्षेत्र से जुड़े सभी विद्यार्थी, शोधकर्ता और पेशेवर वास्तव में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। मैं इस कार्यक्रम के आयोजकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ कि वे इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहें और फार्मेसी को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ। मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। कार्यक्रम में देशभक्ति व महाभारत पर एक

> ❖कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार , डिप्टी एसपी, इंस्टीट्यूट संस्थापक रमेश चंद्र शर्मा व मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज शर्मा व अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया

नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें सभी भावविभोर हो गए। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सोलो डांस ,गुजराती डांस ,पंजाबी डांस, गढ़वाली डांस राजस्थानी डांस, हास्य नाटक, फैशन शो समेत





अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था ने बी फार्मा, डी फार्मा, एम फार्मा आदि परीक्षाओं में अच्छे अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को प्रथम , द्वितीय , तृतीय पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बी फार्मा में स्टूडेंट्स ऑफ ईयर ऋतिक कुमार और डी फार्मा में स्टूडेंट्स ऑफ ईयर आशीष कुमार को प्रदान किया गया। नेशनल फार्मेसी वीक के दौरान आयोजित हुई वॉलीवाल, फूड स्टॉल, कैरम, चौस, लूडो, बैडमिंटन सिंगल, बैडमिंटन डबल में विजय प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल में तारावती मेमोरियल कप 2025 जीती हुई टीम बी फार्मा चतुर्थ वर्ष को प्रदान किया गया। वॉलीबॉल में रनरअप डी फार्मा द्वितीय वर्ष को पुरस्कृत किया गया। इंस्टीट्यूट संस्था निदेशक डॉ पंकज शर्मा जी द्वारा मुख्य अतिथि व सम्मानित अतिथि और विशिष्ट अतिथि को बैच लगाकर ,स्मृति चिन्ह, पौधा देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोसायटी की सदस्य माया देवी , कोषाध्यक्ष निधि शर्मा, शौर्य शर्मा, स्वस्ति शर्मा, विजय अरोड़ा, सुनीता रानी, चित्रा गुप्ता, दीपक सैनी, मोहम्मद काशिफ, दुष्यंत पुंडीर, अक्षय कुमार, दीपक काम्बोज, अजय कुमार, शाहरुख खान, चंदन सैनी, अवि सैनी, गौरव शर्मा, प्राची जिंदल, अमित शर्मा ,समस्त स्टाफ सदस्य व समस्त छात्र छात्रा कार्यक्रम यह सभी उपस्थित रहे।




## केवी- 2 में सामुदायिक भोज का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रुड़की क्रमांक 2 के प्राथमिक विभाग में आज सामुदायिक भोज (कम्युनिटी लंच) का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने एक साथ विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, भाईचारा और सामाजिक समरसता की भावना को प्रोत्साहित करना था। सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण करने से बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों के खान-पान की जानकारी मिली और सांस्कृतिक विविधता का अनुभव करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री नेत्र सिंह, मुख्याध्यापक श्री सनी सरोहा एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे एवं विद्यार्थियों के साथ भोजन परोसा एवं ग्रहण किया। विद्यालय परिवार का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों को समाज में सभी वर्गों के साथ मिलकर रहने की प्रेरणा देते हैं और उनमें सहयोग तथा सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं। विद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि सामुदायिक भोज जैसे आयोजन विद्यार्थियों को न केवल एकता का संदेश देते हैं बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ते हैं।

## तहसील व नगर पालिका लक्सर ने हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका परिषद ओवर ब्रिज के नीचे नगर पालिका एवं तहसील प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया है जिसमें व्यापारियों से नोक झोंक भी देखने को मिली।

जानकारी के अनुसार अधि शासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लक्सर मोहम्मद कामिल ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश अनुसार जिसने भी नालों के ऊपर ओवर ब्रिज के नीचे अवैध तरीके से अतिक्रमण कर रखा है उस अवैध अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा हमारे साथ तहसील प्रशासन भी है। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेश का पालन करते हुए किसी भी जगह अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा और अतिक्रमण रहने नहीं दिया जाएगा। अतिक्रमण कहीं भी होगा नगर पालिका परिषद तहसील प्रशासन की मदद से अवैध अतिक्रमण को हटाने का काम करेंगे क्योंकि कुछ लोग जानबूझकर अतिक्रमण करते हैं



ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी।

## आरोग्यटेक ने आईआईटी रुड़की को उन्नत स्वास्थ्य निगरानी मंच प्रदान किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अमेरिका स्थित स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी स्टार्टअप आरोग्यटेक ने अपने प्रमुख स्वास्थ्य निगरानी मंच-जिसमें प्राण सहायता उपकरण और सहयोगी सॉफ्टवेयर अनुप्रयोग प्राण कम्पेनियन और प्राण गाइड शामिल हैं को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की को दान करने की घोषणा की है। यह पहल डिजिटल स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार और छात्रों की भागीदारी को सशक्त बनाने का प्रयास करती है। यह दान हर्षा एच और हासू पी शाह फैमिली फाउंडेशन द्वारा समर्थित है।

प्रसिद्ध परोपकारी और उद्यमी हसू पी. शाह, हर्षा हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संस्थापक, जो प्रौद्योगिकी-संचालित सामाजिक प्रभाव के लिए एक मजबूत अधि वक्ता रहे हैं। शाह ने कहा, ष्हालांकि मेरा करियर आतिथ्य उद्योग में रहा है, लेकिन प्रौद्योगिकी, नवाचार और सामाजिक प्रभाव के लिए मेरे जुनून ने हमेशा मेरी यात्रा का मार्गदर्शन किया है। ष्आरोग्यटेक डॉक्टरों और इंजीनियरों की एक युवा और प्रतिभाशाली टीम को एक साथ लाता है जो दुनिया की कुछ सबसे अधिक दबाव वाली स्वास्थ्य चुनौतियों को हल करने के लिए उत्साहपूर्वक काम कर रहे हैं। मुझे उनके दृष्टिकोण में निवेश करने और उनके मिशन का समर्थन करने पर गर्व है। आरोग्यटेक के सह-संस्थापक और मुख्य उत्पाद और प्रौद्योगिकी अधि कारी, अजय विक्रम सिंह, जो 1999 की कक्षा में आईआईटी रुड़की के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पूर्व छात्र थे, ने अपने अल्मा मेटर को वापस देने की पहल का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा, ष्आईआईटी रुड़की ने एक इंजीनियर और नवप्रवर्तक के रूप में मेरी नींव को आकार दिया। यह योगदान स्वास्थ्य सेवा नवोन्मेषकों की अगली पीढ़ी को पोषित करने की दिशा में एक छोटा कदम है जो वास्तविक दुनिया की चिकित्सा जरूरतों के साथ उन्नत तकनीक को पूरा कर सकते हैं। प्राण प्लेटफॉर्म हर घर में उन्नत कल्याण और नैदानिक क्षमताओं को लाने के लिए आरोग्यटेक के मिशन का प्रतीक है। यह एक निर्बाध डिजिटल और हार्डवेयर पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से बुद्धिमान निगरानी, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और दूरस्थ नैदानिक सहयोग को एकीकृत करता है। एक व्यापक स्वास्थ्य और कल्याण मंच के रूप में परिकल्पित, इस प्रणाली को रक्त शर्करा जैसे महत्वपूर्ण मापदंडों की गैर-आक्रामक निगरानी को सक्षम करने, कैंसर की शीघ्र जांच की सुविधा प्रदान करने और सामुदायिक स्तर के जीनोमिक परीक्षण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए डिजाइन किया गया है। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के के पंत ने कहा, ष्आईआईटी रुड़की, आरोग्यटेक, श्री एवी सिंह और हर्षा एच और हासू पी शाह फैमिली फाउंडेशन के इस योगदान को बहुत महत्व देता है। इस तरह के सहयोग स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी और डेटा-संचालित चिकित्सा जैसे उभरते अंत:विषय क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के हमारे मिशन को बढ़ाते हैं। आईआईटी रुड़की के उप निदेशक प्रो. यू. पी. सिंह ने स्वास्थ्य निगरानी मंच का उद्घाटन किया और कहा, ष्यह एक उल्लेखनीय योगदान है जो वास्तव में हमारे संस्थान के कद को बढ़ाता है। इस तरह की पहल आईआईटी रुड़की को आगे बढ़ने और नवाचार और उत्कृष्टता में अग्रणी के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करने में मदद करती है। हम संस्थान के मिशन को आगे बढ़ाने में अपने पूर्व छात्रों और शुभचिंतकों की निरंतर भागीदारी की गहराई से सराहना करते हैं। इस तरह के योगदान एक बेहतर, स्वस्थ भविष्य को आकार देने में आईआईटीआर समुदाय की शक्ति को उजागर करते हैं, ष्प्रो. आर. डी. गर्ग, डीन ऑफ रिसोर्सेज एंड एलुमनी अफेयर्स, आईआईटीआर ने कहा। इस तरह की पहल हमारी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए एक मूल्यवान अतिरिक्त होगी, जो उन्नत नैदानिक और निगरानी क्षमताओं को सक्षम बनाएगी। यह नैदानिक अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता अनुप्रयोग और प्रौद्योगिकी एकीकरण के लिए एक उत्कृष्ट संसाधन के रूप में भी काम करेगा, प्रो. अंकिक कुमार गिरि, अध्यक्ष, अस्पताल सलाहकार समिति, आईआईटीआर ने सराहना की।

दबंगों ने हाईकोर्ट के आदेशों को दिखाया ठेंगा

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा बरकरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** तहसील क्षेत्र के गंगदासपुर में दबंगों द्वारा कब्जाई गई सरकारी भूमि से हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं हटाया गया अभी तक भी अवैध कब्जा गंगदासपुर निवासी मंजू देवी ने कहा कि हमारे गांव गंगदासपुर में दबंगों द्वारा सरकारी भूमि मे अवैध कब्जा कर फसल उगाई जाने मे हाई कोर्ट नैनीताल में दायर जनहित याचिका डल्लूपी आई एल 165 / 2022 मे हरिद्वार प्रशासन के वास्तविक स्थिति बताने के लिए आदेशित किया गया है वर्तमान समय में भी उक्त भूमि में दबंगों का द्वारा कब्जा किया गया और कब्जा जारी है जिसको लेकर संबंधित प्रशासन मोन बना हुआ है हाई कोर्ट से सुरक्षा का आदेश होने के बावजूद भी याचिका कर्ता पर कई हमले कब्जे धारीयो के द्वारा किए जा चुके हैं जो एक हैरान करने वाला तथ्य है।

## सुबोध ने कार्यकर्ताओं के साथ लिया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुगावाला।** विधानसभा क्षेत्र हद्दीपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत पूरे देश में भाजपा संगठन द्वारा मुहिम चलाई जा रही है हरिद्वार जिले की ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के पूर्व राज्य मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता सुबोध राकेश साथ में मंडल अध्यक्ष रीता सैनी, प्रताप प्रधान, अश्वनी कम्बोज, के नेतृत्व में विधानसभा के बूथ स्तर पर मंडलों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से आम जनमानस को जोड़ा जा रहा है सइस शुभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष रीता सैनी जी एवं प्रताप प्रधान मंडल अध्यक्ष पूर्वी भूप सिंह जी जिला मंत्री, अमरीश सैनी जिला मंत्री सतीश कुमार जी कार्यक्रम संयोजक, निर्मल सिंह जिला उपाध्यक्ष, तेल्लूराम प्रधान जी, विजयपाल जी, अमित कुमार जी, भीम सिंह, अन्य सभी कार्यकर्त्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने तहसीलदार को दी दरगाह प्रबंधक की जिम्मेदीरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** दरगाह प्रबंधक के इस्तीफा दिए जाने के बाद उनकी जिम्मेदारी अब तहसीलदार रुड़की को दी गई है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट ने इस संबंध में आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से पदभार ग्रहण करने के निर्देश तहसीलदार को दिए है। पिरान कलियर दरगाह की प्रबंधक रजिया बैग ने 18 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने किसी सक्षम अधिकारी को नियुक्त करने की जिम्मेदारी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट को दी थी जिसके बाद अब ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने तहसीलदार विकास अवस्थी को दरगाह प्रबंधक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। उन्हें तत्काल प्रभाव से पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

## ग्रामीणों को स्वामित्व दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत लक्सर क्षेत्र में 40 गांवों में ग्रामीणों को अब तक भूमि के स्वामित्व दस्तावेज नहीं मिले हैं। पूर्व दर्जाधारी मंत्री रविंद्र सिंह आनंद ने उपजिलाधिकारी से मिलकर ग्रामीणों को शीघ्र स्वामित्व उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी सौरभ असवाल को बताया कि केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत लक्सर तहसील में 40 गांवों में सर्वेक्षण कराया गया था। सर्वेक्षण के बाद ग्रामीणों को उनकी भूमि के स्वामित्व के दस्तावेज प्रदान किए जाने हैं लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी ग्रामीणों को दस्तावेज नहीं मिले हैं। इस संबंध में सर्वे ऑफ इंडिया कार्यालय में जानकारी की थी जिसमें बताया गया कि विभाग की ओर से सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी गई हैं। अब प्रशासन को स्वामित्व दस्तावेज जारी करने हैं। उपजिलाधिकारी ने उन्हें शीघ्र ग्रामीणों को स्वामित्व दस्तावेज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

## मुलायम सिंह की जयंती पर सपाइयों ने दरगाह पर चढ़ाई चादर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर शुक्रवार को समाजवादी अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौसम अली ने पिरान कलियर दरगाह साबिर पाक पर चादर व फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान मौसम अली ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने हमेशा जाति धर्म से ऊपर उठकर राजनीति की और देश, गरीबों, किसानों तथा नौजवानों के हितों के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जीवन देश की प्रगति और सामाजिक सौहार्द को समर्पित रहा है।मौसम अली ने देश में अमन-चौन, खुशहाली औरआगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनने की कामयाबी के लिए भी दुआ मांगी। इस मौके पर शाहरुख मलिक, हाजी खालिद, मोंटी राजू, रिहान, अमान, सोनू आदि सपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

हरिद्वार पुलिस ने असाई गलास फैक्ट्री से जीता टी-20 मैच

## एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल रहे मैन ऑफ द मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** एसएसपी पुलिस हरिद्वार टीम व असाई ग्लास फैक्ट्री टीम के बीच 20-20 क्रिकेट मैच शनिवार को लाठरदेवा हुण स्थित ग्लास फैक्ट्री मैदान में खेला गया। एसएसपी हरिद्वार परमिंदर सिंह डोबाल द्वारा जहां 30 गेंद में 28 रन बनाए वहीं तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे।। ग्राम लाठरदेवा हुण स्थित असाई ग्लास फैक्ट्री के मैदान में शनिवार को एस एस पी पुलिस टीम व असाई ग्लास फैक्ट्री क्रिकेट टीम के बीच 20-20 क्रिकेट मैच खेला गया। पुलिस टीम के कप्तान एस एस परविंदर सिंह डोबाल रहे। तथा असाई ग्लास फैक्ट्री टीम के कप्तान नवीन कुमार रहे। पहले पुलिस कप्तान टीम बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी। एस एस पी परविंदर सिंह डोबाल दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए मैदान में आए। उन्होंने एक छक्के व तीन चौके लगाकर 30 गेंद में 28 रन बनाकर रन आउट हो गए। पुलिस टीम की ओर राजेश सैनी द्वारा सबसे अधिक दो छक्के व तीन चौको की मदद से 19 गेंद में 35 रन बनाए। पुलिस टीम 6 विकेट पर 176 रन बनाकर आउट हो गई। दूसरी ओर से असाई ग्लास फैक्ट्री की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। पहले ही औवर में दो रन बनाकर



अखिलेश यादव आउट हो गए। दूसरे औवर में असाई गलास फैक्ट्री की टीम को दूसरा विकेट एस एस पी प्रवेंद्र सिंह डोबाल द्वारा योगेश कुमार को आउट कर दूसरा झटका दिया। असाई ग्लास की टीम 176 रन के जवाब में 8 विकेट खोकर 134 रन बनाए। एस एस पी पुलिस टीम द्वारा विजय होकर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

## बहुउददेशीय किसान सेवा सहकारी समिति दाबकी कला में नव निर्वाचित बोर्ड ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र की बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति दाबकी कला में नव निर्वाचित बोर्ड ने शपथ ग्रहण की है। नव निर्वाचित अध्यक्ष के पति राहुल चौधरी ने कहा की सभी लोगों ने हमारे ऊपर अहसान किया है हम सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं और हम बोर्ड को सभी की सहमति से चलाने की कोशिश करेंगे।

नव निर्वाचित उपसभापति प्रतिनिधि कुलदीप चौधरी ने कहा की जिस तरह से लोगों ने हमारे ऊपर अहसान किया है हम सभी के साथ मिलकर दाब की कला सहकारी समिति को आगे बढ़ने का काम करेंगे। पूर्व विधायक संजय गुप्ता के भाई अजय गुप्ता ने कहा की सहकारी समितियों के चुनाव में भाजपा का परचम लहरा गया है उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के द्वारा महिलाओं को 33% आरक्षण देकर बहुत ही सराहनीय काम किया है भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा की भाजपा जो कहती है वही करती है यह जो चुनाव हुआ है ईसमें सभी जगह भाजपा का परचम लहराया है उन्होंने कहा 2027 में भी भाजपा तीसरी बार उत्तराखंड में सरकर बनाएगी क्योंकी भाजपा आखरी छोर तक लोगों का काम करने का काम करती है एचडी ने



कहा कि आप आज नवनिर्वाचित बोर्ड को शपथ दिलाई गई है और सभी बोर्ड के सदस्य मिलकर किसानों के हित में काम करेंगे वहा पर स्वागत समारोह में सैकड़ों किस संख्या में क्षेत्र के मुख्य ग्रामीण मौजूद रहे जिनमें जिला पंचायत मेंबर मनीष चौधरी नीपेंद्र चौधरी देवेंद्र चौधरी अशोक चौधरी आदि मौजूद रहे।




नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर पशु प्रेमी आवारा कुत्तों के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान हाथों में तख्तियां लिए हुए।

## ग्रीन ने की राष्ट्रपति के साथ झगड़े के बाद कांग्रेस से इस्तीफा देनी की घोषणा

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पूर्व सहयोगी मार्जोरी टेलर ग्रीन ने घोषणा की कि राष्ट्रपति के साथ झगड़े के बाद वह अमेरिकी कांग्रेस में अपनी जॉर्जिया सीट से इस्तीफा दे रही हैं। सुग्रीन के इस कदम से एक स्पेशल चुनाव होगा और सत्ताधारी रिपब्लिकन पार्टी के अंदर हडकंप मच सकता है। अमेरिका के जॉर्जिया से प्रतिनिधि सभा की सदस्य सुग्रीन जनवरी में संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे देंगी। सुग्रीन ने सोशल मीडिया एक्स मंच (पूर्व में ट्विटर) पर एक बयान में कहा कि मेरे पास बहुत जयादा आत्म-सम्मान और गरिमा है, मैं अपने परिवार से बहुत प्यार करती हूं और नहीं चाहती कि मेरे प्यारे जिले को मेरे खिलाफ एक दर्दनाक और नफ़रत भरी आवाज झेलनी पड़े।

## म्यांमार ने वन-चाइना पॉलिसी पर दिया जोर

**यांगून।** म्यांमार की राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा परिषद की सूचना टीम के नेतृत्वकर्ता जॉ मिन टुन ने ताइवान से जुड़े मुद्दों पर जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की हाल की गलत बातों के बारे में मीडिया के सवालों का जवाब दिया। जॉ मिन टुन ने कहा कि म्यांमार सरकार वन-चाइना पॉलिसी को मानती है। जनरल मिन आंग लाइंग ने चीनी नेताओं के साथ अपनी बैठक के दौरान कई मौकों पर इस रुख को फिर से पक्का किया है। उन्होंने कहा कि चीन और म्यांमार दोस्ताना पड़ोसी हैं। दोनों पक्ष एक व्यापक रणनीतिक सहकारी साझेदारी बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं और एक साझा भविष्य वाला समुदाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। म्यांमार सरकार इस रिश्ते को बहुत अहमियत देती है और इसे संजोती है।

# तेजस फाइटर जेट क्रैश का नया वीडियो

## पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा: ऑयल लीक की खबर थी

**वाशिंगटन।** भारतीय वायुसेना के फाइटर जेट तेजस के क्रैश का नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें तेजस एयर शो दिखाने के दौरान अचानक लड़खड़ाने लगता है और क्रैश हो जाता है। यह विमान कल दुबई एयर शो में क्रैश हुआ था। हादसे में पायलट की मौत हो गई। क्रैश की वजह पता करने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी ऑर्डर कर दी गई है। दुबई एयर शो में इंटरनेशनल विमानों का प्रदर्शन किया जाता है। दुनिया भर की मीडिया ने इस हादसे को प्रमुखता से कवर किया है।

डॉन न्यूज ने लिखा कि दुबई एयर शो के आखिरी दिन भारत का तेजस फाइटर जेट शो के दौरान क्रैश हो गया। सोशल मीडिया पर फैल रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि विमान एक करतब के बाद सीधा नीचे आता है और जमीन से टकराते ही आग का बड़ा गोला बन जाता है। यह हादसा उस समय हुआ जब सैकड़ों लोग फ्लाइंग शो देख रहे थे। हर दोपहर होने वाले डिस्प्ले की तरह इस दिन भी भीड़ बहुत ज्यादा थी। वीडियो में दिखता है कि तेजस एक लो-रोल करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन शायद वह खुद



■ अलजजीरा ने कहा: भारत को एक और झटका

को संभाल नहीं पाया और दूर जाकर गिर पड़ा। हादसे से पहले तेजस को लेकर एक और चर्चा चल रही थी। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें आई थीं जिनमें जेट के नीचे शॉपिंग बैग रखे हुए थे और दावा किया जा रहा था कि विमान से तेल लीक हो रहा है। अलजजीरा ने लिखा कि दुबई एयर शो में भारत में बना तेजस फाइटर जेट डेमो के दौरान गिरकर जल गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई। यह तेजस का दूसरा क्रैश बताया जा रहा है। जेट हवा में करतब दिखा रहा था, तभी अचानक नीचे आकर जमीन से टकरा गया। थोड़ी ही देर में विमान आग के गोले में बदल गया और काला धुआं आसमान में उठने लगा। भारतीय वायुसेना ने सोशल मीडिया पर बताया कि हादसे में पायलट की मौत हो गई है। वायुसेना ने हादसे की वजह जानने के लिए जांच शुरू की है। दुबई एयर शो में भारत का तेजस फाइटर जेट उड़ान के दौरान क्रैश हो गया और इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। भारतीय वायुसेना ने बयान जारी कर कहा कि वे पायलट के परिवार के साथ खड़े हैं। दुबई एयर शो 2025 में इस साल डेढ़ लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे और दुनिया की लगभग 1500 कंपनियों ने इसमें हिस्सा लिया था। यह कार्यक्रम सोमवार से शुरू हुआ था और हादसा इसी शो के आखिरी दिन अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुआ। न्यूयॉर्क पोस्ट ने लिखा कि दुबई में शुक्रवार को तेजस फाइटर जेट डेमो उड़ान की शुरुआत में ही क्रैश हो गया।

# वैश्विक आर्थिक विकास मानक बदलने जरूरी: मोदी

## पीएम ने जी-20 सम्मेलन में कहा: मौजूदा मानकों के कारण एक बड़ी आबादी संसाधनों से वंचित रह गई है

**जोहान्सबर्ग।** भारत ने जी-20 देशों से वैश्विक आर्थिक विकास के मानकों पर फिर से विचार करने का आह्वान करते हुए कहा है कि मौजूदा मानकों के कारण एक बड़ी आबादी संसाधनों से वंचित रह गई है और इसके लिए सभ्यतागत मूल्यों पर आधारित 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां जी -20 नेताओं के 20 वें सम्मेलन में 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' के अलावा स्वास्थ्य क्षेत्र की आपात स्थितियों तथा प्राकृतिक आपदाओं के संकट से निपटने के लिए 'जी-20 वैश्विक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया टीम' के गठन और मादक पदार्थों की चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए 'मादक पदार्थ-आतंक गठजोड़ और उसके वित्तपोषण से निपटने के लिए जी -20 पहल' के गठन का प्रस्ताव रखा।

उन्होंने अफ्रीका में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के लिए 'जी-20 अफ्रीका कौशल पहल' शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री ने जी-20 नेताओं से अपील की कि सभी को वैश्विक संस्थाओं में ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करने के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। मोदी ने दक्षिण अफ्रीका की जी-20 की अध्यक्षता में कुशल व्यक्तियों के आव्रजन, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवाचार और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में हुए कामों की सराहना करते हुए कहा कि 'नई दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन' में जो ऐतिहासिक पहल शुरू की गई थी उन्हें यहां आगे बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास के मानकों में बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि इनके कारण एक बड़ी आबादी संसाधनों से वंचित रह गई है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका इसका बहुत बड़ा भुक्तभोगी रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कई दशकों में जी-20 ने वैश्विक वित्त और वैश्विक आर्थिक विकास को दिशा दी है। लेकिन विकास के जिन मानकों पर अब तक काम हुआ है, उनके कारण बहुत बड़ी आबादी संसाधनों से वंचित रह गई है। साथ ही, प्रकृति के अत्यधिक दोहन को भी बढ़ावा मिला है। अफ्रीका इसका बहुत बड़ा भुक्तभोगी है।

आज जब अफ्रीका पहली बार जी-20 समिट की मेजबानी कर रहा है, तो यहां हमें विकास के पैरामीटर्स पर फिर से विचार करना चाहिए। इसके समाधान का उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका एक रास्ता भारत के सभ्यतागत मूल्यों में है और इसमें हमें मानव, समाज और प्रकृति को एक व्यापक रूप में देखना होगा। इससे प्रगति और प्रकृति के बीच सौहार्द संभव होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई समुदायों ने अपने पारंपरिक और पर्यावरण संतुलित जीवन शैली को संभाल कर रखा है। इन परंपराओं में सततता तो दिखती ही है, साथ ही इनमें, सांस्कृतिक ज्ञान, सामा. जिक एकता और प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान के भी दर्शन होते हैं। मोदी ने इसके उपाय के रूप में भारतीय ज्ञान प्रणाली पहल के आधार पर 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' के गठन का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रस्ताव है, कि जी -20 के तहत एक 'वैश्विक पारंपरिक ज्ञान कोष' बनाया जाए। 'भारतीय ज्ञान प्रणाली पहल', इसका आधार बन सकती है। यह वैश्विक मंच मानवता के 'सामूहिक ज्ञान' को भावी पीढ़ी तक पहुंच. ाने में मदद करेगा।



■ मोदी ने अफ्रीका में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के लिए 'जी-20 अफ्रीका कौशल पहल' शुरू करने का भी प्रस्ताव रखा

### राष्ट्रपति लूला को गले लगाया, मेलोनी संग ठहाके

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोहानिसबर्ग में चल रहे जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने बहुपक्षीय विचार-विमर्श में भाग लेते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही भारत-इटली के मजबूत संबंधों में प्रगाढ़ता पर संतोष जाहिर किया। मुलाकात में दोनों ने रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डि सिल्वा के साथ भी मुलाकात करते नजर आए। में मुलाकात के दौरान मोदी ने ब्रा. जील के राष्ट्रपति लूला को गले लगाया। राष्ट्रपति लूला मोदी की पीठ थपथपाते नजर आए। पीएम मोदी शिखर सम्मलेन के पहले दिन कई देशों के प्रमुखों के साथ बातचीत करते दिखे।

■ पीएम मोदी की डिप्लोमेसी का नया अंदाज

## चीन-अमेरिका ने हवाई में सैन्य समुद्री परामर्श वार्ता की

**बीजिंग।** चीनी और अमेरिकी सेनाओं ने 18 से 20 नवम्बर तक हवाई, संयुक्त राज्य अमेरिका में वर्ष 2025 के लिए चीन-अमेरिका सैन्य समुद्री परामर्श समझौते (एमएमसीए) की दूसरी कार्यकारी समूह बैठक तथा वार्षिक सत्र आयोजित किया। यह जानकारी शनिवार को चीनी नौसेना ने दी। यह वार्ता समानता और आपसी सम्मान के आधार पर हुई। दोनों पक्षों ने समुद्री तथा हवाई सुरक्षा स्थिति पर खुलकर और रचनात्मक ढंग से विचार-विमर्श किया। चीनी नौसेना के बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने समुद्र और हवा में आमने-सामने की स्थितियों की समीक्षा की, हवाई और समुद्री मुठभेड़ों में सुरक्षा के लिए आचरण नियमों के कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया तथा दोनों देशों के बीच समुद्री सैन्य सुरक्षा को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की। साथ ही, वर्ष 2026 की कार्यकारी समूह बैठक के विषयों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि एमएमसीए तंत्र ने दोनों सेनाओं की अग्रिम पंक्ति के बलों को अधिक पेशेवर और सुरक्षित तरीके से संवाद करने, गलतफहमियों को कम करेंगे।

# खैबर पख्तूनख्वा में 17 आतंकी ढेर

■ पहले अभियान में 10 आतंकी मारे गए और एक फसिलिटेटर गिरफ्तार हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक बार फिर आतंकी गतिविधियों का जाल सामने आया है, जिससे देश की सुरक्षा व्यवस्था की विफलता उजागर हो गई है। बन्नू जिले में टीटीपी आतंकियों की मजबूत मौजूदगी और लगातार हो रही मुठभेड़ों ने साबित कर दिया है कि पाकिस्तान अपनी ही जमीन पर फैल रहे आतंक के खिलाफ प्रभावी रणनीति बनाने में नाकाम है। 17 टीटीपी आतंकियों का मारा जाना इसी गहरी जड़ें जमा चुके आतंकी नेटवर्क का संकेत है। शेरी खैल और पक्का पहाड़ खैल में आतंकियों की सक्रिय मौजूदगी की पुष्टि के बाद सुरक्षा बलों ने अभियान चलाया।

लेकिन यह खुद इस बात का प्रमाण है कि पाकिस्तानी एजेंसियां पहले आतंकियों को बढ़ने देती हैं और बाद में कार्रवाई का दिखावा करती हैं। वर्षों से टीटीपी खुलकर पाकिस्तान में हथियारों और विस्फोटकों के साथ सक्रिय है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। आईजीपी जुल्फिकार हमीद के अनुसार पहले अभियान में 10 आतंकी मारे गए और एक फसिलिटेटर गिरफ्तार हुआ। लेकिन सवाल यह है कि इतने बड़े आतंकी नेटवर्क की जानकारी पाकिस्तान को पहले क्यों नहीं मिली। सात शव बरामद हुए जबकि तीन दुर्गम इलाके में रहे यह भी पाकिस्तान की कमजोरी है कि आतंकवादी पहाड़ी क्षेत्रों में पूरे सिस्टम को चुनौती दे रहे हैं और सरकार वर्षों से हालात काबू नहीं कर पा रही है। दूसरे पूरे आठ घंटे चले अभियान में सात और आतंकी मारे गए। पाकिस्तान दावा करता है कि सुरक्षा बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन असलियत यह है कि टीटीपी की बढ़ती शक्ति और लगातार जारी हमलों ने पूरे क्षेत्र में अस्थिरता फैला दी है। स्थानीय लोग भी अब पाकिस्तान सरकार की नाकामी से परेशान हैं और सुरक्षा एजेंसियों पर भरोसा खोते जा रहे हैं। मारे गए आतंकियों से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद हुए। यह पाकिस्तान की उस ढुलमुल नीति का नतीजा है जिसने दशकों तक आतंकी संगठनों को पनाह दी।

## ट्रम्प भाषण विवाद: शुमीत बनर्जी ने दिया बीबीसी के बोर्ड से इस्तीफा

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भाषण की गलत एडिटिंग का मामला ठंडा पड़ता नजर नहीं आ रहा है।

इस विवाद पर बीबीसी के महानिदेशक और समाचार प्रमुख के इस्तीफे के बाद अब भारतीय मूल के टेक सेक्टर के निवेशक शुमीत बनर्जी ने भी प्रशासन से जुड़े मुद्दों को लेकर बीबीसी के गैर-कार्यकारी बोर्ड सदस्य के अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

ट्रम्प के भाषण की गलत एडिटिंग के विवाद के बाद से ही बीबीसी में काफी उथल-पुथल मची हुई है। बीबीसीको दिए अपने इस्तीफे में शुमीत बनर्जी ने कहा कि महानिदेशक टिम डेवी और समाचार प्रमुख डेबोरा टर्नेस के जाने से पहले की घटनाओं के बारे में उनसे सलाह नहीं ली गई। वहीं, बीबीसी ने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि शुमीत बनर्जी ने बीबीसी बोर्ड को अपने इस्तीफे की सूचना दे दी है। बीबीसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक बनर्जी का बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक के तौर पर कार्यकाल दिसम्बर के आखिरी में खत्म होने वाला था। बीबीसी अब उनकी जगह पर नए निदेशक की तलाश में जुट गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने भाषण की गलत एडिटिंग के मामले में बीबीसी पर मुकदमा करने की धमकी दी थी। बीबीसी की ओर से इस मामले में पहले ही माफी मांग ली गई थी। हालांकि, बीबीसी ने मानहानि के आधार पर किसी भी प्रकार का हर्जाना देने से मना कर दिया था।

## ताइवान से संबधित बातें इलाके की सुरक्षा को अस्थिर करने वाली: रॉबर्ट बारविक

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियन सिटिजन्स पार्टी के नेशनल चेयरमैन रॉबर्ट बारविक ने कहा है कि जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की चीन के ताइवान पर गलतबयानी क्षेत्र को अस्थिर करने वाली हैं और पूरे इलाके की सुरक्षा को कमजोर करती हैं। बारविक ने हाल ही में शिन्हुआ को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद से इलाके की सुरक्षा जापान के शांतिवादी संविधान पर आधारित रही है, जिसे ताक. इची लंबे समय से कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं और प्रधानमंत्री रहते हुए भी उन्होंने ऐसा करने की कोशिश जारी रखी है।

# ट्रम्प ने ममदानी का किया व्हाइट हाउस में जोरदार स्वागत

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने न्यूयॉर्क शहर के भावी मेयर की चुनावी जीत की प्रशंसा की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में न्यूयॉर्क शहर के भावी मेयर जोहरान ममदानी का गर्मजोशी से स्वागत किया और ममदानी की चुनावी जीत की प्रशंसा की। ममदानी ने इस महीने की शुरुआत में न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में जीत हासिल की थी। ट्रम्प और ममदानी के बीच बैठक लगभग 30 मिनट तक चली और इससे दोनों नेताओं के बीच एक सहयोगात्मक संबंध की शुरुआत हुई, जो दोनों नेताओं के लिए एक अप्रत्याशित क्षण था।

इससे कुछ दिन पहले तक दोनों नेता एक-दूसरे पर हमला करने का कोई मौका नहीं छोड़ते थे। मीडिया में कई महीनों तक तीखे प्रहार और अपमानजनक बयानबाजी के बाद, नवनिर्वाचित मेयर और राष्ट्रपति ने अपने मतभेदों को भुलाकर ओवल ऑफिस पहुंचे। ट्रम्प, जिन्होंने मेयर चुनाव अभियान के दौरान बार-बार ममदानी को 'कम्युनिस्ट' कहकर उनका मजाक उड़ाया था। उन्होंने डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट को 'रैशनल' कहा और कहा कि जब वह ऑफिस संभालेंगे तो वह 'उनकी तारीफ करेंगे'। ओवल ऑफिस में ट्रम्प ने कहा कि वह दलगत मतभेदों को दरकिनार करके खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह जितना बेहतर करेंगे, मुझे उतनी ही खुशी होगी। ममदानी ने कहा कि यह एक उत्पादक बैठक थी, जो न्यूयॉर्क शहर के साझा प्रशंसा और प्रेम के स्थान तथा न्यूयॉर्कवासियों को किफायती सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता पर केंद्रित थी। ममदानी ने कहा कि उन्होंने शहर में इमिग्रेशन एनफोर्समेंट के बारे में भी बात की, एक ऐसा मुद्दा जिस पर उनकी फेडरल अधिकारियों से बहस हुई है और उन्होंने न्यूयॉर्क में आईसीइ अधिकारियों की मौजूदगी पर चिंता जताई है। जब उनसे ममदानी पर उनके पिछले हमलों के बारे में पूछा गया, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि मेयर-इलेक्ट ऑफिस में बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनके विचार थोड़े अलग हैं, लेकिन कौन जानता है? हम देखेंगे कि क्या काम करता है। वह भी बदलने वाले हैं। मैं बहुत बदल गया हूं। ममदानी ने कभी ट्रम्प को 'तानाशाह' कहा था। उन्होंने पुरानी बातों को भूलाकर कहा कि वह अपनी प्राथमिकताओं पर जोर देंगे।



■ ट्रम्प और ममदानी के बीच बैठक लगभग 30 मिनट तक चली

### अब ममदानी को जिहादी नहीं मानते ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और न्यूयॉर्क सिटी के नव-निर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की व्हाइट हाउस में पहली मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने बैठक के बाद मीडिया से भी बात की। मीडिया ने ममदानी से पूछा कि क्या वे अभी भी ट्रम्प को फासिस्ट (तानाशाह) मानते हैं। इस पर ट्रम्प ने कहा: कोई बात नहीं, हां कह दो। यह समझाने से आसान है। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता। रिपोर्टर ने पूछा कि ममदानी कार्बन उत्सर्जन पर सवाल उठाते रहे हैं, फिर वह वॉशिंगटन हवाई जहाज में क्यों आए? इस पर ट्रम्प ने कहा कि ममदानी बहुत मेहनत करते हैं और उनका यहां आना जरूरी था, इसमें कुछ गलत नहीं है। यह मोमेंट इसलिए खास था क्योंकि न्यूयॉर्क मेयर इलेक्शन के दौरान दोनों ने एक दूसरे को लेकर काफी तल्ख बयानबाजी की थी।

# ट्रम्प-पुतिन के अफसरों की सीक्रेट मीटिंग पर विवाद

## दावा: यहीं यूक्रेन जंग खत्म करने का प्लान बन, कई अमेरिकी अधिकारियों को भनक तक नहीं

**वॉशिंगटन।** यूक्रेन जंग खत्म करने को लेकर अमेरिकी और रूसी अधिका. रियों की सीक्रेट मीटिंग को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। रॉयटर्स के मुताबिक अक्टूबर में हुई इस मीटिंग की जानकारी अमेरिकी विदेश विभाग और नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के कई अधिकारियों को नहीं थी।

मीटिंग इतनी सीक्रेट थी कि सरकार की सामान्य प्रक्रिया को पूरी तरह दर्र. कनार कर दिया गया। कई अधिकारियों को न इसके बारे में जानकारी दी गई और न कोई आधिकारिक मंजूरी ली गई। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इसे लेकर सरकार के अंदर नाराजगी है। इसी मीटिंग में 28 प्लान वाला प्रपोजल बनाया गया था। फ्लोरिडा के मियामी में हुई इस बैठक में ट्रम्प प्रशासन के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, ट्रम्प के दामाद जारेड कुशनर और रूस के किरिल दिमित्रिएव शामिल हुए थे। दिमित्रिएव रूस के बड़े सॉवरेन फंड आरडीआईएफ के चीफ हैं। उन पर 2022 से अमेरिकी प्रतिबंध लगे हुए हैं। अमेरिका ने उन्हें आने के लिए छूट दी थी। दिमित्रिएव को पुतिन का करीबी माना जाता है। यूक्रेन जंग पर अमेरिका से बात. चीत में उनकी अहम भूमिका रही है। ट्रम्प प्रशासन ने बैठक के बाद एक 28 पॉइंट का प्लान तैयार किया है। इसके मुताबिक यूक्रेन को अपना लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा रूस को देना होगा। इसमें पूर्वी यूक्रेन का डोनबास का इलाका शामिल है। यूक्रेन मात्र 6 लाख जवानों वाली सेना ही रख सकेगा। नाटो में यूक्रेन की एंट्री नहीं होगी। नाटो सेनाएं यूक्रेन में नहीं रहेंगी। प्लान में कहा गया है कि रूस द्वारा शांति प्रस्तावों को मानने पर उस पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटा दिया जाएगा। साथ ही यूरोप में जब्त की गई लगभग 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति भी डीफीज होगी। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश यूक्रेन के साथ हैं। ट्रम्प ने कहा है कि मुझे भरोसा है कि यूक्रेन मेरे पीस प्लान को स्वीकार करेगा। ट्रम्प ने 27 नवम्बर तक जेलेंस्की को प्लान पर जवाब देने का अल्टीमेटम दिया हुआ है। इस बीच शुक्रवार देर रात को रूस ने अमेरिकी प्लान का समर्थन किया है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि ट्रम्प का ये प्लान यूक्रेन में स्थाई शांति का आधार बनेगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि हम अपनी जमीन और जमीर को खोने के कगार पर हैं। रूस के साथ युद्ध के चार साल के दौरान पहली बार यूक्रेन के सामने दोराहे के हालात हैं। हमने शर्तें मानी तो अपने देश का एक बड़ा हिस्सा खो देंगे।




■ मीटिंग इतनी सीक्रेट थी कि सरकार की सामान्य प्रक्रिया को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया

# ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोल्सोनारो गिरफ्तार

■ यह कार्रवाई ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर की गई

**साओ पाउलो।** ब्राजील की संघीय पुलिस ने पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई जब बोल्सोनारो कुछ ही दिनों में अपनी 27 साल की जेल सजा शुरू करने वाले थे।

उनकी सहयोगी अंद्रिएली सिरिनो ने बताया कि गिरफ्तारी सुबह करीब 6 बजे हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बोल्सोनारो को उनकी घर में नजरबंदी वाली जगह से हिरासत में लेकर राजधानी ब्रासीलिया स्थित संघीय पुलिस मुख्यालय लाया गया। यह कार्रवाई ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर की गई। बोल्सोनारो को तख्तापलट की साजिश रचने का दोषी ठहराया गया था। उन पर आरोप था कि 2022 के चुनाव में हार के बाद उन्होंने सरकार पलटने, लो. कतंत्र खत्म करने और हिंसा भड़काने की कोशिश की। अभियोजन पक्ष ने अदालत में यह भी कहा था कि साजिश में राष्ट्रपति लूला की हत्या की योजना और 2023 की शुरुआत में विद्रोह भड़काने की कोशिश भी शामिल थी। अदालत ने उन्हें सशस्त्र आपराधिक संगठन चलाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को हिंसा से समाप्त करने की को. शिश के अपराधों में दोषी पाया। अभी तक बोल्सोनारो घर में नजर. बंद थे, लेकिन ब्राजील के कानून के अनुसार सजा शुरू होने पर किसी भी दोषी को जेल में जाना जरूरी है। इसलिए शनिवार की गिरफ्तारी का मतलब यह नहीं है कि वे पुलिस मुख्यालय में ही अपनी सजा काटेंगे, उन्हें जेल में शिफ्ट किया जाएगा। बोल्सोनारो के बेटे, सीनेटर फ्लावियो बोल्सोनारो, पिछले दो दिनों से सोशल मीडिया पर लोगों से अपने पिता के समर्थन में सड़कों पर उतरने की अपील कर रहे हैं। कई समर्थक दावा कर रहे हैं कि बोल्सोनारो राजनीतिक साजिश का शिकार हैं। जुलाई में अमेरिकी सरकार की ओर से ब्राजील के कई निर्यातों पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगाया गया था, जिसमें बोल्सोनारो का नाम एक आदेश में आया था। हालांकि ट्रम्प ने शुक्रवार को इन अधिकांश बढ़े हुए शुल्कों को वापस ले लिया।




# डिस्कवरी ने धमाकेदार निठारी केस डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर किया

**मुंबई।** भयावह निठारी कांड को वॉर्नर ब्रदर्स, डिस्कवरी और त्रिनेत्र प्रोडक्शन्स एक नई इन्वेस्टिगेटिव डॉक्यू-सीरीज के जरिए फिर से सामने ला रहे हैं, जिसका शीर्षक है निठारी: ट्रुथ, लाइज एंड मर्डर। यह सीरीज उच्चतम न्यायालय द्वारा 2006 के सीरियल किलिंग के कथित आरोपियों में से एक सुरिदर कोली के खिलाफ आखिरी बची हुई सजा को पलटने के तुरंत बाद रिलीज हो रही है। यह तीन घंटे की डॉक्यू-सीरीज भारत के सबसे परेशान करने वाले आपराधिक मामलों में से एक पर एक दिलचस्प और गहराई से नजर डालती है। इसमें पहली बार कैमरे पर दूसरे कथित आरोपी मोनिदर सिंह पंढेर की पूरी कहानी भी दिखाई गई है, जिसमें वह घटनाओं का अपना वर्जन पेश करता है। यह सीरीज जांचकर्ता, पत्रकार, फोरेंसिक विशेषज्ञ और उन परिवारों के नजरिए से सामने आती है जो लगभग दो दशकों से बिना जवाब वाले सवालों के साथ जी रहे हैं। पहले कभी न देखे गए फुटेज, बिना एडिट की हुई पुलिस डायरी और कन्फेशन टेप तक पहुंच और पंढेर की पहली ऑन-स्क्रीन कहानी के साथ, यह डॉक्यूमेंट्री केस के बारे में लंबे समय से बनी हुई सोच को चुनौती देती है। घटनाओं को फिर से बनाकर और लंबे समय से नजरअंदाज की गई विवरण को फिर से दिखाकर, यह शो सिस्टम की उन कमियों पर रोशनी डालता है जिनकी वजह से ऐसी डरावनी घटनाएं छिपी रहीं। यह पावर, बेपरवाही और ऑफिशियल वर्जन के नीचे दबी सच्चाई की एक परेशान करने वाली कहानी को सामने लाता है। डायरेक्टर दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि उन्होंने कई साल ध्यान से रिसर्च करने, गोपनीय सामग्री की समीक्षा करने और इस दुखद घटना से सीधे तौर पर प्रभावित लोगों से बात करने में बिताए। उन्होंने कहा, हाल के डेवलपमेंट और उच्चतम न्यायालय के फैसलों ने कहानी को और भी जरूरी बना दिया है। यह सीरीज डरावनी घटनाओं को दोबारा बताने के बारे में नहीं है-यह संदर्भ, जवाबदेही और सच्चाई के बारे में है। सबूत, विशेषज्ञ की समझ और अपने अनुभव से, हमने तथ्य को अंदा. जों से अलग करने और निठारी केस को साफ और हमदर्दी के साथ फिर से जांचने की कोशिश की है। डिस्कवरी पर प्रीमियर हो रही यह सीरीज उन डरावने सवालों को फिर से उठाती है जो अभी भी बने हुए हैं: 2006 में नोएडा के शांत इलाके में असल में क्या हुआ था? क्या वे दो आदमी-जिन्हें कभी मौत की सजा हुई थी और अब दोनों आजाद हैं-असल में गुनहगार थे, या किसी गहरी साजिश में बलि का बकरा थे? वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी में फैक्टुअल एंटरटेनमेंट, लाइफस्टाइल और किड्स -साउथ एशिया के हेड साई अभिषेक ने कहा, निठारी केस अभी भी परेशान करने वाला, मुश्किल और बिना जवाब वाले सवालों से भरा है। उच्चतम न्यायालय का हाल का फैसला दिखाता है कि यह कहानी अभी भी कितनी प्रासंगिक है। जो बात इस प्रोजेक्ट को सबसे अलग बनाती है, वह है मोनिदर सिंह पंढेर जैसी आवाजों तक इसकी पहुंच, जिससे हमें नए सबूतों और नजरिए के जरिए भारत की सबसे उलझन भरी जांच में से एक को फिर से देखने का मौका मिलता है।

## भाभी जी घर पर हैं फन ऑन द रन छह फरवरी को होगी रिलीज



**मुंबई।** फिल्म भाबीजी घर पर हैं फन ऑन द रन छह फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पिछले कई सालों से जी एंटरटेनमेंट का शो भाबी जी घर पर हैं देश का सबसे पसंदीदा कॉमेडी शो बना हुआ है।

इसकी यादगार दुनिया में विभूति जी की अदाएं, तिवारी जी का ड्रामा, अंगूरी भाभी का मशहूर जुमला सहीं पकड़ें हैं, अनीता भाभी का आधुनिक सलीका और आत्मविश्वास, साथ ही हप्पू सिंह और सक्सेना जी की मस्ती आज भी हर उम्र के दर्शकों को खूब हंसाती है। यह उन चुनिंदा टीवी शोज में से है जो इतने लंबे समय तक चलने के बावजूद साल दर साल दर्शकों से अपना जुड़ाव मजबूत करते गया। अब पहली बार, भारतीय टेलीविजन के इतिहास में ऐसा हो रहा है कि एक ऐसा शो जो आज भी प्रसारित हो रहा है, वही अपने किरदारों के साथ सीधे बड़े पर्दे पर पहुंच रहा है। जी सिनेमा और जी स्टूडियोज लेकर आ रहे हैं भाबीजी घर पर हैं फन ऑन द रन, जो छह फरवरी 2026 को थिएटर्स में रिलीज होगी। फिल्म में इन प्यारे किरदारों को एक बड़े और मजेदार रोमांचक सफर में दिखाया जाएगा, जहां बेहिसाब हंसी होगी और दर्शकों को एक बिल्कुल नई दुनिया देखने को मिलेगी। इस कॉमेडी वर्ल्ड में अब जुड़ रहे हैं हिंदी बेल्ट के तीन जाने-माने कलाकार-रविकिशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ, जिनकी दमदार एनर्जी और बेपरवाह कॉमेडी इस फिल्म को और भी रंगीन और मजेदार बना देगी।

## सुम्बुल, श्रेनु पारिख और करुणा पांडे ने आने वाले शॉ की दिखाई झलक



**मुंबई।** सोनी सब पर 24 नवम्बर से शुरू होने वाले एकेन बाबू के हिंदी डब्ड वर्जन से पहले, लोकप्रिय टेलीविजन कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, करुणा पांडे, श्रेनु पारिख समेत कई अन्य कलाकारों ने फैन्स को एकेन बाबू की झलक दिखाई है। इस चर्चित बंगाली सीरीज के हिंदी टेलीविजन पर लॉन्च के अवसर पर, इन कलाकारों ने एक स्पेशल एकेन बाबू टूलकिट लॉन्च किया और दर्शकों को शो की क्वर्की डिटेक्टिव यूनिवर्स की मजेदार झलक दिखाई। अपने अनफिल्टर्ड, पर्सनल रिएक्शंस शेयर करते हुए, सुम्बुल, श्रेनु और करुणा ने दर्शकों को उस दुनिया में कदम रखने के लिए आमंत्रित किया, जहां एकेन कोई टिपिकल जीनियस नहीं, बल्कि प्यारा, अनोखा आम आदमी है ऐसा इंसान, जिसे आप चाय और झालमुड़ी के साथ केस सुलझाते या अपनी डायरी में कुछ लिखते हुए आसानी से देख सकते हैं। जैसे ही एकेन बाबू सोनी सब पर लॉन्च हो रहा है, फैन्स पहले से ही शो की वही गर्मजोशी, जिज्ञासा और दिलचस्प हटके अंदाज महसूस कर रहे हैं, जो इस सीरीज की पहचान है। गणेश कार्तिकेय में देवी पार्वती का किरदार निभाने और बेहतरीन अदाकारी के लिए अपनी खास पहचान रखने वाली श्रेनु पारिख ने एकेन बाबू के दिल में बसी सादगी और उतनी ही कुशाग्र बुद्धिमत्ता पर अपनी राय व्यक्त की। इत्ती सी खुशी में अपनी इमोशनल रेंज और सच्चाई भरे अभिनय के लिए सराही जाने वाली सुम्बुल तौकीर खान भी इस उत्सुकता में शामिल हो गई। उन्होंने बताया कि

कैसे एकेन बाबू एक टिपिकल जासूस की छवि को चुनौती देता है। जहां कई क्राइम ड्रामा गंभीरता से भरे होते हैं, वहीं वह एकेन की क्विर्की शख्सियत और उसके खाने के प्यार को खास तौर पर उजागर करती हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल में अपनी पहचान बना चुकी करुणा पांडे ने अपनी सिग्नेचर गर्मजोशी और रिलेटेबल अंदाज के साथ एकेन बाबू के आकर्षण पर रोशनी डाला। एकेन बाबू 24 नवम्बर से हर सोमवार से शनिवार, रात 10 बजे, सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होगा।






# सस्पेंस और एक्शन से भरपूर है शाहिद की देवा

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर की फिल्म देवा का प्रीमियर 22 नवम्बर को जी सिनेमा पर होगा। जी सिनेमा अपने दर्शकों के लिए एक जबर्दस्त एक्शन और सस्पेंस से भरी फिल्म देवा लेकर आ रहा है। शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिकाओं से सजी एक्शन मिस्ट्री थ्रिलर देवा का टेलीविजन प्रीमियर इस शनिवार, 22 नवम्बर रात नौ बजे होगा।

रोशन एंड्रयू के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी तेज रफ्तार कहानी, तीखे एक्शन और गहरी परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों को बांधे रखने का वादा करती है। शाहिद कपूर ने कहा, देवा कोई साधारण पुलिस वाला नहीं है। यह किरदार सख्त भी है और टूटता भी है। उसमें गुस्सा है, दर्द है, लेकिन न्याय करने का उसका अपना तरीका भी है। इस किरदार में गुस्से और संयम दोनों के बीच का संतुलन पकड़ना मेरे लिए जरूरी था। यह उन किरदारों में से एक है जो आपको भीतर तक खींच लेता है और निभा लेने के बाद भी लंबे समय तक आपके भीतर रह जाता है। देवा में दिया का किरदार निभाने वाली पूजा हेगडे ने कहा, दिया की सबसे बड़ी खूबी उसकी निर्भयता है। वह मजबूत है, साफ सोच रखती है और कभी किसी से डरकर नहीं बोलती। वह सिर्फ देव की दुनिया का हिस्सा नहीं है, बल्कि उसे चुनौती देती है। दिया मेरे लिए इसलिए भी खास है क्योंकि उसमें नर्मी भी है और आग भी। देव और दिया के बीच जो खिचाव है, टकराव है, और जो अनकही बातों का खेल है ।वह बहुत सच्चा और देखने लायक है। निर्देशक रोशन एंड्रयूज ने कहा, देवा के साथ मेरी कोशिश सिर्फ एक और एक्शन थ्रिलर बनाने की नहीं थी, बल्कि उससे कहीं आगे जाने की थी। शाहिद कपूर और इस बेहतरीन टीम के साथ काम करते हुए मुझे बेहतर मौका मिला।

## दो दीवाने शहर में का फर्स्ट लुक रिलीज

**मुंबई।** फिल्म दो दीवाने शहर में का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जी स्टूडियोज और भंसाली प्रोडक्शन्स की आने वाली रोमांटिक ड्रामा दो दीवाने सहर में का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार कर रहे हैं, जिसमें सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अहम भूमिका है। इस फिल्म की सबसे खास बात इसका अलग और खास संगीत है, जो एक प्यारी धुन है और नए समय की गर्माहट को पुरानी यादों के सुरों के साथ जोड़ता है।


## विधु विनोद की फिल्म 1942: ए लव स्टोरी की आईएफएफआई में स्क्रीनिंग

**पणजी।** बॉलीवुड फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म 1942: ए लव स्टोरी की विशेष स्क्रीनिंग 56वें इंडियन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आईएफएफआई में की गई। फिल्म 1942: ए लव स्टोरी की स्क्रीनिंग के अवसर पर दिवंगत आरडी बर्मन पंचम दा के संगीत को श्रद्धांजलि दी गई। 1942: ए लव स्टोरी देश की पहली फिल्म है, जिसे 8के वर्जन में रिस्टोर किया गया है। इस अवसर पर फिल्म 1942: ए लव स्टोरी के निर्माता-निर्देशक विधु विनोद चोपड़ा, अभिनेता जैकी श्रॉफ, और अनुपम खेर मौजूद थे। विधु विनोद चोपड़ा ने कहा, 'तीन दशक पहले मैंने जो फिल्म बनाई थी, उसके लिए लोगों को अब भी रोते हुए देखना यकीन नहीं होता। यह बहुत अच्छा एहसास है। उन्होंने कहा, लव, ईमानदारी, अच्छाई, देश भक्ति हमेशा के लिए होता है। जय हिद 40-50 साल पहले भी था और आज भी जय हिद ही रहेगा। जब आप प्यार में पड़ते हैं तो आप महसूस करते हैं कि प्यार हुआ चुपके से। यह फीलिंग तब भी होती थी और आज भी है।

# मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का किरदार निभाएंगी माधुरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री माधुरी दीक्षित जियोहॉटस्टार की सीरीज मिसेज देशपांडे में सीरियल किलर का किरदार निभाती नजर आएंगी। जियोहॉटस्टार ने अपनी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर सीरीज मिसेज देशपांडे की रिलीज डेट घोषित कर दी है, जिसमें माधुरी दीक्षित मिसेज देशपांडे की मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। इस सीरीज का शानदार टीजर दर्शकों को मिसेज देशपांडे की दुनिया की एक विचलित करने वाली झलक देता है, जहां माधुरी दीक्षित एक सादे, बिना मेकअप वाले लुक में बड़ी ही शांति के साथ सब्जियां काट रही हैं, जबकि रेडियो बुलेटिन एक सीरियल किलर के फरार होने की चर्चा कर रहा है। नागेश कुकूनूर द्वारा निर्देशित यह सीरीज धैर्य और सटीकता से टेंशन क्रिएट करती है। यह एक ऐसी कहानी रचती है जो समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक बनी रहती है। एप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा कुकूनूर मूवीज के सहयोग से निर्मित यह शो मूल फ्रेंच थ्रिलर ला मांटे से रूपांतरित किया गया है, जिसका निर्माण जीन नैनक्रिक ने किया था। इसमें सिद्धार्थ चंदेकर और प्रियांशु चैटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। माधुरी दीक्षित ने कहा, मिसेज देशपांडे मेरे द्वारा अब तक निभाए गए किसी भी किरदार से एकदम अलग है। यह एकदम रॉ और बिना फिल्टर का है और इसमें कोई ग्लैमर नहीं है जिसे दर्शक आमतौर पर मुझसे जोड़ते हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108